■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 328
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
3 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1660: स्वीडन, पोलैंड और ऑस्ट्रिया ने ओलिवा शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
1764: बंगाल के नवाब मीर कासिम को अंग्रेजों ने हराया।
1765: फिलाडेल्फिया में पहला अमेरिकी मेडिकल कॉलेज खुला।
1845: चीन के कैंटन में थियेटर में आग लगने से 1600 लोगों की मौत।
1913: पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र प्रदर्शित हुई।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
सत्यमेव जयते

राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत

अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना

का शुभारंभ

- माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के स्तर पर गठित झारखण्ड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को बीमा का लाभ।
- वार्षिक प्रीमियम की राशि ₹6000 प्रति निबंधित अधिवक्ता का भुगतान राज्य सरकार झारखण्ड अधिवक्ता कल्याण कोष निधि न्यासी समिति को करेगी, जिसके द्वारा राशि JSAS को हस्तांतरित किया जाएगा।
- **अधिवक्ताओं के आश्रितों को भी बीमा लाभ:** पति/पत्नी/पुत्र/वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष की आयु तक बशर्ते बेरोजगार हो), पुत्री (अविवाहित/विधवा/परित्यक्ता पुत्री) नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता (पेंशनर के मामले में प्रतिमाह ₹9000 और उस पर तत्समय अनुमान्य महंगाई राहत से कम पेंशन प्राप्त करने वाले)।
- दिव्यांग आश्रितों को आजीवन स्वास्थ्य बीमा।
- महिला अधिवक्ता के मामले में माता-पिता अथवा सास-ससुर में से कोई एक पक्ष।
- पति-पत्नी दोनों के राज्य सरकार के कर्मी होने की स्थिति में दोनों एक दूसरे को आश्रित की श्रेणी में नहीं दर्शा सकते हैं तथा उनके बच्चे दोनों में से किसी एक के ऊपर ही आश्रित माने जायेंगे।



PR-351545 (IPRD) 25-26

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक: 3 मई, 2025 | **समय:** पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान: हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

मजदूरों के बेहतर हालात के लिए हर संभव प्रयास करेगी कांग्रेस : राजेश राम

कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में असंगठित कामगार कांग्रेस ने मनाया मजदूर दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मजदूर दिवस पर असंगठित कामगार कांग्रेस के तत्वावधान में मजदूर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संवाद कार्यकम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, तीनों प्रभारी सचिव सुशील पासी, देवेंद्र यादव और शाहनवाज आलम ने शिरकत की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मजदूर साथियों से संवाद में कहा कि कांग्रेस ने आपके हक के लिए लड़ाई लड़ी और मनरेगा जैसा कानून लाया जिससे हर हाथ काम की गारंटी दी गई। वर्तमान सरकार ने इस कार्यक्रम को बंद करने की लाख कोशिश की, लेकिन हमारे



शीर्ष नेताओं ने लगातार मुखर होकर इसकी खिलाफत किया जिसका अंजाम रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे हटाने में नाकाम रहे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के मजदूरों के दर्द को पहचान कर उस पर आवश्यक कार्रवाई की और कानून लाकर उनके हित को सुरक्षित करने का काम किया। असंगठित क्षेत्र को पहचान कर उनके लिए पिछले लोकसभा चुनाव में आवश्यक बिंदुओं को अपने घोषणा पत्र में शामिल भी किया था। हमने हमेशा देश के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम किया है और आपके समर्थन से सरकार में आयेंगे तो बिहार में भी बेहतर काम करके दिखाएंगे। मजदूर वर्ग के आवश्यकताओं को कांग्रेस पार्टी बखूबी जानती है क्योंकि हमने मजदूरों के उत्थान के लिए लगातार काम किया है। आजादी के बाद मजदूर भाइयों का ही योगदान रहा कि हमारा देश आज इस स्थिति में पहुंचा है और आगे आपको और मजबूती देकर हम देश के विकास में आपकी प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिव देवेंद्र यादव ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों के पास प्रायः काम की कमी पाई जाती है और निश्चित कमाई नहीं होती है। इसलिए सबसे ज्यादा परिश्रम और आर्थिक संकट उनके ऊपर होता है, लेकिन कांग्रेस ने इनके बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित कर रखी हैं। कर्नाटक में आज राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा कर्नाटक सरकार द्वारा 12692 दैनिक सफाई कर्मचारियों को पक्की सरकारी नौकरी देने की चर्चा भी उन्होंने की और कहा कि कांग्रेस नेतृत्व आपके बेहतरी के लिए बेहद गंभीर है। प्रभारी सचिव सुशील पासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मजदूरों के लिए शुरू से लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई है और हम बारीकी से आपके बेहतरी के लिए काम करने को प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा कि देश में असंगठित क्षेत्र के कामगारों को संगठित करने का प्रयास कांग्रेस पार्टी ने की है और इस संगठन को हमारे नेता राहुल गांधी स्वयं के सोच से विकसित किए हैं इसलिए आपकी मजबूती संगठन के भीतर बेहद जरूरी है। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राज कुमार शर्मा एवं असंगठित कामगार के बिहार प्रभारी विवेक यादव ने किया।

मंच संचालन अति पिछड़ा विभाग के भाई कुंदन गुप्ता ने किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, अजय चौधरी, मंजीत आनंद साहू, विनय वर्मा, शकीलउर रहमान, कुंदन गुप्ता, विनोद चौधरी, अखिलेश्वर कुशवाहा, सूरज यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

लालू परिवार बिहार का सबसे बड़ा राजनीतिक सामंत : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि लालू परिवार बिहार का सबसे बड़ा राजनीतिक सामंत है। जातीय उन्माद पैदा कर अपना राजनीतिक स्वार्थ साधने वाले इस परिवार का सामाजिक न्याय केवल ढकोसला है। डॉ. सुमन ने कहा कि आरक्षण को अपने परिवार तक सीमित रखने वालों को चुनाव के समय दलित, महादलित और पिछड़ों की याद आती है। सामंतवादी सोच के ये लोग इतने सालों तक सत्ता की मलाई खाते रहे, वास्तविक पिछड़ों व वंचितों की हकमारी करते रहे। डॉ. सुमन ने कहा कि आरक्षण को अपने परिवार तक सीमित रखने वालों को चुनाव के समय दलित, महादलित और पिछड़ों की याद आती है। सामंतवादी सोच के ये लोग इतने सालों तक सत्ता की मलाई खाते रहे, वास्तविक पिछड़ों व वंचितों की हकमारी करते रहे। डॉ. सुमन ने कहा कि आरक्षण को अपने परिवार तक सीमित रखने वालों को चुनाव के समय दलित, महादलित और पिछड़ों की याद आती है। सामंतवादी सोच के ये लोग इतने सालों तक सत्ता की मलाई खाते रहे, वास्तविक पिछड़ों व वंचितों की हकमारी करते रहे। डॉ. सुमन ने कहा कि आज सत्ता से बाहर होते ही आरक्षण की खोखली बातें करने वाला लालू परिवार पार्टी और सरकार में कभी किसी दलित, पिछड़े को कोई सम्माननक पद नहीं दिया। जाति की सीढ़ी बना कर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक की रेवड़ी अपने परिवार के लिए हमेशा आरक्षित रखा। ऐसे लोगों से बिहार की जनता को सचेत रहने की जरूरत है।

पीएम मोदी के मास्टर स्ट्रोक के बाद जातिवादी पार्टियों में बौखलाहट : मंगल पांडेय

राजद-कांग्रेस में जाति जनगणना की घोषणा का श्रेय लेने की होड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि राजद-कांग्रेस में जाति गणना की घोषणा का श्रेय लेने की होड़ लगी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि 'जाति जनगणना' हमारा विजन है, वहीं राजद के तेजस्वी यादव का कहना है कि उनके पिता लालू यादव पिछले 30 सालों से जाति गणना की मांग करते रहे हैं। दरअसल इन दोनों का दावा हास्यास्पद है। पीएम नरेंद्र मोदी के मास्टर स्ट्रोक के बाद जातिवादी पार्टियों में बौखलाहट आम बात है। श्री पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि आजादी के बाद के छह दशकों से ज्यादा समय तक देश में किसका शासन था? 1951 और बाद के वर्षों में नेहरू , इंदिरा व राजीव गांधी को



जाति गणना कराने से किसने रोका? 2004 से 2014 तक किसकी सरकार थी? 2011 में हुई गणना की रिपोर्ट कांग्रेस की सरकार ने क्यों नहीं सार्वजनिक की? 2015 में कांग्रेस की कर्नाटक सरकार द्वारा कराई गई जातीय गणना की रिपोर्ट क्यों नहीं प्रकाशित की गई? यूपीए-1 और-2 की सरकार में लालू यादव किंग मेकर की भूमिका में थे। इसके पहले 90 के दशक में भी लालू यादव की दमदार राजनीतिक हैसियत थी, बावजूद उन्होंने जाति गणना कराने की कौन सी पहल की? श्री पाण्डेय ने कहा कि पिछले साल बिहार में हुए जातीय सर्वे को जहां तेजस्वी यादव अपनी उपलब्धियों में गिनाते नहीं थक रहे थे, वहीं, कुछ माह पहले बिहार आकर राहुल गांधी ने उसका उपहास उड़ा कर बिहारियों का अपमान किया था। दरअसल राजद-कांग्रेस की मंशा जाति गणना के जरिए समरस समाज का निर्माण, वंचित तबकों व पिछड़ी जातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना नहीं, बल्कि उनका केवल राजनीतिक इस्तेमाल करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मास्टरस्ट्रोक से देश की सारी जातिवादी पार्टियां मुद्दाविहीन हो।

पिछड़े, दलित वर्ग के लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी : तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। देश में जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले के बाद गर्मायी सियासत के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार और भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तेजस्वी यादव ने आरक्षण का मास्टरप्लान भी जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि आरएसएस और भाजपा के लोग इस पर भी पहले गाली देंगे और फिर हमारे ही एजेंडे को अपना मास्टरस्ट्रोक बताते हुए जरा भी संकोच नहीं करेंगे। इससे पहले उन्होंने जातीय जनगणना के केंद्र सरकार के एलान को समाजवादियों खासकर लालू प्रसाद यादव की जीत करार दिया था। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर तेजस्वी यादव ने लिखा है कि जातिगत जनगणना तो शुरुआत है, पिक्चर अभी बाकी है। इसी बहाने उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए आरक्षण का अपना मास्टर प्लान भी सार्वजनिक कर दिया है। तेजस्वी ने कहा है कि पिछड़ों/अति पिछड़ों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र बनाया जाएगा। पिछड़े, दलित और कमजोर वर्ग के लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि ठेकेदारी में कमजोर समाज के लोगों को आरक्षण दिया जाएगा। इसके साथ-साथ न्यायपालिका में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। मंडल कमीशन की शेष सिफारिशों को लागू किया जाएगा। जातीय जनगणना की रिपोर्ट के आधार पर आबादी के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था होगी। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाया जाएगा और राज्य को विशेष पैकेज दिलाया जाएगा। तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार के साथ भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा है कि उच्च मानसिकता के समता विरोधी संकीर्ण व नकारात्मक संघी, भाजपाई इस पर भी हमें गाली देंगे।

सीएम नीतीश का हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा

लैंडिंग के दौरान दो टीन शेड उड़ने लगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नालंदा/पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बच गए। मुख्यमंत्री राजगीर स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन करने पटना से नालंदा गये थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हेलिकॉप्टर के लैंडिंग के दौरान दो करकट उड़कर हेलिकॉप्टर के पास आ गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर के उतरने से बने तेज हवा के दबाव से दो टीन शेड अचानक हवा में उछल गए और कुछ दूरी तक उड़ते चले गए। गनीमत यह रही कि ये टीन शेड मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर से नहीं टकराए, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी और अधिकारियों की सांसें कुछ देर के लिए थम सी गईं। हालांकि इस घटना में कोई अनहोनी नहीं हुई और मुख्यमंत्री सुरक्षित रूप से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन किया और लोगों को संबोधित भी किया। वहीं इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। जानकारों का कहना है कि वीवीआईपी लैंडिंग जोन के आसपास इस तरह की हल्की संरचनाएं होना खतरनाक साबित हो सकता है। प्रशासन ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं और भविष्य में ऐसे हादसों से बचने के लिए आवश्यक एहतियात बरतने की बात कही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर में बिहार खेल विश्वविद्यालय और राज्य खेल अकादमी परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की तैयारियों की समीक्षा की और बिहार पुलिस अकादमी का निरीक्षण किया। उनके साथ कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बिहार के राजगीर, गया, पटना, भागलपुर और बेगूसराय जैसे जिलों में खेलो इंडिया के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रही हैं जो बिहार को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। राजगीर में बने बिहार खेल विश्वविद्यालय और राज्य खेल अकादमी परिसर 750 करोड़ रुपये की लागत से 90 एकड़ में फैला है। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल और हॉकी स्टेडियम, स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, तीरंदाजी, शूटिंग रेंज, और साइकिलिंग वेलोड्रोम जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं शामिल हैं।

तेजस्वी यादव की राजनीति समाजवाद की नहीं : ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी राजनीति समाजवाद की नहीं है। वे इसे जातिवाद के रास्ते परिवारवाद की रोटी सेकने का माध्यम है। यह पूरा देश जानता है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि लालू यादव और उनके परिवार को यह स्मरण कराना आवश्यक है कि जिस 'समाजवाद' की दुहाई वे वर्षों से देते आए हैं, वह दरअसल एक विशेष जाति तक सीमित, संकुचित और स्वार्थपूर्ण एजेंडे का दूसरा नाम रहा है। समाजवाद की आड़ में इन्होंने वर्षों तक एक जाति विशेष को साधा और शेष समाज को हाशिये पर डालकर अपने राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकीं। दरअसल, केंद्र की मोदी सरकार ने देश में जाति जनगणना कराने की घोषणा की है। केंद्र की इस घोषणा के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव ने इसे अपने दल और अपने पिता लालू यादव की बड़ी जीत करार दिया है। लालू यादव ने दावा किया है कि वे पिछले 3 दशक से जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। बिहार में भी उनके ही दबाव पर नीतीश कुमार ने जाति गणना कराया था। वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना तो शुरुआत है, पिक्चर अभी बाकी है। पिछड़ों/अति पिछड़ों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र, निजी क्षेत्र में आरक्षण, ठेकेदारी में आरक्षण, न्यायपालिका में आरक्षण, मंडल कमीशन की शेष सिफारिशों को लागू करेंगे।

श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री संतोष कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। श्रम संसाधन विभाग के अधीनस्थ बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय मई दिवस समारोह का समापन पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन संस्थान में हुआ। इस अवसर पर विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बोर्ड की 16 जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी देने वाले आईईसी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल प्रदेश भर में श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है। अपने संबोधन में मंत्री ने श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और दो दिवसीय पैनल चर्चाओं में आए विचारों को भविष्य की नीतियों में सम्मिलित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार



श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा, कल्याण और प्रशिक्षण को प्राथमिकता दे रही है ताकि वे भविष्य की अर्थव्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम की शुरुआत बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के सचिव सुनील कुमार यादव के स्वागत भाषण से हुई। इस दौरान मिचिको मियामोतो, निदेशक, डीडब्ल्यूटी (दक्षिण एशिया), सीओ-आईएलओ दीपक आनन्द, सचिव-सह-अध्यक्ष बीओसीडब्ल्यू बोर्ड ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए सरकार और समाज से समन्वयपूर्ण प्रयास की अपील की। समारोह में योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता राशि एवं पुरस्कारों का वितरण मंत्री संतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन श्रम आयुक्त राजेश भारती द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन से हुआ जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। इससे पहले 1 मई को आयोजित पैनल चर्चा में आगे बढ़ा रही भारत की नई पीढ़ी की अर्थव्यवस्था कार्यबल - गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिक विषय पर सार्थक विमर्श हुआ। इस चर्चा में दीपक कुमार सिंह (अपर मुख्य सचिव, राजस्व विभाग), डॉ. धन्या एमबी (वरिष्ठ फेलो, वी.वी.गिरी एनएलआई), करुण गोपीनाथ (आईएलओ) ने भाग लिया और गिग अर्थव्यवस्था की संभावनाओं व उसमें काम करने वाले श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा पर जोर दिया। समापन सत्र के दौरान अंतिम पैनल डिस्कशन में बिहार में श्रम बल के लचीले भविष्य का निर्माण विषय पर हुई चर्चा में पूर्व मंत्री संजय पासवान, अलख नारायण शर्मा (मानव विकास संस्थान), अमरकांत सिंह (सेवानिवृत्त संयुक्त श्रम आयुक्त) और प्रो. नील रतन (ए.एन. सिन्हा संस्थान) ने भाग लिया। वक्ताओं ने तकनीकी नवाचार, प्रशिक्षण, नीति निर्माण और सामाजिक सुरक्षा की भूमिका को रेखांकित किया।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स मैगा कैलिबर इन्टरप्राइजेज प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति शबीरूल होदा जो सिवान में मीटर रीडर (एम.आर.सी.) के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी सरवली खातून, पुत्र- मो. तहसीन एवं पुत्र मो. मोहसीन को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. शबीरूल होदा की मृत्यु कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 791 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग 24 हजार प्रतिमाह (23730/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 7 लाख रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।

कृष्णा अल्लावारू एवं अध्यक्ष राजेश राम ने दिया जिलाध्यक्षों को गुरुमंत्र

बिहार कांग्रेस की महत्वपूर्ण सांगठनिक समीक्षा बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज जिला अध्यक्षों, जिला पर्यवेक्षकों और जिला प्रभारियों की अति महत्वपूर्ण सांगठनिक समीक्षा बैठक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के निर्देशन में सम्पन्न हुई। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा जिले में संगठन को ताकतवर बनाने, हर घर कांग्रेस का झंडा कार्यक्रम सहित संविधान सुरक्षा अभियान सहित अन्य प्रमुख मुद्दों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में जिलाध्यक्ष का पद बेहद महत्वपूर्ण होता

है और उनके कार्यों की समीक्षा के लिए और प्रदेश कांग्रेस द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन में सहयोग के लिए और उचित क्रियान्वयन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाती है। सबके समन्वय से जिलों में कांग्रेस का कार्यक्रम आम लोगों सहित कांग्रेसजन में व्यापक प्रभावकारी रहे इसको सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने सभी उपस्थित नेताओं को उनको प्रदत्त शक्ति के साथ जिम्मेदारियों का एहसास रखने का निर्देशन भी दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सबकी एकीकृत प्रयास की आवश्यकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संगठन की मजबूती की बात दोहराई और कहा कि संगठन को जिलों में प्रखंड और पंचायत स्तर तक मजबूत बनाना जिलाध्यक्षों की जिम्मेदारी होती है।

मिस्टर, मिस और मिसेज बिहार फैशनइस्टा का पहला ऑडिशन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। ड्रीम प्रोडक्शन के द्वारा आयोजित मिस्टर, मिस व मिसेज बिहार फैशनइस्टा 2025 के लिए पहला ऑडिशन पटना स्थित कॉसमॉस स्टूडियो में संपन्न हुआ। ऑडिशन में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपने टैलेंट के जरिए जजेज को इंप्रेस किया। ऑडिशन में सभी प्रतिभागियों ने एक के बाद एक धमाकेदार परफॉर्मेंस दी। वहां मौजूद दर्शकों को भी इनका हुनर देखने को मिला शो में मुख्य जज के तौर पर जाने माने मॉडल, मिस्टर इंडिया रह चुके चक्रपाणि पाण्डेय, बॉलीवुड अभिनेत्री ममता सिंह और जी बिहार झारखंड के न्यूज रिपोर्टर आत्मजा सिंह आदि शामिल हुए।

नीतीश कुमार न पहले कभी साइडलाइन थे और न आगे होंगे : मनोज तिवारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भविष्य को लेकर लगायी जा रही अटकलों के बीच भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार न पहले कभी साइड लाइन थे, न आगे होंगे। भाजपा सांसद और भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी शुक्रवार को पटना पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से मुखातिब थे। उन्होंने इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, जातीय जनगणना सहित अन्य मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने एनडीए की एकजुटता और बिहार में विकास के दावों को मजबूती से सामने रखा, साथ ही राजद और कांग्रेस पर तंज कसते हुए लालू प्रसाद यादव के स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं हैं। चिराग पासवान के चुनाव लड़ने और मुख्यमंत्री का चेहरा होने के सवाल पर मनोज तिवारी ने कहा कि चिराग पासवान एनडीए के प्रमुख नेता हैं। निश्चित तौर पर उनका जो भी निर्णय होगा, उस पर विचार-विमर्श जरूर किया जाएगा। उनका जो निर्णय होगा, उसे लेकर हम बाद में सोचेंगे। वहीं भोजपुरी स्टार पवन सिंह के भाजपा में शामिल होने और चुनाव लड़ने की अटकलों पर उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि कुछ दिन इंतजार कीजिए। वहीं, जातीय जनगणना के केंद्र सरकार के फैसले पर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी द्वारा क्रेडिट लेने की कोशिश पर मनोज तिवारी ने तंज कसते हुए कहा कि पहले इन लोगों ने क्यों नहीं कराया? नरेंद्र मोदी लोगों की भावनाओं का कद्र करते हैं। जनता की मांग थी, इसलिए केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना का आदेश दे दिया। उन्होंने इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए मोदी सरकार की तारीफ की और कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम है।

नि:शुल्क गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजेन्द्र नगर रोड नं. सात स्थित मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नि:शुल्क गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष सह राधेश्याम बंसल ने बताया कि शिविर रविवार, 4 मई को प्रातः आयोजित किया जाएगा। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर के लिए मरीजों का निबंधन प्रातः 10 से 11 बजे तक होगा तथा मरीजों की जांच प्रातः 11 बजे से एक बजे तक किया जाएगा। एम पी जैन ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चारु मोदी एवं डॉ. निमिषा अग्रवाल अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। शिविर में महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की प्रारंभिक स्तर पर पहचान के लिए जरूरी परीक्षण नि:शुल्क किए जाएंगे।

जैन धर्मावलंबियों ने चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदननाथ का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान अभिनंदन नाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान अभिनंदननाथ के गर्भ एवं मोक्

कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर एवं अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक शांतिधारा किया गया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदननाथ के गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक के अवसर पर कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में शांतिधारा एवं मंगल आरती सोनू जैन एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। एम पी जैन ने बताया कि अभिनंदननाथ जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर हैं। इनका गर्भ कल्याणक और मोक्ष कल्याणक एक महत्वपूर्ण घटना है। गर्भ कल्याणक उस दिन को संदर्भित करता है जब भगवान अभिनंदन नाथ का गर्भ धारण हुआ था तैर मोक्ष कल्याणक उस दिन को संदर्भित करता है जब उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया था।

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के प्रावधान बिहार के 6 अन्य जिलों के सम्पूर्ण क्षेत्र में लागू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत का राजपत्र में प्रकाशित गजट अधिसूचना संख्या-सीजी-डीएल-इ के द्वारा केन्द्रीय सरकार ने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 1 की उपधारा (3) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के 6 अन्य जिलों यथा अररिया, सहरसा, औरंगाबाद, बांका, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज जिले के सभी क्षेत्रों में अधिनियम के उपबंध लागू कर दिए गए हैं। विदित हो कि बिहार में 38 में से कुल 33 जिलों के सम्पूर्ण क्षेत्रों में अवस्थित सभी संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों, वैसे सभी संस्थानों पर अब कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के प्रावधान लागू हो गए हैं जबकि शेष 5 जिलों में नगरपालिका सीमा के अंतर्गत आने वाले संस्थानों पर लागू रहेंगे। उक्त 6 जिलों में कार्यरत सभी संस्थानों को 1 मई 2025 के प्रभाव से अधिनियम के विभिन्न उपबंधों के अंतर्गत अनुपालन की सलाह दी जाती है।

■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 328
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
3 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1913: पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र प्रदर्शित।
1961: कमांडर ऐलन शेपर्ड अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमेरिकी यात्री बने।
1989: देश के पहले 50 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का हरियाणा में शुभारंभ।
1993: संयुक्त राष्ट्र ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की।
2008: टाटा स्टील को ब्रिटेन में कोयला खनन का लाइसेंस मिला।

अनुभव एक महान शिक्षक है, इसलिए गलतियों से डरो नहीं, उनसे सीख लो।

संक्षिप्त समाचार

एमबीबीएस कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)। जिले के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के ब्वॉयज हॉस्टल में शुक्रवार शाम फर्स्ट ईयर के छात्र सहजप्रीत सिंह(19) का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। मृतक छात्र पंजाब के गुरदासपुर जिला अंतर्गत रनिया का निवासी था। मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। दोपहर जब सहजप्रीत अपने कमरे से बाहर नहीं निकला, तो पास के छात्र और उसके एक रिश्तेदार ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर के बाद जब दरवाजा खोला गया तो छात्र का शव फंदे से लटका मिला।

नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया व राहुल गांधी को नोटिस जारी

नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)। दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

नक्सली गिरफ्तार

जमुई(नबिटा ब्यूरो)। जमुई-लखीसराय के बॉर्डर इलाके से पुलिस और एसटीएफ और जिले की डीआईयू टीम के सहयोग से वांछित नक्सली सिकंदर कोडा को पकड़ा गया है। वह लखीसराय के चानन इलाके के कछुआ गांव का रहने वाला है। वह 2016 से फरार चल रहा था। गिरफ्तार नक्सली को आवश्यक औपचारिकताओं के बाद बरहट थाना के हवाले कर दिया गया है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है। वर्षों से फरार चल रहे इस नक्सली की गिरफ्तारी पुलिस और सुरक्षाबलों के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। जमुई पुलिस अधीक्षक ने बताया पुलिस ने सिकंदर कोडा को पहली बार गिरफ्तार किया है।

झारखंड कैबिनेट की बैठक 7 को


रांची(नबिटा ब्यूरो)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 7 मई को कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी है। सीएम की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में शाम 4 बजे से कैबिनेट की बैठक होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। सीएम के विदेश यात्रा से लौटने के बाद यह पहली कैबिनेट की बैठक होगी। ऐसे में यह बैठक काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इधर राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मंईयां सम्मान योजना की अप्रैल माह की राशि भी अब तक लाभुकों को नहीं मिली है। इस पर भी कोई बड़ा अपडेट आ सकता है।

15,450 करोड़ से बनेगा बिहार का पहला ग्रीनफील्ड हाईस्पीड कॉरिडोर

पांच जिलों को जोड़ेगा 225 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस-वे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बिहार में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मोदी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट भारतमाला के तहत इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग ने प्रोजेक्ट बनाकर केंद्र को भेज दिया था। सूत्रों के मुताबिक अब सरकार ने नए 225 किलोमीटर लंबे नारायणी-गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण को मंजूरी देते हुए जमीन अधिग्रहण के लिए करीब 4000 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। यह हाईटेक मार्ग राज्य के 5 जिलों को कनेक्ट करेगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इस हाईटेक मार्ग का नाम नारायणी-गंगा एक्सप्रेस-वे है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तरी बिहार को दक्षिणी बिहार से सीधे जोड़ने का काम करेगा। यह एक्सप्रेस-वे बगहा से भोजपुर के बीच बनाया जाएगा। 225 किलोमीटर लंबे 6 लेन (संभावित) इस मार्ग को बनाने में करीब 4000 रोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। नारायणी-गंगा एक्सप्रेस-वे के तय रूट पर पड़ने वाली जमीन को खरीदने के लिए 3950 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। भूमि मालिकों, किसानों और कास्तकारों की जमीन का सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा भुगतान किया जाएगा जिससे जमीन मालिकों की आर्थिक स्थिति में



सुधार होगा। हालांकि, प्रोजेक्ट को बनाने के लिए 11500 करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य निर्धारित है। पूरी परियोजना को विकसित करने (भूमि अधिग्रहण और निर्माण) प्रक्रिया में कुल 15450 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस रूट पर 5 जिले पड़ रहे हैं, जिसके अंतर्गत सैकड़ों की संख्या में गांव पड़ रहे हैं, जहां जमीन अधिग्रहित की जाएगी। हालांकि, इस परियोजना से किन गावों को सीधा फायदा होगा, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं है। नारायणी-गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध किया गया है कि पहले इसकी व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जाए ताकि समय रहते विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाकर निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। यह प्रस्तावित मार्ग एक ग्रीनफील्ड हाईस्पीड कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा, जो पश्चिम चंपारण के बगहा से भोजपुर जिले के पातर तक जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे कुल पांच जिलों पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण और भोजपुर को सीधे जोड़ेगा। गंडक नदी पर एक नया पुल बनाने की भी योजना है। यह मार्ग पातर (आरा) में पटना-आरा-सासाराम हाईस्पीड कॉरिडोर से जुड़ जाएगा, जिससे बगहा से आरा, सासाराम, वाराणसी और कोलकाता की दिशा में यात्रा आसान और तेज हो सकेगी। इस परियोजना के माध्यम से इन जिलों के निवासियों को बेहतर सड़क कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे यात्रा में समय और ईंधन दोनों की बचत होगी।

बिहार ग्रामीण बैंक के गठन की प्रक्रिया पूरी आशुतोष कुमार झा बने पहले अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक और उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक का समावेशन 1 मई 2025 को पूरा हो गया। दोनों बैंक समावेशन के बाद बिहार ग्रामीण बैंक के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई। डीबीजीबी के अध्यक्ष आशुतोष कुमार झा को बिहार ग्रामीण बैंक के पहला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ग्रामीण बैंक का मुख्यालय पटना बनाया गया है। मौके पर न्यू बाइपास के आशोचक स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित समावेशन कार्यक्रम में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक विनय सिन्हा ने ग्रामीण बैंक के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक बैंकों में राज्य सरकार की हिस्सेदारी नहीं होती, लेकिन ग्रामीण बैंक में राज्य सरकार की हिस्सेदारी है। बिहार ग्रामीण बैंक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं सुगमता से पहुंचायी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि बिहार की आबादी का 25 प्रतिशत ग्रामीण बैंक का ग्राहक हैं। बैंक के समावेशन से बैंक को मजबूत करने में आसानी होगी। मौके पर बैंक के नए अध्यक्ष आशुतोष कुमार झा ने कहा कि बैंक के समावेशन से किसान, महिला, स्वयं सहायता ग्रुप, जीविका दीदियों के आर्थिक उन्नयन में मदद मिलेगी। ऋण और जमा का लक्ष्य बैंक तय समय-सीमा में पूरा कर सकेगी। कर्ज के पोर्टफोलियो को अधिक विकेंद्रीकृत किया जा सकेगा। इसके अलावा ग्राहकों को अधिक सेअधिक सुविधाएं प्रदान की जा सकेगी। कार्यक्रम में बैंक के नव निर्वाचित निदेशक प्रकाश मिश्रा, महाप्रबंधक संतोष सिन्हा, नागेन्द्र कुमार गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक सुयेश जायसवाल व विकास कुमार भगत सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

261 शिक्षकों का ऐच्छिक तबादला

पटना(नबिटा ब्यूरो)। राज्य में सरकारी विद्यालयों के 261 और शिक्षकों का अंतरजिला स्थानातंरण किया गया है। यह शिक्षकों का ऐच्छिक तबादला है। इन शिक्षकों के अंतरजिला स्थानातंरण का फैसला शिक्षा विभाग की कमेटी ने अपनी बैठक में लिया। बैठक के बाद संबंधित शिक्षकों के अंतरजिला स्थानातंरण आदेश प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। साथ ही अंतरजिला स्थानांतरित शिक्षकों की सूची भी जारी कर दी गई है। शिक्षा विभाग के मुताबिक अंतरजिला स्थानांतरित संबंधित शिक्षकों का विद्यालय आवंटन 5 से 10 मई के बीच होगा। इन शिक्षकों को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर दो शपथ पत्र देने होंगे। पहला यह कि उनके द्वारा दी गयी सूचना गलत पाए जाने पर उन पर कार्रवाई की जा सकेगी। दूसरा यह कि उन्हें आवंटित जिला स्वीकार है तथा प्राथमिकता के अनुरूप रिक्ति उपलब्ध नहीं होने पर निकटतम स्थान या विद्यालय में उन्हें पदस्थापन स्वीकार होगा।

रेल से करें चार धाम की यात्रा

चार धाम यात्रा के लिए चलाई जा रही भारत गौरव डीलक्स ट्रेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका देश की चार दिशाओं में अवस्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है। देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है। इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा रही है। भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोड़ने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा चुकी है। इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरुआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोड़ी तथा द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में



त्रयंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जाएगा। 17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गए हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नान घर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाए गए हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी में टिकट बुक कराई जा सकती है। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। इस ट्रेन का संचालन भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के माध्यम से किया जाएगा। टिकटों की बिक्री भी आईआरसीटीसी के वेबसाइट से ही की जाएगी। इसके लिए एक पैकेज रेट का निर्धारण किया गया है जिसमें जनीं टिकट के साथ-साथ तीन सितारा होटल में रहने, तीनों टाइम का भोजन, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवा शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए 150 सीटें उपलब्ध है जिसे पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बुक किया जाएगा। ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के वेबसाइट तथा उनके वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। भारतीय रेल के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि देश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ने के उद्देश्य से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन किया जाता है। इन ट्रेनों के संचालन से विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान का भ्रमण कर पाना आसान हुआ है।

डॉ. अशोक कुमार पंडा ने संभाला सेल के निदेशक (वित्त) का पदभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। डॉ. अशोक कुमार पंडा ने 30 अप्रैल, 2025 को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला है। डॉ. पंडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अपने करियर के दौरान डॉ. पंडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। अपने वित्तीय एवं तकनीकी ज्ञान और प्रोएक्टिव अप्रोच के लिए व्यापक रूप से जाने जानेवाले डॉ. पंडा को वित्तीय लेखांकन, लागत और बजट, बिजनेस प्लानिंग, राजकोष संचालन, टैक्सेशन और रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है। अपने कार्यकाल के दौरान, डॉ. पंडा ने सेल की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसमें डिलेवरेजिंग प्रयास, लागत अनुकूलन, रेल मूल्य निर्धारण रणनीति, अचल



संपत्ति बिक्री नीति, कर अनुकूलन, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए सेल इकाइयों में ई- इनवॉयसिंग कार्यान्वयन और डिजिटल इनवॉयसिंग शुरू करना प्रमुख रूप से शामिल हैं। अपनी कॉर्पोरेट जिम्मेदारियों के अलावा डॉ. पंडा ने सेल के कई संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में काम किया है जिससे कंपनी के वित्तीय प्रशासन को और मजबूती मिली है। वित्त क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के अलावा, उन्होंने खनन, संयंत्र संचालन, परियोजनाओं आदि के क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिसके लिए उन्हें लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए जवाहर पुरस्कार-2012 जैसे पुरस्कार मिले हैं। वे युवा प्रबंधकों के लिए चेयरमैन ट्रॉफी में उपविजेता भी रहे, जिसने उनके करियर के शुरुआती चरण में उनके नेतृत्व और समस्या समाधान कौशल को उजागर किया। डॉ. पंडा ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, व्यावसायिक बैठकों आदि के लिए व्यापक रूप से यात्रा की है। उन्होंने विदेशी और घरेलू संस्थानों से कई प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। सेल जिस तरह से इस्पात क्षेत्र में दक्षता और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम कर रहा है, डॉ. पंडा की वित्तीय प्रबंधन में रणनीतिक दृष्टि और नेतृत्व, लाभप्रदता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

19 अप्रैल 2007 से पहले नियुक्त शिक्षकों को दें वेतन व पेंशन सहित सभी सेवा लाभ : हाईकोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना हाईकोर्ट ने बिहार में शिक्षकों के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्य के मान्यता प्राप्त निजी डिग्री कॉलेजों में 19 अप्रैल 2007 से पहले नियुक्त शिक्षकों को वेतन और पेंशन सहित सभी सेवा लाभ दिए जाएं। कोर्ट ने कहा कि यह कार्य तीन महीने के भीतर पूरा किया जाए। एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस पार्थ सारथी की खंडपीठ ने सरकार की दो अपीलों को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 57-इ में 2015 में किए गए संशोधन का लाभ सभी योग्य शिक्षकों को मिलेगा, चाहे उनके कॉलेज 'डिफिसिट ग्रांट' में आते हों या 'परफॉर्मेंश ग्रांट' में। राज्य सरकार ने तर्क दिया था कि यह संशोधन केवल प्रदर्शन आधारित अनुदान प्राप्त कॉलेजों पर लागू होता है। कोर्ट ने इसे अनुचित बताते हुए कहा कि ऐसा भेदभाव शिक्षा नीति की मूल भावना के खिलाफ है। कोर्ट ने माना कि अधिकांश शिक्षक कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी की अनुशंसा पर नियुक्त हुए थे और वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। आयोग के विघटन के बाद चयन प्रक्रिया कॉलेज स्तर पर पूरी की गई थी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्त शिक्षकों को यूजीसी वेतनमान के अनुरूप पेंशन दिया जाए। यह फैसला कई शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण है। वह इसकी लड़ाई लड़ रहे थे, आखिरकार उनकी जीत हुई है।

अलग-अलग हादसे में दो लोगों की मौत

नवादा(नबिटा ब्यूरो)। नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। पहली घटना में ओडो और जफरा के बीच रेलवे क्रॉसिंग की है जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के गिरिडीह निवासी मो मुस्तकीम मियां के रूप में हुई है। बताया गया कि वो ट्रैक पार करने वो ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना मसौढा गांव के पास की है जहां सामान खरीदने जा रहीं महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान कामीदा खातून के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने दोनों घटनाओं की सूचना नारदीगंज थाना प्रभारी प्रभा कुमारी को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दोनों घटनास्थलों पर पहुंचीं और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों दुर्घटनाओं की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी प्रभा कुमारी ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार के हवाले सौंप आगे की जांच पुलिस के द्वारा की जा रही है।

इवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया 2 मई से शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया राज्य के सभी 38 जिलों में चरणबद्ध रूप से 30 जून 2025 तक होगी। एफएलसी प्रक्रिया का संचालन इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 13 विशेषज्ञ टीमों द्वारा किया जा रहा है, जिनमें कुल 189 इंजीनियरों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इन टीमों द्वारा पहले चरण में 13 जिलों- किशनगंज, सहरसा, पूर्णिया, बांका, दरभंगा, नालंदा, बेगूसराय, गया, पूर्वी चंपारण, सारण, सिवान, पटना और सीतामढ़ी में एफएलसी कार्य आरंभ किया गया है। एफएलसी की प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्राधिकृत प्रतिनिधियों को एफएलसी शेड्यूल की जानकारी दो दिन पूर्व ही प्रदान की जाएगी। केवल अधिकृत प्रतिनिधियों को ही एफएलसी स्थलों पर उपस्थित होकर निरीक्षण की अनुमति होगी। उनके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। एफएलसी स्थलों की सुरक्षा हेतु सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है। साथ ही, एफएलसी स्थल पर प्रवेश करने वाले सभी कार्यरत कर्मियों, इंजीनियरों तथा प्राधिकृत व्यक्तियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी और सीसीटीवी कैमरे की मदद से पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है। किसी भी गैर प्राधिकृत व्यक्ति को एफएलसी स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। एफएलसी स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है। प्रत्येक दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं एफएलसी स्थल का निरीक्षण करेंगे। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जहां से एफएलसी प्रक्रिया की वेबकास्टिंग के माध्यम से रियल टाइम निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

बिहार के खिलाड़ियों को सीएम नीतीश कुमार ने दिया खास तोहफा

राजगीर में किया एफएसएल का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के खेल इतिहास में आज एक स्वर्णिम दिन है। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शुक्रवार को राजगीर खेल अकादमी-सह-खेल विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का लोकार्पण किया। यह परियोजना बिहार के खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जो राज्य के युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। समारोह में इंडोर हॉल संख्या-2, बास्केटबॉल कोर्ट, हैंडबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट और हॉकी प्रैक्टिस टर्फ सहित कई अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। इससे प्रशिक्षण में काफी मदद मिलेगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक



रवीन्द्रन शंकरण ने बताया कि इन नई सुविधाओं से राज्य के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। अब उन्हें उच्चस्तरीय प्रशिक्षण के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे न केवल प्रशिक्षण की लागत कम होगी, बल्कि अधिक युवाओं को खेल की ओर आकर्षित किया जा सकेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने राजगीर पुलिस अकादमी में एफएसएल लैब का भी शुभारंभ किया है। अब नालंदा समेत आसपास के जिले के पुलिस को फोरेंसिक जांच के लिए पटना जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी बल्कि राजगीर पुलिस अकादमी में ही जांच की व्यवस्था की गई है। समारोह में राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री जयंत राज, मंत्री सुरेन्द्र मेहता, मंत्री डॉ. सुनील कुमार भी शामिल हुए। खेल विभाग के अधिकारी ने बताया कि राज्य भर में प्रतिभा खोज अभियान चलाया जाएगा, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों से भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को इस अकादमी में प्रशिक्षण का अवसर मिल सके। राजगीर में इस खेल परिसर के विकास से न केवल खेल के क्षेत्र में बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में सुधार होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

हत्याकांड के आरोपित दो अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। गोली मारकर हत्या करने के मामले में नवादा पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। नवादा एसपी अभिनव धीमान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रेस वार्ता में बताया कि नवादा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोन्टे कारलो शोरूम के पास एक किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंच आसपास के लोगों से पूछताछ की गई एवं एफएसएल टीम के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किया गया। वरीय पदाधिकारी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया। मृतक के परिजन के आवेदन के आधार पर नगर थाना कांड संख्या 427/25 28 अप्रैल 25 को दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। तकनीकी अनुसंधान एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर कांड में संलिप्त एक नामजद अभियुक्त को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर 29 अप्रैल 2025 को जेल भेजा दिया गया। शेष फरार अभियुक्त के विरुद्ध छापामारी लगातार की जा रही थी। इसी क्रम में आसूचना संकलन कर कांड में संलिप्त दो अभियुक्त को एक देसी कट्टा, एक चाकू एवं एक खोखा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना परिसर लाया गया एवं उससे सघन पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में यह बात सामने आयी कि पिछले वर्ष 3 अगस्त 24 को मृतक काजू एवं उसके अन्य साथियों द्वारा अभियुक्त रोहित कुमार के भाई को चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 887/24 दिनांक 03/08/24 दर्ज किया गया एवं न्यायालय द्वारा काजू कुमार को बाल सुधार गृह भी भेजा गया था। अभियुक्त सोनू कुमार एवं उसके अन्य साथियों द्वारा इसी द्वेष भावना में आकर इस घटना को अंजाम दिया गया। पूछताछ के उपरांत इन्हें न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त में रोहित कुमार पिता नवल यादव, चमड़ा गोदाम बुधौल, थाना नगर, जिला नवादा , सोनू कुमार पिता राजेंद्र प्रसाद, निंगारी, थाना नेमदारगंज , जिला नवादा शामिल है।

जनता दरबार में समस्याओं का त्वरित समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। शुक्रवार को समाहरणालय, स्थित सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 41 फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला पदाधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से अधिकांश मामलों का तत्काल निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्रमुख रूप से जमीन संबंधी विवाद, विद्युत आपूर्ति की समस्या, आपसी पारिवारिक विवाद एवं सफाईकर्मियों के मजदूरी भुगतान से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। कुछ प्रमुख मामलों में प्रखंड गोविंदपुर, पंचायत भवनपुर, ग्राम बढ़ई विगहा के संतोष कुमार द्वारा नल-जल योजना से संबंधित; थाना रोह, ग्राम बारा पांडेय के रामाधीन यादव द्वारा जमीन पर से अवैध कब्जा हटाने के संबंध में; थाना नारदीगंज, टोला नंदग्राम, ग्राम दललपुर की चिंता देवी द्वारा ग्रामीणों द्वारा बेघर किए जाने के संबंध में थाना रोह, पंचायत भट्टा, पोस्ट महरावां, ग्राम बारा पांडेय की सीमा कुमारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत; थाना हिसुआ, साकिन पकरिया के लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता द्वारा घर गिरा दिए जाने के संबंध में; प्रखंड सिरदला, पोस्ट रजौली, ग्राम पंचायत खनपुरा, ग्राम ढ़ाब के सत्येंद्र चौधरी द्वारा बिजली बिल माफ करने के संबंध में तथा प्रखंड नवादा सदर, पुरानी बाजार के सन्नी कुमार द्वारा मकान एवं दुकान पर अवैध कब्जे से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों से तत्काल वार्ता कर मौके पर ही समस्या का समाधान किया गया। अन्य आवेदनों को संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार का आयोजन मुख्यमंत्री सेवा एवं सुशासन अभियान के अंतर्गत संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

33 फरार अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 01 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 11 एवं अन्य गिरफ्तारी 22 कुल 33 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 277 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-02 है। वाहन जाँच के क्रम में कुल 845 वाहनों की जाँच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 32 हजार 500 रूपया वसूला गया है।

वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पकरीबरावां। गुरुवार को अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद ज्यूरी गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अमीरक यादव के 17 वर्षीय पुत्र शंकर कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक खेत से प्याज उखाड़ने के बाद उसे ट्रैक्टर पर लोड कर रहा था। इस दौरान हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई और अचानक बज्रपात हुआ। जिससे वह झुलस गई। उसे परिवार वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले गए, वहां से डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि शंकर घर का होनहार बेटा था और इंटर का छात्र था। उसकी मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही पकरीबरावां थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। इधर, ज्यूरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ. रविन्द्र यादव ने बताया कि उन्होंने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से बात कर मुआवजे की मांग की है।

पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने किया जदयू कार्यालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता एवं बिहार विधान परिषद के सदस्य सह पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने शुक्रवार को नवादा में जदयू कार्यालय का उद्घाटन किया । नवादा के कचहरी रोड स्थित महावीर मार्केट में जदयू के नए कार्यालय का उद्घाटन विधान परिषद नीरज कुमार ने करते हुए कहा कि पार्टी के नए कार्यालय से कार्यकर्ताओं के आवागमन और मजबूती प्रदान होगी। उन्होंने पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी के साथ-साथ संगठन के सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि पार्टी नेता के घर ही पार्टी का कार्यालय शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय हमेशा नियमित रूप से खुले, कार्यकर्ताओं का ख्याल रखा जाए, इसका अनुपालन सही-सही हो। पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के उपरांत जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने बुके देकर पूर्व मंत्री और मुख्य प्रवक्ता का स्वागत किया। इस मौके पर शशि कुमार शेष, जयशंकर चंद्रवंशी, प्रमिला प्रजापति, पूर्व मुखिया एवं प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नवल चौहान, जदयू के वरीय नेता दीपक कुमार मुन्ना, राजीव रंजन, संतोष कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरि कृपाल , नरेंद्र कुमार, जिला प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, रामप्रवेश कुमार के साथ-साथ संगठन से जुड़े दर्जनों लोग मौजूद थे। नई पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के लिए सभी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से या मुख्यालय से पहुंचने वाले कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पहुंचकर सुकून पा सकते हैं। पार्टी कार्यालय

जदयू जिलाध्यक्ष ने जाति गणना के फैसले का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जनता दल (यूनाइटेड) जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने जाति आधारित जनगणना कराने के फैसला को ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में जातिगत जनगणना कराने का फैसला लिया है जो स्वागत योग्य कदम है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद के साथ ही आभार प्रकट करते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2019 एवं 2020 में विधानसभा में सर्व समिति से जाति आधारित जनगणना कराने का निर्णय लिया था। उस समय भी बिहार में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार थी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी दलों के लोगों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर 2021 में होने वाली जनगणना में जाति आधारित जनगणना कराने पर विचार करने के लिए अनुरोध किया था । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ कठिनाइयों को बताते हुए जाति आधारित जनगणना कराने में असमर्थता जाहिर किया था और कहे थे कि राज्य सरकार अगर चाहती है तो राज्य सरकार अपने खर्चे पर जाति आधारित गणना कराने के लिए स्वतंत्र है। जून 2022 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार अपने संसाधन से जाति आधारित गणना कराने के साथ-साथ आर्थिक सर्वेक्षण कराई ।और जो भी गणना के माध्यम से विसंगतियां प्राप्त हुई उसको दूर करने के लिए मुख्यमंत्री योजना बनाकर उसे दूर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। 1990 में तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह मुख्यमंत्री से मिलना चाह रहे थे तो मुख्यमंत्री तत्कालीन राष्ट्रपति से मिलने के उपरांत जाति आधारित जनगणना कराने के लिए प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं वित्त मंत्री प्रोफ़ेसर मधु दंडवते से मिलकर जाति आधारित जनगणना कराने पर विचार रखे थे। मुख्यमंत्री पूरे देश में जाति आधारित गणना कराना चाहते थे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश का पहला राज्य बिहार है जहां सफलतापूर्वक जाति आधारित जनगणना के साथ ही आर्थिक सर्वेक्षण भी कराया गया और योजनाएं बनाकर गरीब वर्गों को मुख्य धारा में लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसलिए मुख्यमंत्री पूरे देश को जाति आधारित गणना कराने के लिए प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न्याय के साथ विकास का पक्षधर रहे हैं । सभी लोगों का समान रूप से देश के संसाधन पर अधिकार है । यह तभी संभव हो सकेगा जब जाति आधारित जनगणना करा कर सभी वर्ग धर्म के लोगों की स्थिति का पता चल सकेगा। मुख्यमंत्री के विचारों से सहमत होकर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय मंत्रिमंडल में फैसला लिया है जो क्रांतिकारी कदम है। आने वाले दिनों में सभी वर्गों के लिए योजनाएं बनाने में सहूलियत होगी और विकास से महरूम लोगों का भी विकास हो सकेगा। जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार मुख्यमंत्री नीतीश को बहुत-बहुत बधाई एवं आभार प्रकट करता हूं।

जातीय जनगणना के फैसले का श्रेय नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। आगामी जनगणना में जाति आधारित आंकड़ों को शामिल करने के केंद्र सरकार के फैसले को लेकर शुक्रवार को जिला अतिथि गृह में एनडीए घटक दलों के नेताओं ने संयुक्त प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं एमएलसी नीरज कुमार और रालोसपा प्रवक्ता सुभाष चंद्रवंशी ने कहा कि जातीय जनगणना को लेकर जो ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है, उसका श्रेय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। प्रवक्ताओं ने कहा कि यह फैसला सामाजिक न्याय की दिशा में मील का पत्थर है और इससे पूरे देश को लाभ होगा। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब जब केंद्र सरकार ने यह ऐतिहासिक पहल की है, तब वे जबरन श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उन्होंने कभी इस मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखाई। नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ने 1990 में ही जातीय जनगणना की मांग उठाई थी, जब वे केंद्र सरकार में कृषि राज्य मंत्री थे। 1994 में उन्होंने लोकसभा में साफ तौर पर कहा था कि बिना जातिगत आंकड़ों के सामाजिक न्याय अधूरा है। उन्होंने तब संविधान संशोधन की भी मांग की थी ताकि आरक्षण को जनसंख्या आधारित बनाया जा सके। प्रवक्ताओं ने कहा कि 1995-96 में यदि जातीय जनगणना का प्रस्ताव पास हुआ था, तो उसे लागू क्यों नहीं किया गया? जब 10 वर्षों तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और लालू यादव उनके समर्थन में थे, तब जातीय जनगणना पर कोई कदम क्यों नहीं उठाया गया? उन्होंने बताया कि 2021 में सभी दलों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से मिला, यह पहल भी बिहार से ही हुई। इसके बाद जून 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संसाधनों से जातिगत गणना का निर्णय लिया। उस वक्त बिहार में एनडीए की सरकार थी, और कांग्रेस या राजद की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब नीतीश कुमार ने इंडी गठबंधन की बैठक में जातीय जनगणना को राष्ट्रीय एजेंडे में शामिल करने का प्रस्ताव रखा, तब राहुल गांधी और ममता बनर्जी ने इंकार कर दिया और राजद मौन रहा। अब जब प्रधानमंत्री ने इस फैसले की घोषणा कर दी है, तब वे श्रेय लेने की होड़ में लगे हैं।

मौके पर भाजपा विधायक अरुणा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, लोजपा के मनोज सिंह, रालोमो के राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, हम पार्टी के अशोक मांझी, नंदकिशोर चौरसिया, जयशंकर चंद्रवंशी, शेष कुमार, दीपक मुन्ना, राजीव रंजन, संतोष सिन्हा समेत दर्जनों एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

कौआकोल। कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर सलैया चौरासी मोड़ के पास एक बाइक चालक के असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृत युवक की पहचान कादिरगंज थाना क्षेत्र के कादिरगंज निवासी गोरेलाल चौधरी के 21 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है। जबकि उसके साथ रहे उसी गांव के बिनोद चौधरी के पुत्र आशीष कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि मृतक राहुल अपने दोस्त आशीष के साथ रिश्तेदार के यहां सलैया गांव शादी समारोह में जा रहा था।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा संख्या: ईसी_टी_एफआरपी_ओटी-02_25-26, दिनांक: 25.04.2025। मुख्य कार्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन: 743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** खुली निविदा के जरिये 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए उपयुक्त बाहर की एजेंसी द्वारा आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या: आरडीएसओ/2008/ईएल/एसपीईसी/0058/(रिव 1) जनवरी 2014 के अनुसार एमईएमयू ड्राइविंग मोटर कोचों के लिए एफआरपी निर्मित क्रू हितकारी ड्राइवर्स केबिन के रेट्रो-फिटमेंट के विकास हेतु कार्य। मात्रा: 50 अदद। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 3,30,11,836 (जीएसटी सहित)। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 3,15,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **वेबसाइट जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होगा:** निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण 25.04.2025 से 19.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। **विज्ञापन की अवधि:** 25.04.2025 से 19.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि :** 05.05.2025 से 19.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 19.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 19.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।

(MISC-43/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/हावड़ा। ई-निविदा संख्या: 17_2025-26, दिनांक: 30.04.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/बर्द्धमान के अधीन एसएसई/पी.वे/बर्द्धमान (डब्ल्यू) के पी. वे रखरखाव कार्य (बर्द्धमान-बलगोना खंड किमी. 0/0-26/0)। **अनुमानित लागत:** ₹ 78,06,429.84। **बयाना राशि:** ₹ 1,56,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 23.05.2025 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-59/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

उद्भेदन: लूट के आभूषण के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनासराय में बुधवार सुबह एक स्वर्ण व्यवसायी से की गई लूट की घटना का पुलिस ने मात्र तीन घंटे में उद्भेदन कर लिया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लूटे गए सभी आभूषण को भी बरामद कर लिया है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक गश्त के दौरान कोनासराय पहुंचे। भीड़-भाड़ देखकर जब पूछताछ की गई। मौके पर मौजूद नीमगंज निवासी अंशु कुमार ने बताया कि उसका भाई नगर थाना क्षेत्र के पंडित गली मोहल्ला में आभूषण दुकान चलाता है। वह राजगीर से ग्राहक का ऑर्डर पूरा कर एक जोड़ी सोने का झूमका, एक जोड़ी टॉप्स और एक जोड़ी चांदी की पायल लेकर कोनासराय से घर लौट रहा था। तभी कुछ बदमाशों ने उसे घेर लिया, मारपीट की और गली में खींचकर ले जाने के बाद उसके पास से सारे आभूषण लूट लिए। आसपास के सीसीटीवी कैमरे और अन्य श्रोतों से कमरूद्दीनगंज निवासी नवनीत कुमार का पुत्र दीपू कुमार, सिटु कुमार और राहुल कुमार को गिरफ्तार कर किया गया। दो भाइयों को बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन से भागने के दौरान पकड़ा गया। तीनों के पास से एक जोड़ी लड़ी वाला सोने का टॉप्स, एक गोल सोने का टॉप्स और एक जोड़ी चांदी की पायल बरामद की गई है। आरोपित ने बताया कि सिटु कुमार का 13 वर्षीय छोटे भाई ने सारी जानकारी दी थी , जो पीड़ित का मित्र है।

रहस्यमयी तरीके से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। पावापुरी सहायक थाना क्षेत्र के साईडीह गांव में एक महदलित युवक की रहस्यमय स्थिति में मौत हो गई है। पुलिस को इस बात की खबर मिलने पर घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर लिया है और इस संबंध में पुरी जानकारी हासिल करने के साथ तफ्तीश में जुट गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साईंडीह निवासी श्री मांझी के 25 वर्षीय पुत्र शंकर मांझी की कल रात मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में मातम छाया है और लोग सकते में पड़े हैं। हालांकि मौत कैसे हुई अभी तक असमंजसय बना है। थानाध्यक्ष नारद मुनि का कहना है कि तबीयत बिगड़ने से उसकी मौत हुई है। इधर लोगों ने उसे बेसुध पड़ा देखा तो पावापुरी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकत्साक उसे मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस भी प्रथम दृष्टि के अनुसार उसकी मौत बीमारी का कारण मान रही है। लेकिन इसका खुलासा भी नहीं हुआ है कि युवक की बीमारी से मौत हुई या फिर हत्या या शराब सेवन से मौत हुई है।

घर में घुसकर चोरी करने की प्राथमिकी दर्ज, गिरफ्तार युवक को भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रजौली। थाना क्षेत्र के महसई मोहल्ला में बंद घर में दिन के उजाले में घुसकर चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस बलों ने एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। बीते दिन महसई मोहल्ला में संजय कुमार की पत्नी शांति कुसुम के बंद घर में घुसकर जगजीवन नगर निवासी सुरेन्द्र डोम के पुत्र सूरज डोम ने खूब उत्पात मचाया था। इस दौरान घर के अलमीरा और बक्सा में रखे सामानों को चुराकर भागने के फिराक में था किंतु पड़ोसियों की सजगता के कारण चोर को पकड़ कर डायल 112 की टीम के हवाले कर दिया गया था। डायल 112 की टीम चोर को हिरासत में लेकर थाना पहुंचा दी। वहीं घटना को लेकर मकान मालिक के द्वारा लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि घर में घुसकर चोरी करने वाले आरोपित जगजीवन नगर निवासी सूरज डोम के विरुद्ध थाना कांड संख्या 211/25 में प्राथमिकी दर्ज कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है साथ ही बताया कि इस घटना के कुछ माह पूर्व भी सूरज डोम को पुलिस ने चोरी के आरोप में जेल भेज चुकी थी।

75 कार्टूनों में 675 लीटर शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

झारखंड के चौपारण से करीगांव टोल प्लाजा पर पहुंचायी जानी थी शराब

रजौली। थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने गुरुवार की अहले सुबह लगभग चार बजे एक महिंद्रा पिकअप पर फूलों की झाड़ू के नीचे छुपाकर ले जा रहे 75 कार्टूनों में रहे 675 लीटर शराब को जब्त किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल एवं एसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। जांच के क्रम में महिंद्रा बोलेरो पिकअप संख्या बीआर01जीएफ0356 पर फूल वाले झाड़ू के नीचे छुपाकर ले जाया जा रहे विदेशी शराब के कुल 75 कार्टूनों में बंद 1680 बोतल बरामद किया गया। जब्त शराब में रॉयल कैसीनो व्हिस्की के 375 एमएल का 65 कार्टन और 750 एमएल का 10 कार्टन में रहे 375 एमएल वाले बोतलों की संख्या 1560 और 750 एमएल के 120 बोतल बरामद किया गया,जिसकी कुल मात्रा 675 लीटर पाया गया वहीं शराब के साथ गिरफ्तार चालक सह तस्कर की पहचान झारखंड के कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के गोमो गांव निवासी लखन यादव के 38 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान तस्कर ने यह खुलासा किया कि सिकंदर भाई के द्वारा मोबाइल से उसे फोन पर चौपारण बुलाकर शराब लदा पिकअप उपलब्ध कराया गया और रजौली के निकट करिगांव टोल प्लाजा तक पहुंचाने के लिए 3000 रुपए देने की बात पर रखा गया था, जिसके लिए एडवांस उसे 1500 रुपए नगद उपलब्ध कराया गया वहीं गिरफ्तार चालक के साथ सिकंदर भाई के द्वारा कई बार व्हाट्सएप कॉल के द्वारा संपर्क पाया गया।गिरफ्तार चालक और सिकंदर भाई तथा संदिग्ध अज्ञात वाहन स्वामी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार तस्कर से जरूरी पूछताछ एवं स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE ENGINEERING ADMISSION COUNSELLING (UGEAC)-2025 for Admission in B.E. / B. Tech. Course

Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2025/02 Dated 02.05.2025

Important Notice

Online Applications are invited from candidates who have appeard in Joint Entrance Examination [JEE (MAIN)]-2025 (Paper-I), conducted by the National Testing Agency (NTA) and got valid score. Such candidates may apply for appearing in the Under Graduate Engineering Admission Counselling (UGEAC)-2025 for admission to the first year B.E. / B. Tech. Courses in Govt. Engineering Colleges of Bihar, SGIDT, Patna , Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga (Under Lalit Narayan Mithila University, Darbhanga), Bihar.

Note : Advertisement regarding admission in B. Arch. course in G.E.C., Gaya will be published later on.

2. The online Registration and submission of Application Form will start from **05.05.2025** and close on **04.06.2025 (10.00 p.m.)**.

3. Detailed Programme/ eligibility criteria for counselling / admission/ Fee payment precedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGEAC-2025 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGEAC)-2025/01 dated 02.05.2025 which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 के आयोजन को लेकर डीएम ने किया प्रेस कांफ्रेंस

सात खेल प्रतियोगिताओं का किया जाएगा आयोजन : जिलाधिकारी







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 04 से 15 मई तक गया जिला के बिपार्ड एवं आइआइएम बोधगया में निर्धारित है। गया जिला में सात खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसमें बिपार्ड में तैराकी, खो-खो, थांगटा एवं गटका तथा आइआइएम बोधगया में मलखंम, कलारिपयट्टु, एवं योगासन खेल का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी डॉ त्यागरंजन एसएम ने प्रेस कांफ्रेंस कर उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि गया में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया की तैयारियां पूरी कर ली गई है। खिलाड़ियों का आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल का आयोजन होने से राज्य में खेल के प्रति बच्चों में रुचि बढ़ी है। बिहार सरकार के मेडल लाओ नौकरी पाओ की घोषणा से खेल के क्षेत्र में बिहार के युवक और युवतियों में काफी उत्साह है।

पूर्व प्रमुख के निधन पर मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। मघडा पंचायत के पूर्व प्रमुख वियावानी गांव निवासी मधुसूदन प्रसाद वर्मा का निधन गुरूवार के देर शाम हो गया। उनके निधन की खबर सुन शोक की लहर दौड पडा। उनके शव को आज प्रखंड कार्यालय लाया गया जहां उनको ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पीत किया। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि स्व वर्मा 1968 से 1979 तक मघड़ा पंचायत के मुखिया रहे फिर 1979 में बिहारशरीफ के प्रखंड प्रमुख निर्वाचित हुए तथा 2000 तक प्रमुख रहे इस प्रकार उन्होने लगभग 22 वर्षों से अधिक समय तक समाज सेवा में जुडे रहे उनके निधन से समाज को बहुत बडा छति हुआ है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नही है। इस मौके पर जदयू नेता त्रिनयन कुमार, मुख्य प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा नेता अर्जुन कुशवाहा व्यावाणी पंचायत के पूर्व मुखिया सत्येन्द्र कुमार बब्लू, युगल किशोर प्रसाद, संजय कुमार ज्योति के अलावे प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

जाति जनगणना का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत, पीएम मोदी के प्रति जताया आभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। जिला अतिथि गृह गया में राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा की कोर कमेटी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता पूर्वी भाजपा जिला महामंत्री पप्पू कुमार चंद्रवंशी ने किया। संचालन भाजपा नेता विनोद सिंह दांगी ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जदयू गया जिलाध्यक्ष द्वारका प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य जातीय जनगणना को लेकर था। वहीं सीरी सिंह एवं दांगी ने केंद्र सरकार द्वारा कराए जा रहे जाति जनगणना को लेकर सभी लोगों ने बधाई दी और कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार ने आज कैबिनेट में बड़ा फैसला लिया। जनगणना के साथ-साथ जातीय गणना कराई जाएगी। राहुल गांधी सहित कुछ विपक्षी नेता झूठ और ओछी राजनीति कर रहे थे। उनकी राजनीतिक दुकानदारी मोदी जी ने बंद कर दी, जो पार्टी 2011 में जातीय जनगणना कराकर उसका डेटा सार्वजनिक नहीं कराई। वहीं आज जातीय गणना के लिए छाती पीट रही थी। अब जातीय गणना का मुद्दा भी विपक्ष के हाथ से निकल गया। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। पाकिस्तान परस्त पार्टी और उनके नेता अब नया मुद्दा ढूंढे। उन्हें देश और समाज के लिए सकारात्मक, रचनात्मक सोच और सुझाव तो है नहीं सिर्फ देश में समाज में नफरत का वातावरण बना तुष्टि कारण की राजनीति करते आए हैं। देश के बहुसंख्यक हिन्दुओं को बांटना मुस्लिम तुष्टिकरण विपक्ष का धंधा रहा हैं। अब सभी संप्रदायों की जातियों की गणना होगी। मैं तो मानता हूं हमें भले कुछ लोग वोट न देते हो पर इसकी परवाह किए बगैर हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास पर चल रही है और सभी जनता का कल्याण कर रही है। हमारी केंद्र एवं राज्य सरकार देश हित में समाज हित में जो भी आवश्यक कदम होगा, आगे भी उठाएगी। मौके पर जयप्रकाश दांगी, प्रेम नारायण सिंह दांगी, विजय कुमार, महेंद्र शर्मा, दयानंद विश्वकर्मा, कमलेश कुमार, दिवाकर, गोपाल प्रसाद चंद्रवंशी, नरेश कुमार दांगी, राजकुमार दांगी, शंकर लहरी, धीरज कुमार लहरी, अभ्यास कुमार चंद्रवंशी, बब्बन चंद्रवंशी, जितेंद्र कुमार, दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया से 145 हजयात्री जेद्दा के लिए भरी उड़ान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया से आज हज यात्रा की शुरुआत हुई। हज यात्रा के पहले दिन 145 हज यात्रियों ने 11 बजे पूर्वाह्न अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा गया से जद्दा (मक्का) के लिए रवाना हुए। इस संबंध में जिलाधिकारी गया डॉ0 त्यागराजन एसएम ने बताया कि गया हवाई अड्डा से 470 हज यात्री को हज यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ है जिसमें हज यात्रा के पहले दिन 145 हज यात्रियों को लेकर फ्लाइट जेद्दा के लिए उड़ान भरी। शेष हज यात्री कल यानी 3 मई को रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि हज यात्रा को लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर आने वाले हज यात्रियों और उनके परिजनों के लिए समुचित व्यवस्था किया गया है।

कांग्रेस की ओर से गया में निकाला जाएगा संविधान बचाओ पैदल मार्च

प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। जिला कांग्रेस पार्टी की ओर से 3 मई को शहर में विशाल संविधान बचाओ पैदल मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दी। मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि संविधान बचाओ पैदल मार्च में बिहार प्रभारी कृष्ण अल्वारु, प्रभारी सचिव सह विधायक देवेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर राम, विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, राजेश राम, पूर्व मंत्री तारिक अनवर, वरीय कांग्रेसी नेता मोती शर्मा, चंदन, अजय सहित कई केंद्र व प्रदेश के नेता शामिल हो रहे हैं। सर्वप्रथम दोपहर 3:30 बजे राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद 4 बजे से पंचायती अखाड़ा रेलवे ब्रिज के पास से शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए आजाद पार्क संविधान बचाओ पैदल मार्च निकाला जाएगा। मार्च में गाजे बाजे के साथ विशाल तिरंगा झंडा, बैनर पोस्टर के साथ राष्ट्रीय गान गाते हुए हजारों की संख्या में कांग्रेसी नेता साथ चलेंगे। उन्होंने बताया कि जगह-जगह महापुरुषों के नाम पर तोरण द्वार बनाए गए हैं। प्रेस वार्ता में कार्यकारी अध्यक्ष शहाबुद्दीन रहमानी, युवा शक्ति ओंकार शर्मा, रंजीत कश्यप, संजय चंद्रवंशी उर्फ नंदू व अन्य शामिल थे।

गर्मी के दुष्प्रभाव से बचने हेतु डीडीयू मंडल में चल रहा स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अत्यधिक गर्मी एवं संभावित लू के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) में कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा हेतु एक समर्पित 'ग्रीष्मकालीन स्वास्थ्य प्रबंधन एवं जागरूकता अभियान' की शुरुआत की गई है।

यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा-निर्देश पर चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न कार्य स्थलों पर चरणबद्ध रूप से स्वास्थ्य शिविरों एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 अप्रैल 2025 को गार्ड एवं टीटीई रनिंग रूम, डीडीयू जंक्शन में एक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया था। इस पहले शिविर में कुल 78 कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई जिनमें से 12 कर्मचारी उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) से पीड़ित पाए गए। इनमें से 7 कर्मचारी ऐसे थे जिनमें पहली बार उच्च रक्तचाप की पहचान हुई। शिविर के दौरान कर्मचारियों को लू से बचाव हेतु आवश्यक सलाह दी गई और ओ.आर.एस. पैकेट का वितरण भी किया गया। आगे अन्य प्रमुख कार्य स्थलों पर भी ऐसे शिविर आयोजित करने की योजना है। यह संपूर्ण अभियान मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशानुसार चिकित्सा विभाग, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा संचालित किया जा रहा है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्मियों में कर्मचारियों को गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाना है।

24 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने दो दिनों के दौरान विभिन्न कांडों के 24 आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में अवैध खनन, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, लूट कांड, एससीएसटी एक्ट चोरी, वारंटी व शराब तस्कर शामिल है। 92 लीटर देशी व चार लीटर अंग्रेजी, दो बाइक, एक ट्रैक्टर, एक हाइवा, एक देशी कट्टा जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में पांच लाख 36 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

मजदूर दिवस पर कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन 'कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच' द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। इलाके के मेहनतकश मजदूर भाइयों को संगठन की ओर से सम्मानस्वरूप अंग वस्त्र भेंट किया गया जिस पर संस्था का नाम अंकित था। यह सम्मान न सिर्फ उनके परिश्रम के प्रति आभार का प्रतीक था, बल्कि समाज के प्रति उनके योगदान को पहचान देने का एक सशक्त प्रयास भी। कार्यक्रम के दौरान मजदूरों के स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने श्रमिकों का निःशुल्क परीक्षण किया। डॉक्टर आशीष कुमार व डॉ ज्योतिष कुमार स्वयं मौके पर उपस्थित होकर सेवाएं दिए, उपस्थित जनसमूह ने प्रसन्नता व्यक्त की। पिछले कुछ वर्षों में 'कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच' ने मेडिकल कैंप तथा मजदूर बंधुओं के बीच उपहार सामग्री वितरण जैसे कार्यों के माध्यम से समाज के वंचित तबकों के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस आयोजन में जिला प्रभारी डी.एन. सिंह, प्रवीण जी, रविकांत सिंह, रवि शेखर सिंह, राधेश्याम सिंह, सोनू कुशवाहा, प्रदीप कुमार, ददन सिंह, नरेंद्र कुमार मेहता, अमरावती देवी, रीना कुमारी, ललिता देवी एवं कैमूर से पधारे प्रदीप मुखिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं समाजसेवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को सफल बनाया।

पूर्व पैक्स अध्यक्ष सह समाजसेवी का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। बुधवार की रात्रि रौदा गांव निवासी बरोरह पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी रामानन्द प्रसाद उर्फ विधायक का निधन हो गया। इनके निधन से ग्राम पंचायत वासियों को अपूर्णीय क्षति हुई। गौरतलब है कि स्व.रामानन्द जी काफी मृदुभाषी एवं कर्मठ एवं न्याय प्रिय व्यक्तित्व के मालिक थे। बरोरह पंचायत में दस वर्षों तक इन्होंने पैक्स अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। इनके द्वारा गुरूआ विधान सभा से विधायक का भी चुनाव लड़ा गया जिसके वजह से विधायक जी के नाम से प्रचलित हो गये। जातिवाद से उपर उठकर इन्होंने पंचायत चुनावों एवं अन्य चुनावों में लोगों को मदद किया। पिछले कुछ सालों से घुटनों की समस्या से स्थावर हो चुके थे। इनके निधन से ग्रामवासियों एवं पंचायत वासियों में काफी गमगीन माहौल है। इनका दाह संस्कार पैतृक गांव रौदा में गुरुवार को किया गया जिसमें दर्जनों लोग उपस्थित रहे। उक्त तथ्य की जानकारी उनके पुत्र सुमंत कुमार ने दिया।

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस एवं शिक्षक स्व. जयेन्द्र सिंह की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस एवं शिक्षक स्वर्गीय जयेन्द्र सिंह की स्मृति में प्रखंड करगहर के अखियारपुर ग्राम में रात्रि 8 बजे से आयोजक शिक्षक रविरंजन सिंह की अध्यक्षता में एवं विजय यादव के संचालन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीएसपी करगहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उदय प्रताप सिंह, करगहर विधानसभा के पूर्व सीपीआई प्रत्याशी महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राजद नेता शिव शंकर सिंह कुशवाहा, राजद प्रखंड अध्यक्ष शकील अहमद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शिक्षक रवि रंजन सिंह द्वारा सैकड़ों मजदूरों एवं आगत अतिथियों को अंग वस्त्र पुष्पहार से सम्मानित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुनिया के मजदूरों एक हो के जोरदार नारों से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करगहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी महेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 1886 से पहले मजदूरों से 18 घंटा काम लिया जाता था सामंतो द्वारा शोषित पीड़ित मजदूरों का शोषण किया जाता था। अमेरिका के शिकागों शहर में लाखों मजदूरों ने दिन में आठ घंटा काम, आठ घंटा आराम, आठ घंटा मनोरंजन एवं अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष करने को लेकर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। मजदूरों के आंदोलन को कुचलने के लिए पूंजीवादी तानाशाही सरकार ने मजदूरों पर गोलियों की बौछार कर दी जिसमें हजारों मजदूर शहीद हो गए। मजदूरों के कपड़े खून से लथपथ हो गए। शहीद मजदूर के खून से लथपथ कपड़े को एक मजदूर ने डंडे में बांधकर ऊपर लहरा दिया उसी दिन से मजदूरों का झंडा लाल हो गया। 1 मई 1889 में पूरे विश्व में मजदूरों के सम्मान में छुट्टी निर्धारित की गई उसी दिन से अंतरास्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाने लगा। 1 मई 1923 को भारत के चेन्नई में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा मजदूर दिवस मनाया गया। मजदूर नहीं होते तो न हवामहल होता न ताजमहल होता सूई से लेकर रेल, हवाई जहाज बनाने का काम मजदूर हीं करते हैं। बड़े-बड़े बिल्डिंग मजदूर हीं बनाते हैं मजदूर अपना खून पसीना बहा कर धरती का सीना चीरकर अन्न उपजाने में सहयोग करते हैं तभी हमें भोजन नसीब होता है।

अवैध संबंध का खूनी अंजाम, पत्नी व साली ने रची खौफनाक साजिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। खुदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूली बिगहा गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के शकुराबाद थाना क्षेत्र के मीरगंज निवासी राम प्रसाद बिंद के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने इस मौत को आत्महत्या नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित हत्या बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राम प्रसाद की हत्या उसकी पत्नी, साली और गांव के ही एक ऑटो चालक, जो दोनों बहनों का प्रेमी ने मिलकर की है। परिजनों ने बताया कि पत्नी ने बहला फुसलाकर ससुराल रसूली बिगहा गांव बुलाया गया था जहां उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई लुधियाना की एक निजी फैक्ट्री में काम करता था और वह लगभग दस दिन पहले ही छुट्टी पर अपने गांव आया था। इसी दौरान उसकी पत्नी ने मायके आने की जिद और राम प्रसाद वहां चला गया। वहां जब अपनी पत्नी और साली के अवैध संबंध की जानकारी हुई, तो उसने इसका विरोध किया जिससे नाराज होकर तीनों ने साजिश के तहत उसकी जान ले ली। हालांकि, गांव में चर्चा है कि युवक ने खुद फांसी लगाई थी। मृतक की पत्नी द्वारा सूचना देने के बाद उसका शव उसके परिजन अपने साथ ले गए। खुदागंज थानाध्यक्ष जेपी नारायण ने बताया कि मृतक के परिजनों ने जहानाबाद जिले के शकुराबाद थाना में आवेदन देकर हत्या की आशंका जताई है।

शपथ पत्र

मैं आकाश कुमार उर्फ प्रदीप कुमार उम्र करीब 29 वर्ष पिता-ब्रजमोहन प्रसाद निवासी ग्राम+पो+थाना-तिलौथू, जिला-रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे निर्गत आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड में मेरा नाम आकाश कुमार पिता ब्रजमोहन प्रसाद दर्ज है जिसका आधार संख्या- 2427 7951 4042 है। मेरे स्कूल एडमिट कार्ड एवं एल.आई.सी. के पॉलिसी नं. 517744015 में मेरा नाम प्रदीप कुमार दर्ज हो गया है।

प्रदीप कुमार एवं आकाश कुमार दोनों नाम मेरा ही है और इन्हीं दोनों नामों से मैं जाना व पहचाना जाता हूं। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि लिखी गयी सारी बातें सही एवं सत्य है।

शपथ पत्र संख्या-8920 दिनांक 02.05.2025 है।

शपथकर्ता
आकाश कुमार

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 01.05.2025। वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700 014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्र. सं.:** 1। **निविदा संख्या: टीएन-08-25-26। कार्य का नाम:** सियालदह मंडल: सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/कार्य/बहरमपुर कोर्ट के अधीन मुर्शिदाबाद स्टेशन पर 01 अदद लिफ्ट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 33,78,446.71। **जमा बयाना राशि:** ₹ 67,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 (छः) महीना। **क्र. सं.:** 2। **निविदा संख्या: टीएन-09-25-26। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/रानाघाट के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/कार्य/रानाघाट के अधीन सियालदह मंडल में कालीनारायणपुर-शांतिपुर खंड में पुल संख्या 13 पर आरसीसी जैकेटिंग द्वारा सबस्ट्रक्चर का मज़बूतीकरण सहित सभी अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,02,09,264.35। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,01,100। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। **क्र. सं.:** 3। **निविदा संख्या: टीएन-20-25-26। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता, रानाघाट के अधीन सेस मरम्मत कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹1,52,87,052.59। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,26,400। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 08 (आठ) महीना। **क्र. सं.:** 4। **निविदा संख्या: टीएन-21-25-26। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता, बहरमपुर कोर्ट के अधीन सेस मरम्मत कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,91,22,589.46। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,95,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 10 (दस) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (क्र. सं. 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा के लिए बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 26.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे (क्र. सं. 1 से 4 प्रत्येक के लिए)।

(SDAH-38/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

एनडीए नेताओं ने किया जनगणना के साथ जाति गणना करने के निर्णय का स्वागत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अरवल। जिले में एनडीए के नेताओं द्वारा आज अतिथि गृह में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर केंद्र सरकार द्वारा जनगणना के साथ जाति गणना करने के निर्णय का स्वागत किया गया और बताया गया कि इस जातिगत गनना के माध्यम से विकास के मुख्य धारा से छूटे हुए जाति के लोगों को विकास के मुख्य धारा में लाने में मदद मिलेगी। नेताओं ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि उसने कभी सच्चे मन से पिछड़े और वंचित जातियों की कल्याण के लिए कार्य नहीं किया और केवल राजनीतिक तुष्टीकरण के लिए इस तरह के मांग कर लोगों को भ्रमित करने का कार्य किया है। प्रेस सम्मेलन में भाजपा, जदयू, लोजपा साहित एनडीए के समर्थक दालों के नेता ने अपने विचार रखे।

आग लगने से पांच बीघा पुआल राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। थाना क्षेत्र के कराई गांव में गुरुवार की रात दस बजे आग लगने से पांच बीघा जमीन का पुआल जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जल गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि किसी अन्य कारण से आग लगी होगी।

ग्रामीणों ने प्रेमी युगल की मंदिर में रचाई दहेज मुक्त शादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। प्रखंड क्षेत्र के बेलाव पंचायत के करौंदा गांव में प्रेमी युगल को ग्रामीणों व स्थानीय सरपंच की मौजूदगी में गुरुवार की संध्या स्थानीय काली मंदिर के प्रांगण में शादी रचाई। जानकारी अनुसार स्थानीय गांव के स्वर्गीय जगन राम की पुत्री गुड़िया कुमारी का अमाव गांव के श्रीनिवास राम के पुत्र निरंजन कुमार से लगभग डेढ़ वर्ष पहले से शादी तय था। प्रेम प्रसंग चल रहा था। 23 मई 2025 को शादी होने वाला था लड़के के पिता द्वारा शादी में बाइक की मांग की गई जहां लड़की पक्ष द्वारा बाइक देने से इनकार किया गया। वहीं लड़के के पिता द्वारा शादी करने से इनकार किया जब इस बात की जानकारी लड़के को हुआ तो वह लड़की के गांव आकर लड़की को ले जाने की जिद करने लगा। जब इस बात की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को हुआ तो गांव में भीड़ इकट्ठा हो गया। ग्रामीणों द्वारा लड़के के पिता को बुलाया गया जहां मां काली मन्दिर में हिंदू रीति रिवाज के साथ ग्रामीणों और लड़की के परिजनों की मौजूदगी में दोनों की शादी कराई गई। गांव की महिलाओं ने मंगल गीत गाई। पूरे गांव में उत्सव का माहौल बन गया। देर रात मंदिर में लोगों की भीड़ जुटी रही यह शादी पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना रहा।

सड़क के बिना आने-जाने में हो रही समस्या, निदान की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच। प्रखंड के कोराप पंचायत अंतर्गत फतेहपुर सहित अन्य दर्जनों गांव के लोगों को सड़क के बिना आने जाने में समस्या हो रही है जिसका निदान करने की मांग की गयी है। बता दें कि प्रखंड कार्यालय से करीब बीस किलोमीटर दक्षिण एवं इस्माईलपुर रेलवे स्टेशन से महज 8 किलोमीटर उत्तर पश्चिम दिशा में स्थित फतेहपुर गांव है जहां से दर्जनों गांव के ग्रामीण सड़क अभाव का दंश झेल रहे हैं। भीखनपुर, कोराप, फतेहपुर, छतीहर, छतीहर जमालपुर, परिहास, खटनही, नरसिंहपुर, अदोपुर, अचूकी, शीतलगढ़ आदि गांव के ग्रामीण रोड न रहने से खफा हैं और सड़क निर्माण कराने का गुहार लगाई है।

उन्हें इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन और रफीगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से सफर करने और बाजार करने के लिए फतेहपुर गांव होते हुए जाना होता है। क्यूंकि उधर से दूरी कम है। फतेहपुर गांव के ग्रामीण मृत्युंजय कुमार, अनिल कुमार सहित उत्तर कोयल नगर किसान संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा कहते हैं कि इस्माइलपुर और रफीगंज जाने के लिए महज 4 किलोमीटर की सड़क आज भी जर्जर हालत में मुंह बाए विराजमान है।

पूर्व रेलवे

निविदा संख्या: एसडीएसटीई-एमएन-फ्री-अर्थ-25-26, दिनांक: 01.05.2025। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल में आरडीएसओ योजना के अनुसार सभी एसएसडीएसी/एचएएसएसडीएसी स्थापना पर मेंटेनेंस फ्री अर्थ का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 8,84,46,111। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 5,92,200। निविदा दस्तावेज की कीमत : ₹ 0। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 12.05.2025। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 01.05.2025 को अपराह्न 5.06 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **पूरा करने की अवधि:** 9 महीना। वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा प्रपत्र डाउनलोड किये जा सकते हैं: **www.ireps.gov.in**। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।

(HWH-62/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

देशभर में हर साल बढ़ रही है पेंडिंग केसों की संख्या

देश में मुकदमेबाजी और लंबित मामलों की संख्या बीते सालों में तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार की एक रपट में जारी आंकड़ों से इसका खुलासा हुआ है। सरकार ने लटके मामलों को निपटाने के लिए लोक अदालतों की मदद ली है और इन अदालतों में कुल 24,45,82,383 विवादित मामलों का निपटारा किया गया है। आंकड़े बताते हैं कि चार वर्षों में, साल दर साल सरकारी तंत्र के पास मामलों की संख्या बढ़ी है। निपटाए गए मामलों में 4,83,08,835 लंबित मामले और 19,62,73,548 मुकदमेबाजी के पूर्व मामले शामिल हैं। भविष्य में ऐसे मामलों में कमी लाई जा सके, इसके लिए न्यायालयों के आधुनिकीकरण की दिशा में काम किया जा रहा है।

मंत्रालय की रपट के मुताबिक, वर्ष 2021 में मुकदमेबाजी के पूर्व मामले 72,06,294 और लंबित मामलों की संख्या 55,81,743 थी। इसी प्रकार वर्ष 2022 में मुकदमेबाजी के पूर्व मामलों की संख्या 3,10,15,215 और लंबित मामलों की संख्या 1,09,10,795 रही। वर्ष 2023 में मुकदमेबाजी के पूर्व मामलों की संख्या 7,10,32,980 और लंबित मामलों की संख्या 1,43,09,237 रही, जबकि 2024 में मुकदमेबाजी के पूर्व मामलों की संख्या 8,70,19,059 और लंबित मामलों की संख्या 1,75,07,060 रही।

इन मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालतों में रखा गया था और इनका निपटारा अदालतों द्वारा किया गया है। रपट के मुताबिक, जघन्य अपराधों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों आदि से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए केंद्र सरकार ने त्वरित निपटान न्यायालयों की स्थापना की है और ऐसी 857 अदालतें कार्यरत हैं। निर्वाचित सांसदों व विधायकों से संबंधित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए नौ राज्यों में दस विशेष अदालतें संचालित की जा रही हैं। देशभर में 404 अन्य पाक्सो न्यायालयों सहित कुल 745 त्वरित निपटान विशेष अदालतों ने 3,13,000 मामलों का निपटारा किया है।

केंद्र सरकार के टेली-ला कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों और वंचितों को कानूनी सलाह देने की सुविधा दी जा रही है। इस केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक, यहां महिलाओं की तुलना में पुरुषों ने अधिक मदद ली है। विभिन्न श्रेणियों में इस कार्यक्रम के तहत 11,005,420 लोगों ने पंजीकरण कराया था और 1,08,69,661 लोगों को सलाह दी गई है। सलाह लेने वालों में 60.47 प्रतिशत पुरुष और 39.53 प्रतिशत महिलाएं शामिल थीं।

देश में कुल 28 आभासी न्यायालयों का संचालन किया जा रहा है। इन न्यायालयों ने 6.95 करोड़ से अधिक मामलों को संभाला है और 28 फरवरी 2025 तक 736.11 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। अब केंद्र सरकार न्यायालयों को और अत्याधुनिक बनाने के लिए ई-न्यायालय की तीसरे चरण की योजना लागू कर रही है। इस योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी जा चुकी है और इस पर 7210 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस चरण में डिजिटल, ऑनलाइन और कागज-रहित न्यायालयों को तैयार किया जाएगा।

पहले और दूसरे चरण में जिला और अधीनस्थ न्यायालयों की प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कार्य किया गया था। इसके तहत वर्ष 2023 तक 18,735 जिला और अधीनस्थ न्यायालयों को कंप्यूटरीकृत किया गया है। दूसरी ओर, मामलों की संख्या में कमी लाने के लिए कुटुंब न्यायालयों की भी मदद ली जा रही है और देश के सभी केंद्र शासित प्रदेशों व राज्यों में 914 अदालतें संचालित की जा रही हैं।

बिहार के खेल 'वैभव' से दुनिया हो रही परिचित

देश में आईपीएल का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। हो भी क्यों ना....खेलों को लेकर भारतीयों में जबरदस्त क्रेज जो दिखता है। हाल ही में आईपीएल मैचों में कुछ ऐसा हुआ जिसकी उम्मीद क्रिकेट के दिग्गजों तक ने भी नहीं की थी। बिहार के 14 वर्षीय लाल 'वैभव सूर्यवंशी' ने सबसे तेज शतक जड़ा। दिग्गज क्रिकेटर भी वैभव में भारत का भविष्य देख रहे हैं, वहीं अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'थैंक्स' लिखा। इस थैंक्स के नितांत गंभीर मायने हैं। वैभव के पिता भी बार बार बिहार क्रिकेट संघ का बखान करते नहीं थक रहे, जिसने बहुत कम उम्र में वैभव को बिहार से खेलने का मौका दिया।

संजीव कुमार मिश्र



वैभव की सफलता की कहानी दरअसल 'नव बिहार' के विहान की भी कहानी है। कभी जंगलराज, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, दंगों के लिए बदनाम रहने वाला बिहार आज ना केवल खेलों में परचम लहरा रहा है बल्कि अपनी आर्थिक तरक्की से चर्चा के केंद्रबिंदू में बना हुआ है। बिहार आज देश के सबसे तेजी से विकास कर रहे राज्यों में दूसरे स्थान पर है। राज्य की अर्थव्यवस्था 14.50 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर 66,828 रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। आईपीएल में वैभव ने बिहार की खेल प्रतिभा का दमखम तो दिखा ही दिया। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बिहार देश के खेल हब के रूप में अपनी एक नई पहचान गढ़ रहा है।

चंद दिनों बाद बिहार में पहली बार खेलों के महाकुंभ यानी 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' आयोजित होंगे। बिहार की धरती पर 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 8500 खिलाड़ी जीत हार के लिए भिड़ेंगे। इस आयोजन के बहाने राज्य सरकार पांच शहरों पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगुसराय में खेलों के बुनियादी ढांचे को दुरूस्त कर रही है। लेकिन यह भी कम दिलचस्प नहीं कि बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन से पहले ही दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गए। पाटलिपुत्र खेल परिसर में उद्घाटना समारोह में प्रदर्शित की जाने वाली विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। 18 फीट लंबी और चौड़ी इस पेंटिंग को प्राकृतिक रंगों से बनाया गया है।

दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड महाबोधि मंदिर में बनाया गया है। यहां 5-70 वर्ष की आयु वाले 375 भिक्षुओं द्वारा दुनिया का सबसे बड़ा गायन बाउल समूह बनाया गया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स से पहले बिहार ने सफलतापूवर्क महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का भी आयोजन किया था। इस टूर्नामेंट में भारत, चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की शीर्ष महिला हॉकी टीमें शामिल हुई थीं। बिहार सरकार राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में खेलों के लिए ?3,16,895 करोड़ रुपये आवंटित किया है जो गत वर्ष के मुकाबले ?38,169 करोड़ अधिक है। नीतीश सरकार हर प्रमंडल में खेल अवसंरचना का विकास, पुनपुन में 100 एकड़ में अत्याधुनिक खेल प्रोजेक्ट की स्थापना और हर प्रखंड में आधुनिक आउटडोर स्टेडियम का निर्माण करेगी।

खेलों को एक व्यवस्थित और पेशेवर रूप देने के लिए बिहार सरकार ने बिहार खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की है। यह विश्वविद्यालय खेल विज्ञान, फिजियोथेरेपी, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट, कोचिंग और खेल मनोविज्ञान जैसे क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देगा। इससे खिलाड़ियों को पेशेवर प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय शिक्षा मिलेगी, खेल प्रबंधन, कोचिंग और स्पोर्ट्स साइंस में करियर के नए अवसर खुलेंगे और खेल चिकित्सा तथा स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपी में अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। खेलों के जानकार भी यह मानते हैं कि इस विश्वविद्यालय से बिहार के खेल इकोसिस्टम को और मजबूती मिलेगी।

सरकार एक तरफ बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दे रही है तो वहीं खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए योजनाएं लागू कर रही है। पटना, गया, भागलपुर और मुजफ्फरपुर जैसे शहरों में राज्य स्तरीय खेल अकादमियों की स्थापना की गई है, जहाँ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यही नहीं, स्थानीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताएँ, मैराथन, फुटबॉल और क्रिकेट लीग्स का भी आयोजन किया जा रहा है। खेल स्कॉलरशिप और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए भी सरकार प्रयास कर रही है, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएँ और अवसर मिल सकें।

हाल के वर्षों में बिहार के युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। बिहार की महिला हॉकी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में चयनित हुई और एशिया कप में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कबड्डी और एथलेटिक्स में बिहार के युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीते और राज्य के क्रिकेट खिलाड़ियों को आईपीएल और रणजी ट्रॉफी में अवसर मिले। बिहार सरकार और खेल संघों की ओर से इन्हें हर संभव सहायता दी जा रही है, ताकि वे अपने खेल कौशल को निखारकर देश और दुनिया में बिहार का नाम रोशन कर सकें।

इसमें कोई संदेह नहीं कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स सरीखे आयोजनों से ना केवल खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलता है ब्लकि स्थानीय लोगों के रोजगार के दरवाजे खुलते हैं। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 जैसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से राजगीर और उसके आसपास के क्षेत्रों में होटल, परिवहन, रेस्तरां और स्थानीय बाजारों को आर्थिक लाभ मिला। राज्य सरकार अब इस मॉडल को अन्य खेल आयोजनों में भी लागू करने की योजना बना रही है, जिससे बिहार में खेल पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

राजनीतिक रूप से काफी अहम प्रगति यात्रा के दौरान भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैमूर, जमुई समेत विभिन्न जिलों में एक दर्जन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बेतिया और सुपौल में स्टेडियम के आधुनिकीकरण, कटिहार में राजेन्द्र स्टेडियम को स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के रूप में विकसित करने का भी ऐलान किया है।

बिहार अब केवल ऐतिहासिक धरोहर और बौद्धिक ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 की सफल मेजबानी, बजट 2025-26 में खेलों के लिए ऐतिहासिक निवेश, खेल विश्वविद्यालय की स्थापना और आधुनिक खेल सुविधाओं का विस्तार, ये सभी पहल बिहार को एक प्रमुख स्पोर्ट्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रहे हैं। अगर इन योजनाओं को सही तरीके से लागू किया गया और खेलों के प्रति यह प्रतिबद्धता बनी रही, तो आने वाले वर्षों में बिहार से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उभरेंगे।

अध्यात्म

सकारात्मक सोच की शक्ति



अगर लडना हैं तो अपनी सोच से लडो क्योंकि अपनी सोच से हार गये तो फिर आपके पास कितने भी अच्छे हथियार क्यों न हो वो भी आपको जीत नही दिला सकते

एक बार एक छोटे राज्य का राजा था जिसके ऊपर एक बडे राज्य के राजा ने आक्रमण कर दिया पहले दिन छोटे राज्य के राजा जिसकी सेना ने केवल अपना बचाव ही किया शाम हो गयी राजा ने आपने सेनापति से कहा कि आज हमने केवल अपना बचाव किया है लेकिन कल हम आक्रमण करेंगे सेनापति ने यह बात अपने सेनिको को बताई

सैनिकों को डर लगने लगा कि हमारे पास तो कम सैनिक हैं और प्रतिद्वंदी के पास ज्यादा सँख्या मे सैनिक है तो हम कैसे जीत सकते हैं अगले दिन सुबह के समय राजा ने कहा कि आज हमारा भाग्य ये सिक्का तय करेगा अगर सिक्के मे हेड आया तो आज जीत हमारी होगी और अगर टेल आया तो हमारी हार होगी राजा ने सिक्का उछाला तो उसमें हेड आया

यह देखकर सभी खुश हुये और कहने लगे कि आज तो हमारी जीत पक्की हैं सभी सैनिकों मे ऊर्जा आ गयी युद्ध होने लगा और छोटे राज्य की सेना जीत गयी सभी सैनिकों ने राजा से कहा कि अगर सिक्के मे हैड नही आता तो हम जीत नही पाते।

इतने मे राजा सैनिकों को समझाने के लिए कि हमारी हार या जीत हमारी सोच पर निर्भर होती हैं राजा ने वही सिक्का सभी सैनिकों को दिखाया तो सिक्के के दोनो तरफ हैड ही छपा था।

दोस्तों इस छोटी सी कहानी से हमको सीखने को मिलता है कि हमारी हार और जीत हमारी सोच पर ही निर्भर होती हैं हमें हमेशा पॉजिटिव सोचना चाहिए अगर हम पॉजिटिव सोचेगे तो हमें अपनी मंजिल को पाने के लिए ऊर्जा मिलेगी और अगर हम नेगेटिव सोचेंगे तो हम अपनी मंजिल नहीं पा सकते हैं।

रेटपेयर्स की सक्रिय भागीदारी से ही अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

लोकतंत्र में समान अवसर और आर्थिक रुप से पिछड़े लोगों को विकास की धारा से जोड़ने के लिए अनुदानित योजनाओं का संचालन सरकार के लिए आवश्यक हो जाता है। संवेदनशील और लोकहितकारी सरकार के लिए यह आवश्यक भी हो जाता हैं। पर इसका मायना यह नहीं होना चाहिए कि सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा जो राशि कर या अन्य रुप में प्राप्त की जाती है वह नहीं मिले और उसका भार भी ईमानदार कर दाताओं पर पड़े तो यह किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता है। फिर सरकार को सक्षम और कम सक्षम में कहीं ना कहीं अंतर करके ही चलना ही होगा। केन्द्रीय वित सचिव की मंशा कहीं ना कहीं यही होगी कि फ्रीबीज के कारण जो रेटपेयर्स की अर्थव्यवस्था में भागीदारी दिन प्रतिदिन कम हो रही है उसपर ध्यान देना आवश्यक है।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

भले ही आज हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की दस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो व जीडीपी रेंकिंग में इस साल हम विश्व की तीसरी प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी में हैं पर अर्थ व्यवस्था के तेजी से विकास के लिए रेटपेयर्स की भागीदारी बढ़ाने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। फ्रीबीज के जमाने में केन्द्रीय वित सचिव अजय सेठ द्वारा एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश की आर्थिक वृद्धि के लिए रेटपेयर्स को प्रोत्साहित करना जरुरी बताया है। दरअसल एक और राजनीतिक दलों द्वारा ऐन केन प्रकारेण सत्ता के स्वाद चखने की चाह पूरी करने के लिए लोकलुभावन फ्रीबीज सुविधाओं की घोषणाएं दर घोषणाएं की जा रही है तो दूसरी और देश को 2025 में जीडीपी रेंकिंग के अनुसार दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की चुनौती सामने हैं। अर्थव्यवस्था का सीधा सीधा गणित यह है कि एक तो करदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से कर के रुप में सीधे सीधे आय सरकार को प्राप्त होती है तो दूसरी और सरकार अपनी विकास योजनाओं को अमलीजामा पहुंचाने के लिए उधारी से काम चलाने वाली स्थिति होती है जिसे हम बजट प्रस्तावों में उधारी के रुप में देखते हैं तो तीसरा प्रमुख स्त्रोत रेटपेयर्स होते हैं। देश का सेविंग पूल इन्हीं से बनता है। अब जहां तक आयकर का प्रश्न है तो आधार और पेनकार्ड के चलते अब आयकर के दायरें से तो कोई बच भी नहीं सकता। खासतौर से नौकरीपेशा या निश्चित पगार पाने वालों का तो आयकर सीधे सीधे और बिना किसी छीजत के सरकार को प्राप्त हो ही जाता है। इसमें किसी तरह की चोरी की संभावना भी लगभग ना ही है। लगभग यही स्थिति जीएसटी के बाद देखने को मिल रही है और साल दर साल जीएसटी संग्रहण में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

दरअसल जब स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना की गई थी तो उसके साथ यह भी था एक समय आते आते यह संस्थाएं अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए सरकार पर निर्भर ना रहकर आत्मनिर्भर हो जाएगी और इन संस्थाओं को सरकार के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। पर एक और यह तो सपना ही बनकर रह गया दूसरी और राजनीतिक दलों ने फ्रीबीज का ऐसा चलन चलाया कि रेटपेयर्स की भूमिका कम से कम होती जा रही है। दरअसल रेटपेयर्स का प्रयोग सबसे पहले 1845 में माना जाता है। रेटपेयर्स की भूमिका को हम इसीसे अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि न्यूजीलैण्ड सहित अनेक देशों में तो रेटपेयर्स अपने हितों की रक्षा के लिए एसोसिएशन बनाकर आगे आ रहे हैं। हमारे देश में हालात इससे विपरीत है। हमारे यहां तो पिछले कुछ सालों में रेटपेयर्स की सहभागिता दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। संभवतः यही चिंता का कारण बन रहा है केन्द्रीय वित सचिव अजय सेठ के अनुसार।



रेटपेयर्स से सीधा सीधा अर्थ सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में जो बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है उससे विकास या बेहतर सेवाओं के लिए राशि प्राप्त की जा सके। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन या इसी तरह की सेवाएं इसके दायरें में आती है। चुनावी वादों के चलते सरकार द्वारा बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को कम-ज्यादा पर फ्रीबीज के दायरें में प्रमुखता से ला रही है। पेंशन योजनाएं और फ्री राशन, सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं, सीनियर सिटीजन व अन्य को राहत या अन्य दूसरी इसी तरह क निर्णय रेटपेयर्स की अर्थ व्यवस्था में भागीदारी को सीमित करते हैं।

लोकतंत्र में समान अवसर और आर्थिक रुप से पिछड़े लोगों को विकास की धारा से जोड़ने के लिए अनुदानित योजनाओं का संचालन सरकार के लिए आवश्यक हो जाता है। संवेदनशील और लोकहितकारी सरकार के लिए यह आवश्यक भी हो जाता हैं। पर इसका मायना यह नहीं होना चाहिए कि सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा जो राशि कर या अन्य रुप में प्राप्त की जाती है वह नहीं मिले और उसका भार भी ईमानदार कर दाताओं पर पड़े तो यह किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता है। फिर सरकार को सक्षम और कम सक्षम में कहीं ना कहीं अंतर करके ही चलना ही होगा। केन्द्रीय वित सचिव की मंशा कहीं ना कहीं यही होगी कि फ्रीबीज के कारण जो रेटपेयर्स की भागीदारी को भी बढ़ाना ही होगा जिससे अर्थव्यवस्था का मल्टिपल विकास संभव हो सके। आज के लाभार्थियों को भी अर्थ व्यवस्था के व्यापक हित में समझना होगा।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

आज आप किसी महत्वपूर्ण कार्य की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। प्रेमी जन से बड़ा उपहार मिल सकता है।

वृषभ

कार्यक्षेत्र में दुविधापूर्ण परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन

युवा अपने करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। मन में कामुक विचार पनपते रहेंगे। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है।

कर्क

परिजनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा। शत्रु आपको नुकसान पहुँचाना चाहेंगे।

सिंह

विदेशी भूमि से आपको धन लाभ मिल सकता है। व्यापार में नये अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

कन्या

कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की सम्भावना बन रही है। लोग स्वार्थवश आपसे सम्पर्क में रहना चाहेंगे। नया रोजगार शुरू कर सकते हैं।

तुला

आपके कार्य अपेक्षाकृत विलम्ब से पूरे होंगे। दाम्पत्य सम्बन्ध काफी प्रगाढ़ रहने वाले हैं। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी।

वृश्चिक

वर्तमान वातावरण को लेकर आपको अपना ध्यान रखना चाहिये। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी सम्बन्धी समस्या हो सकती है।

धनु

अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। आलस्य से बचना चाहिये। प्रेम सम्बन्धों को लेकर आज का दिन बेहद शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी।

मकर

साझेदारी वाले व्यापार में आपको धन लाभ होगा। सरकारी कार्यों के लिये दिन बहुत शुभ है। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे। परिवार में किसी कारण अशान्ति हो सकती है।

कुंभ

घर का वातावरण काफी सुखद रहने वाला है। मनोरञ्जन पर आप खर्च करेंगे। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा।

मीन

किसी वाहन में खराबी आने की आशंका है। बुरे विचार आपको परेशान कर सकते हैं। दूसरों की नकारात्मक बातों पर अधिक ध्यान न दें।

बाइक की टक्कर से छात्रा की मौत

■ साइकिल से सुबह कोचिंग जा रही थी संध्या, जैतिया गांव के समीप हुई घटना


घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। शुक्रवार की सुबह बन्देया थाना क्षेत्र के जैतीया गांव के समीप बाइक की टक्कर से एक छात्रा की मौत हो गई। मृत छात्रा की पहचान दरार गांव निवासी संजय यादव की 18 वर्षीया पुत्री संध्या कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा सुबह करीब 8:00 बजे डिहुरी कोचिंग करने के लिए साइकिल से जा रही थी, जैसे ही जैतीया गांव के समीप पहुंची की विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे छात्रा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। हालांकि मौके से बाइक चालक फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर बन्देया थानाध्यक्ष सूरज कुमार व गोह थानाध्यक्ष मो0 इरशाद मौके पर पहुंचे और परिजनों को किसी तरह से समझा बूझकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज आगे की कार्रवाई में जुट गए। वहीं छात्रा के मौत के बाद माता-पिता के साथ भाई रोते-रोते बेहोश हो जा रहे थे। बन्देया थानाध्यक्ष ने बताया कि अब तक परिजनों द्वारा लिखित आवेदन नहीं मिली है, आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रस्तावित स्थल का जिला न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददात)। बेगूसराय जिला सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने बखरी अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय के भवन निर्माण हेतु शकरपुरा में प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण किया। यह प्रस्तावित भूमि वर्षों से लंबित पड़ी न्यायालय स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश श्री ऋषिकांत ने स्थल की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध संसाधनों और भूमि की उपयोगिता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा आम जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भवन निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। इस अवसर पर एडीएम ब्रज किशोर चौधरी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी दीपक कुमार, बेगूसराय कोर्ट मैनेजर प्रितोष कुमार, एसीजेएम मनोज कुमार सिंह, फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट विशाल सिन्हा, सीओ राकेश कुमार चौधरी थे।

चार दिवसीय दौरे पर औरंगाबाद आएंगे पूर्व आइपीएस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सर्वोदय नगर में खादी ग्रामोद्योग औरंगाबाद के प्रांगण में महापरिवर्तन आंदोलन की एक बैठक जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए जन संपर्क अभियान पर बल दिया गया। चर्चा- परिचर्चा उपरांत लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिला शिष्टमंडल एक मई से सभी प्रखंडों का दौरा करना शुरू कर चुकी है। बैठक में सभी ने अपने-अपने स्तर से भी प्रखंडों में मोबाइल पर संपर्क किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने इस महापरिवर्तन आंदोलन का समर्थन किया। प्रखंडों में दौरा कराने की जिम्मेवारी समाजसेवी लवलेश कुमार यादव को दी गई है। बैठक में विनय सिंह, इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद, देवनन्दन प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन के दौरान यह जानकारी दी गयी कि महापरिवर्तन आंदोलन के संस्थापक पूर्व आईपीएस वी के सिंह आगामी 6 मई से चार दिवसीय दौरे पर औरंगाबाद में रहेंगे।

एक नजर

कांग्रेस ने झंडा लगाकर मजदूरों को दी मजदूर दिवस की बधाई

बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। नगरपालिका के लखमिनिया के अनेक टोले मोहल्ले मे गुरुवार को दर्जनों घरो पर कांग्रेस का झंडा लगाकर मजदूरों को मजदूर दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम कांग्रेस नेता सह बलिया पिसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व मे किया गया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा चलाई जा रही घर घर कांग्रेस के झंडा अभियान की जानकारी मजदूरों को दी। कांग्रेस के लिए मजदूरों से समर्थन मांगा। इस अवसर कांग्रेस नेता राकेश सिंह ने कहा की राहुल गाँधी भारत के सड़को पर राष्ट्रीय जाती जनगणना करने की मांग पिछले कई साल से कर रहे थे। आखिरकार पीएम नरेंद्र मोदी को राहुलजी के मांग मानना ही परा। कांग्रेस कर्यकर्ताओ देश मे जल्द से जल्द जाती जनगणना कराने की मांग मोदी सरकार से की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया जिला कांग्रेस महासचिव मो इरशाद आलम, मंडल अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा, कांग्रेस नेता नवीन सिन्हा, गंगा महतो, एसके हसमुल हक, डा बकील अहमद, मो शौकत, बिनोद शर्मा, नेमत सज्जाद, बली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

भाकपा-माकपा ने मनाया मजदूर दिवस

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड क्षेत्र में भाकपा,माकपा सहित अन्य सामाजिक संगठन ने गुरूवार को मजदूर दिवस मनाया। माकपा के बैनर तले हसनपुर बागर में आयोजित कार्यक्रम में सीटू राज्य सचिव ने झंडोत्तोलन किया। उन्होंने कहा कि मजदूरों के एकताबद्ध आंदोलन के बदौलत मजदूरों को काम का अधिकार मिला। 8 घंटे काम का, 8 घंटे आराम का तथा 8 घंटे सामाजिक सरोकार के काम का अधिकार प्राप्त हुआ। केन्द्र का सत्तासीन सरकार इन अधिकारों को दमन करने की मंशा से सभी केन्द्रीय श्रम अधिनियम को तोड़ मरोड़ कर नया अधिनियम लाकर मजदूरों के अधिकारों को उससे छीनने का प्रयास किया जा रहा है। केन्द्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर 20 मई के आम हड़ताल में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया।वही भाकपा के बैनर तले सभी शाखाओं में झंडा फहराकर तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। रजाकपुर में अध्यक्षता मुखिया श्वेता भारती की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कामेश्वर झा, नरेश झा, गणेश झा, मो इमामन, चंद्रभूषणं चौधरी, टुन्नी लाल सिंह, राजेन्द्र शर्मा, उप प्रमुख नंदकिशोर पासवान, पीआरएस शुभम कुमार, उप मुखिया मो अमजद, जदयू नेता शाह आलम, राजद के मो इसामुल, स्वच्छता पर्यवेक्षक अशोक ठाकुर, शिवनारायण महतो, पूनम देवी, राम विनय महतो, घूरन राम, नंदन राम, रंजीत राम, राजीव महतो आदि मौजूद थे।

हथियार लहराते युवक का वीडियो वायरल

चेरियाबरियारपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के कुंभी पंचायत में बाइक सवार दो युवकों का हथियार के साथ वीडियो इन्टरनेट मीडिया पर प्रदर्शित हो रहा है। जानकारी के अनुसार बाइक पर पीछे बैठकर हथियार लहराते युवक की पहचान कुंभी पंचायत के वार्ड नंबर 7 निवासी शिव यादव के पुत्र कृष कुमार के रूप में की गई है। जबकि बाइक ड्राइव कर रहे युवक की पहचान पुलिस करने में जुटी है। बाइक ड्राइव कर रहा युवक खोदाबंदपुर प्रखंड के जाना जोगीडीह का बताया जा रहा है। जिसकी शिनाख्त की जा रही है। हालांकि राष्ट्रिय सहारा अखबार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि जिला पुलिस प्रशासन इस तरह के आपराधिक मामलों में काफी सख्त है। बावजूद इसके लोग कानून को हाथ में लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। लगातार कई तस्वीरें सामने आ जाती हैं। जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष ने बताया वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। पुलिस के द्वारा आरोपित को चिन्हित कर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

सामाजिक संस्था के प्रयास ने रुकवाया बाल विवाह

■ लड़की की उम्र 16 वर्ष जबकि लड़के की उम्र 42 वर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। एक्सेस टू जस्टिस परियोजना फेज 2 के तहत सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर के द्वारा जिला के प्रत्येक मंदिर पर बाल विवाह को लेकर विशेष जागरूकता एवं संघन जांच अभियान चलाया गया। जहां मंदिर में वर-वधु का आधार कार्ड का संघन रूप से जांच किया गया। इस दौरान नगर थाना अंतर्गत एक मंदिर पर नाबालिग लड़की का शादी का पता चलते ही संस्था की सचिव कुमारी सुनिता सिंह ने पहुंच कर परिजनों से बातचीत कर इसकी सूचना सहायक निदेशक भोजपुर और बीडीओ आरा को दी। काफी मशक्कत के बाद दोनों परिवार को समझा बुझाकर शादी रोकी गई। लड़की वाले पटना जिला के बिक्रम के निवासी थे। लड़के वाले भोजपुर जिला के निवासी थे। लड़की की उम्र 16 वर्ष ही थी एवं जबकि लड़के की उम्र 42 वर्ष था। वर्तमान समय में यह देखने को मिल रहा है कि दूसरे जिलों से परिजन आकर भोजपुर जिले में शादी कर रहे है। बाल विवाह का मामला रोकवाने में सहायक निदेशक आलोक कुमार गौतम, बीडीओ आरा सदर, बाल कल्याण समिति के अंकु कुमार, दिशा एक प्रयास की सचिव कुमारी सुनिता सिंह, सहायक कुमुद कुमार सिंह, सीएसडब्ल्यू संजीत कुमार सिंह, रंजू कुमारी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

बाबूचंद पासवान के विचारों को आत्मसात करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : डॉ. रणविजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। क्रिकेट की चकाचौंध में फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाना एक बेहतर पहल है। उक्त बातें हसपुरा बाजार के बड़ी खेल मैदान में आयोजित समाजवादी विचारधारा से जुड़े स्व. बाबूचंद पासवान के दूसरी पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रणविजय कुमार ने उत्तरप्रदेश व झारखंड के खिलाड़ियों से परिचय के उपरांत कही। फुटबॉल मैच के संघर्ष पूर्ण मुकाबला में उत्तरप्रदेश टीम को झारखंड की टीम ने एक गोल से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के संयोजक विजय पासवान व संचालन कमेंट्री शिक्षक डा हरिद्वार



प्रसाद सिंह ने की। बतौर अतिथि रालोमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रणविजय कुमार ने स्व. बाबूचंद पासवान के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षक के पद रहते हुए बराबर समाजिक चिंतन में रहते थे। अंतिम सांसों तक सादा जीवन- उच्च विचार के पोषक रहे। उन्होंने समाज के बीच कई उत्कृष्ट कार्य किया जिसे लेकर उनकी कृति आज लोग याद कर रहे हैं। स्व. बाबूचंद पासवान के विचारों को अपने जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। फुटबॉल मैच समारोह में शामिल जन सुराज पार्टी गोह विधानसभा नेता डा.आर यू कुमार ने दिवंगत बाबूचंद पासवान के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाजवादी विचारधारा को धरती पर उतारना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा से हम सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। मौके पर रेल संघर्ष समिति के अजय यादव, सीपीआई नेता राम एकबाल सिंह, रिटायर्ड हेडमास्टर कुलदीप चौधरी, मुखिया गोपाल सिंह, लोजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष पासवान, हृदयानंद सिंह, विनोद सिन्हा, श्रीकांत वर्मा, काशीनाथ सिंह एवं रामजीत राम ने दोनों टीम के खिलाड़ियों को बेहतर खेल की प्रशंसा की। मैच के सफल आयोजन पर कृष्णनंदन पासवान, अजय पासवान, संजय पासवान, रामानुज पासवान, योगेन्द्र पासवान ने आगुंतकों, खिलाड़ियों व दर्शकों के प्रति आभार जताया।

छह लाख की विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आरा। भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार पीरो रोड स्थित बलुआही टोला के समीप उत्पाद विभाग की टीम ने एक लग्जरी कार से 1020 बोतल विदेशी शराब पकड़ा है, जिसकी किमत करीब 6 लाख रुपये बताई जा रही है। साथ ही चालक सह शराब तस्कर नाग चंदन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह पटना जिले के फतुहा थानांतर्गत दरियापुर गांव निवासी स्व उमा शंकर राय का पुत्र है। यह सफलता उस समय मिली जब सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर, रजनीश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश कि ओर से एक क्रेटा कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकाश लाल रजक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। अगिआंव बाजार पीरो मेन रोड पर बलुआही टोला गांव के पास एक क्रेटा कार आते देखी गई, उसको रोका गया। जब तलाशी लिया गया तो उसमें रखे किंग फिसर बियर 648 पीस, 180 एमएल के हिवस्की 336 पीस, 750 एमएल के रॉयल स्टेज व मैजिक मोमेंट 36 बोतल बरामद हुआ। बोतल पर सेल फॉर उतर प्रदेश लिखा हुआ था। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

सेंट पॉल स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददात)। सेंट पल मडर्न स्कूल, बखरी में स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से 14 चयनित अभिभावकों को शल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल प्रांगण में पौधा रोपण कार्यक्रम कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस दौरान डा. शैलेंद्र कुमार शैलेश, डा. पंकज कुमार, सोनिहार राजेश कुमार साहू, अजीत कुमार, सज्जन सदा, कंचन कुमारी सहित को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं केक काटकर किया गया। मौके पर स्कूल निदेशक दानेश्वर यादव ने अपने संबोधन में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

पेंटिंग के माध्यम से बच्चों ने बाल श्रम के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तेघरा। श्रम दिवस पर नॉलेज इंग्लिश एकेडमी तेघड़ा के बच्चों ने बनाई पेंटिंग। अपनी बनाई पेंटिंग में बाल श्रम के प्रति सचेत किया। बच्चो और अभिभावक को संबोधित करते हुए विधालय शिक्षका हर्षिता सिंन्हा ने बताया अपने और समाज के बच्चों का बाल मजदूरी के लिए जाने से रोकें और उसकी पढ़ाई के लिए नियमित स्कूल भेजने में रूचि दिखाएं। बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। व्यक्ति की कर्मभावना उसे छोटा य बड़ा बनाती है। वही विद्यालय शिझिका रूबी प्रवीण ने बच्चो को जानकारी देते हुए कहा कि श्रमिकों की वजह से हमारे घर बनते हैं। विद्यालय प्राचार्य निक्की कुमारी ने अपने संबोधन मे कही कि लेबर डे हर साल 1 मई को मनाया जाता है। इसी दिन मजदूरों के काम का समय तय किया गया था। इस अवसर पर हमारे छात्र-छात्राएं ने चित्रकला के माध्यम से मजदूरों की मेहनत को कागजों पर उकेरा और मजदूरों की सच्चाई ईमानदारी के साथ-साथ उनके कठिन परिश्रम का हौसला अफजाई करने का प्रयास किया। विद्यालय प्रबंधक रजनीश कुमार ने कहा बाल मजदूरी देश के लिए कुप्रथा है। बाल मजदूरी से राष्ट्र की दुर्दशा हो रही है। इस मौके पर शिझिका खुशबू मैम, फूल मिस, मुस्कान, आरती, जैनव, दीपम सहित स्कूली बच्चें मौजूद थे।

मौलाना मोहम्मद अकील का निधन

बेगूसराय। मदरसा जामिया इस्लामिया बरौनी में शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें हजरत मौलाना अहमद नसर बनारसी, सज्जादा नशीन खानकाह इमदादिया बनारस यूपी ने कहा कि हदीस के शेख, मदरसा मजाहिर उलूम सहारनपुर के हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद अकील महान गुणों के मालिक थे। वह मेरे शिक्षक थे। वह अब इस दुनिया में नहीं है। उनके बारे में कहा जा सकता है कि ज्ञान और कृपा का चमकता हुआ सूरज अस्त हो गया। मौलाना मुहम्मद अकील का निधन निश्चित रूप से मदरसा मजाहिर उलूम सहारनपुर के लिए एक बड़ी क्षति है। इस शोक सभा में उल्लेखनीय रूप से मौलाना मुहम्मद सदर-ए-आलम नोमानी, उलेमा बोर्ड अफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना अफीज अहमद मजाहेरी, कारी जमशेद जौहर, मौलाना अब्दुल रहमान कासमी मदरसा जामिया इस्लामिया के सचिव क़ैमूम आजाद,आदि शामिल थे। अंत में हजरत की दुआ के साथ शोक सभा समाप्त हुई।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा नोटिस सं०– डी.डी.यू/ईएल/जी/ई–निविदा/25–26/05

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय ए तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निग लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **(1) कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नामः** डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/2025–26/02 विषय.– डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत पूरे मंडल में रूफटॉप सोलर प्लांट (500 के डब्लू पी) का प्रावधान की व्यवस्था करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागतः** रू० 26230121.75, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 28.05.2025. 15:00 Hrs, **ई–निविदा वेबसाइट का विवरणः www.ireps.gov.in (2) कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नामः** डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/ 2025–26/03 विषय.– डीडीयू/मंडल के अर्न्तगत वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/विद्युत/पीएच/गया के अधीन कोचिंग डिपो गया के पिट संख्या 2 में वंदे भारत और अमृत भारत के रखरखाव के लिए इंफ्रास्ट्रचर सुविधा का निर्माण में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागतः** रू० 15009004.50, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 28.05.2025. 15:00 Hrs, **ई–निविदा वेबसाइट का विवरणः www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग०श०) पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू

पीआर/0188/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25–26/40

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई. निविदा सूचना सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–ईटीईएन–02–25–26

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.: 1, **कार्य का नाम :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण/ उत्तर/ पूर्व मध्य रेलवे के अधीन पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के लिए सड़क–सह–रेल मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके सभी लंबाई के 60 किग्रा./52 किग्रा. (आर. 260/90/72 यूटीएस) नए/एस.एच. रेल/रेल पैनल की फ्लैश बट वेल्डिंग।, **क्र.सं.:** 2, **कार्य का लगभग मूल्य :** रू. 12,35,50,732.11, **क्र.सं.:** 3, **बीड सिक्यूरिटी की राशि :** रू. 7,67,800.00, **क्र.सं.:** 4, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 22.05.2025, 14.30 बजे।

क्र.सं.: 5, वेबसाईट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि। : उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/ पूमरे/ महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / उत्तर पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/0180/सीएन/एन/एमएचएस/कॉन/टी/25–26/44

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ डीएम ने की बैठक

इवीएम-वीवीपैट की 2 से 21 मई तक की जाएगी प्रथम स्तरीय जांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के तैयारी के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक एवं राज्य स्तरीय दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमे जिला पदाधिकारी ने प्रथम स्तरीय जच (एफएलसी) में किए जाने वाले सभी कार्यों का विस्तृत जानकारी बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को दिया गया। बताया कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के तैयारी के क्रम में ईवीएम-वीवीपैट मशीनों का 2 से 21 मई तक प्रथम स्तरीय जच (एफएलसी) किया जाएगा। एफएलसी कार्य कृषि बाजार उत्पादन समिति, बेगूसराय स्थित ईवीएम वेयर हाउस के एफएलसी हल में किया जायेगा। एफएलसी कार्य हेतु ईवीएम-वीवीपैट के विनिर्माता कम्पनी ईसीआईएल हैदराबाद द्वारा 13 अभियन्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई हैं। एफएलसी कार्य की समीक्षा हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त 2 पदाधिकारी बेगूसराय आएंगे। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि एफएलसी कार्य हेतु सभी व्यवस्थाएं यथा बैरकेटिंग-मेडिकल टीम-नियत्रंणकक्ष- अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी, शौचालय, पीने का पानी जनप्रतिनिधियों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है। एफएलसी कार्य के सुरक्षा कार्य हेतु आवश्यक संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी जनप्रतिनिधियों, एफएलसी कार्य में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए पास निर्गत किया गया है। फएलसी कार्य में लगे सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही तय समय सीमा के अंदर एफएलसी कार्य पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया।

जाति आधारित जनगणना का निर्णय ऐतिहासिक लोगों को मुख्य धारा में लाने का किया जाएगा काम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। राष्ट्रीय जनगणना में जाति आधारित जनगणना को शामिल किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया है। अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय जनगणना में जातिगत जनगणना को शामिल करना बहुत ही स्वागत योग्य एतिहासिक निर्णय है। इस जनगणना के द्वारा जिन लोगों की जातीय जनगणना होगी। उन्हें पूरा न्याय मिलेगा। जिन लोगों की प्रगति रूक गई है। उन्हें मुख्य धारा में लाने का काम किया जाएगा। जिससे आर्थिक और सामाजिक विषमता दूर हो जाएगी। भारत रत्न डा. बाबा साहब अंबेडकर का संविधान कहता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचना चाहिए। जिसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय का बिहार प्रदेश भाजपा परिवार पूरा स्वागत करती है और पूरा समर्थन भी देती है। श्री राम ने कहा कि 60 सालों तक तो आपकी (कांग्रेस) सरकार थी। 60 साल तक यह निर्णय लेने से आपको किसने रोका था। 2014 के बाद कई फैसले ऐसे हुए हैं। जो आज तक के इतिहास में नहीं लिए गए। केन्द्र सरकार के जातिगत जनगणना कराने के निर्णय का भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कुंदन कानू, बखरी बीस सूत्री सह ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, नावकोठी अध्यक्ष मुकेश महतो, गढपुरा अध्यक्ष कमल किशोर झा, डंडारी अध्यक्ष विजय तांती, नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन, पूर्व प्रत्याशी रामशंकर पासवान, पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ पाठक, कृष्ण मोहन चौधरी, प्रियांशु रघुवंशी, निकेत सिंह राठौड़, संजय सिंह राठौड़, पिंटू पासवान आदि ने स्वागत किया है।

लोगों को मुख्य धारा में लाने का किया जाएगा काम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। शुक्रवार को केंद्र सरकार के द्वारा देशभर जातिगत जनगणना कराये जाने के ऐतिहासिक फैसले पर एनडीए ने प्रेस वार्ता आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय ने की एवं संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने किया। जिसमे विधायक कुंदन कुमार प्रदेश से आये एनडीए के प्रवक्ता जदयू से परिमल कुमार, भाजपा से प्रवक्ता नीरज कुमार, राष्ट्रीय लोकमोर्चा से राहुल कुमार, प्रदेश जदयू मीडिया पैनलिस्ट डा. मधुरेन्द्र पांडेय, लोजपा रामबिलास के जिलाध्यक्ष प्रेम पासवान, हम के जिलाध्यक्ष पीयूष कुमार, राष्ट्रीय लोकमोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित किये। जिसमे सामूहिक रूप से नेताओ ने कहा कि इस जनगणना के द्वारा जिन लोगों की जातीय जनगणना होगी। उन्हें पूरा न्याय मिलेगा। जिन लोगों की प्रगति रूक गई है। उन्हें मुख्य धारा में लाने का काम किया जाएगा। जिससे आर्थिक और सामाजिक विषमता दूर हो जाएगी। भारत रत्न ड. बाबा साहब अंबेडकर का संविधान कहता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचना चाहिए। जिसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय लिया है। जदयू जिला प्रवक्ता अरूण कुमार महतो, भाजपा नेता कुंदन भारती, सुमित सन्नी, सौरभ कुमार, जदयू मीडिया सेल अध्यक्ष मोनू पटेल, जदयू महिला जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, युवा अध्यक्ष पंकज राय आदि उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

खुली ई–निविदा सूचना सं.– टीआरडी–ओ.टी.–01–टीडब्ल्यू–रिपेयर–25–26

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी टावर वैगन मरम्मत कार्य क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **क्र.सं.** : 1, **कार्य का नाम और स्थान :** टावर वैगन नं. 0016, 0082 और 0052 के हाईड्रोलिक स्विविलिंग लिफ्टिंग प्लेटफार्म, डीजी सेट की मरम्मत, रेडिएटर की मरम्मत और सफाई तथा अन्य कार्य।, **क्र.सं.** : 2, **अनुमानित रकम :** ₹ 06,45,565.05, **क्र.सं.** : 3, **बयाना राशि :** ₹ 12900.00, **क्र.सं.** : 4, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 23.05.2025 को 15:00 बजे तक।, **क्र.सं.** : 5, **वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

पीआर/0182/डीडीयू/वि./टी/25–26/28

भागलपुर राइस मिल का सहकारिता मंत्री ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने भागलपुर राइस मिल का निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने सबौर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से भी मुलाकात की। सर्वप्रथम सहकारिता मंत्री ने भ्रमण के दौरान सन्हौला प्रखंड अवस्थित प्राची प्रिया राइस मिल का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने मिलिंग किए जा रहे चावल की गुणवत्ता देखी। इस वर्ष धान अधिप्राप्ति में इस राईस मिल के साथ जिला के कई पैक्सों को संबंद्ध किया गया है। चावल अधिप्राप्ति की अंतिम तिथि 15 जून 2025 तक निर्धारित है। राइस मिल का चावल की पोषकता बढ़ाने के लिए उन्हें विटामिन और खनिजों के साथ उपचारित कर एफ.आर.के. चावल की राज्य खाद्य निगन का आपूर्ति की जानी है।



मंत्री ने सबौर कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण कर वहां के कृषि वैज्ञानिकों से मुलाकात की। उन्होंने उनसे राज्य के किसानों को उत्तम गुणवत्ता के सब्जी की पैदावार के प्रशिक्षण तथा जैविक खेती के विषय पर विमर्श किया। राज्य में प्रखंड स्तरीय सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों के द्वारा किसानों को उनके गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा उन्हें बीज एवं पौधे भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने 'तरकारी' को राज्य एवं अन्तर्राज्यीय स्तर पर एक प्रमाणिक ब्रांड बनाने की प्रतिबद्धता जतायी। उन्होंने बताया कि राज्य के परवल का तमिलनाडु, पांडूचेरी जैसे राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में काफी मांग है जो यहां के उत्पादों को एक राष्ट्रस्तरीय बाजार की उपलब्धता प्रदान कर रहा है। विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में पाया गया कि जिला में 28612.08 मे.टन. सी.एम.आर. की आपूर्ति की जानी है, जिसमें से 21770.58 मे.टन.सी.एम.आर. की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को कर दी गयी है। गेहूं अधिप्राप्ति की समीक्षा में पाया गया कि 13 किसानों से 6.3 मे.टन. गेहूं की अधिप्राप्ति की गयी है। मंत्री ने सी.एम.आर. आपूर्ति की दर को संतोषजनक बताया किन्तु गेहूं अधिप्राप्ति की गति तीव्र करने का निदेश दिया। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को पैक्स अध्यक्षों का बैठक कर अधिप्राप्ति हेतु प्रोत्साहित करने का निदेश भी दिया। उनके द्वारा बताया गया कि बिहार राज्य फसल सहायता योजना के द्वारा राज्य के किसानों का खरीफ 2023 की सहायता राशि लगभग 32 करोड़ रूपए प्रदान की जा रही है। विभागीय समीक्षा के क्रम में उन्होने जिला में गठित एफ.पी.ओ. शहद उत्पादक सहयोग समितियां, बुनकर सहयोग समितियां, मत्स्यजीवी सहयोग समितियां, जन औषधि केन्द्र, पेट्रोल-डीजल रिटेल आउटलेट इत्यादि की समीक्षा की। उन्होने विभागीय पदाधिकारियों को समितियों के अंकेक्षण को अद्यतन कराने तथा सम्यक निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण का निदेश दिया।

बैठक में संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां, भागलपुर प्रमंडल, जिला सहकारिता पदाधिकारी, भागलपुर, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी सहयोग समितियां, भागलपुर, प्रबंध निदेशक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. समस्त कई सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।


शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न होगी नीट परीक्षा : प्रभारी जिलाधिकारी


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। नीट (यूजी) परीक्षा-2025 को लेकर जिला प्रशासन ने परीक्षा की स्वच्छता, पारदर्शिता एवं शुचिता सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित संयुक्त ब्रीफिंग बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि आगामी 4 मई (रविवार) को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष मोतिहारी में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर 5515 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सभी परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय क्षेत्र में ही स्थित हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रत्येक केंद्र पर दो मजिस्ट्रेट, दो पुलिस पदाधिकारी, महिला एवं पुरुष पुलिस बल, जैमर, वीडियोग्राफी व्यवस्था तथा फ्रिस्किंग के लिए विशेष टीम की तैनाती की गई है। प्रवेश प्रक्रिया सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ होगी और परीक्षार्थियों को अपराह्न 1:30 बजे तक अनिवार्य रूप से केंद्र में प्रवेश करना होगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में सभी फोटोकॉपी दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। बीएनएसएस की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। मीडिया के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को विशेष निर्देश। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस बल को सुबह 8:00 बजे तक केंद्र पर उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष (फोनः 06252-242418) की स्थापना की गई है। परीक्षा की संपूर्ण गतिविधियों पर नजर रखने हेतु नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जिला नोडल पदाधिकारी एवं जिला कोऑर्डिनेटर की तैनाती की गई है। जिला नोडल पदाधिकारी ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों की पुष्टि की है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, डीआरडीए निदेशक, शिक्षा पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी, केंद्र अधीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे परीक्षा से पूर्व अपने सभी पर्यवेक्षकों को स्पष्ट रूप से गाइडलाइन से अवगत कराएं। प्रशासनिक सतर्कता और सख्ती के बीच यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नीट परीक्षा निष्पक्ष, व्यवस्थित और निर्बाध रूप से संपन्न हो।

आईसीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा में बच्चों ने लहराया परचम

जिले के एकमात्र विद्यालय संत फ्रांसिस के बच्चों ने जिले को किया गौरवान्वित





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। आईसीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा में पूर्वी चम्पारण जिले का एकमात्र विद्यालय संत फ्रांसिस एकेडमी मोतिहारी के बच्चों ने 99.95 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय सहित जिले को गौरवांवित किया है। यहां बता दे कि शहर के बरियारपुर स्थित संत फ्रांसिस एकेडमी के 17 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर टॉप फाइव में जगह बनाई है। उक्त विद्यालय के प्राचार्य सुनील बारवा ने बताया कि 143 छात्र छात्राएं परीक्षा दिए थे, जिसमे एक 142 छात्र सफल हुए, जबकि एक छात्र परीक्षा में असफल रहा द्य उन्होंने बताया कि आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में प्रत्यक्षा कुमारी को 97.4, मिंकी कुमारी को 96.2, यश राज को 96, आर्यन कुमार सिंह को 95.8, प्रियंका बाला को 95.8, हेमलता सिंह को 95.4, आशीष राज को 95, आयन आलम को 93.6, सिंघम राज को 93, अंतरा कुमारी, आयुषी कामता एवं युवराज कुमार को 92 प्रतिशत जबकि सगुन, सबा कौशर, हिमांशु शेखर एवं अध्यान गुप्ता को 91 प्रतिशत तथा पायल राज को 90 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। प्राचार्य ने बच्चों के बेहतर अंक लाने पर विद्यालय के शिक्षक, छात्र छात्राएं एवं उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

27 प्रखंडों में 56 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिले में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। इस संवाद कार्यक्रम के द्वारा जीविका से जुड़ी दीदियों के अलावा अन्य ग्रामीण महिलाएं भी अपनी समस्या और अपेक्षाओं को सरकार के समक्ष रख रहीं हैं। जिसका विस्तृत प्रतिवेदन प्रतिदिन राज्य कार्यालय को भेजा जा रहा है। आज भी पूर्वी चंपारण जिले के सभी 27 प्रखंडों में आज कुल 56 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें बड़ी संख्या में जीविका दीदी सहित अन्य ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिला संवाद के दौरान उन्होंने अपने जीवन में सरकारी योजनाओं से आए सकारात्मक बदलाव साझा किए और पंचायत तथा जिले के विकास के लिए अपने सुझाव भी दिए। आज बिहार की महिलाएं सफल उद्यमी, शिक्षिका, पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी, और जनप्रतिनिधि इत्यादि जैसे विभिन्न पदों पर आसीन होकर समाज में एक सशक्त पहचान गढ़ रही हैं। यह परिवर्तन बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं और सतत प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने अपने सपनों और समस्याओं को खुलकर व्यक्त किया। जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत संग्रामपुर प्रखंड की महिलाओं द्वारा जल जमाव की समस्या, नाली की समस्या सहित सामुदायिक शौचालयों का निर्माण और रख रखाव के मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया साथ ही मुस्लिम छात्राओं द्वारा पंचायत स्तर पर उच्च शिक्षा हेतु मदरसों की मांग भी की गयी। गर्मियों में विषैले सांपों और कीड़ो का प्रकोप बढ़ जाने के कारण होने वाले सर्पदंश से बचाव हेतु पंचायत स्तर पर इसके इलाज की सुविधा की मांग भी महिलाओं द्वारा की गयी। इसके अलावा योग्य लाभार्थियों को विधवा पेंशन एवं दिव्यांगता भत्ते जैसी सुविधाएं सुलभ कराई जाएं और इनकी राशी बढ़ाये जाने की मांग भी प्रमुखता से राखी गयी। महिला संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाए जा रहे कार्यों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आए सकारात्मक बदलावों पर गहन चर्चा करना है। साथ ही, महिलाओं की आकांक्षाओं को योजनाओं और नीतियों में प्रभावी ढंग से शामिल कर राज्य के सर्वांगीण विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस संवाद कार्यक्रम में जीविका स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के साथ-साथ अन्य महिलाएं भी बढ़-चढ़कर शामिल हुईं।

ग्रामीण विकास मंत्री ने मनरेगा कार्य को ले श्रमिकों से जाना कुशलक्षेम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार द्वारा पूर्वी चंपारण जिला के रक्सौल प्रखण्ड के मनरेगा श्रमिकों से दूरभाष पर मनरेगा से मजदूरी आदि के संबंध में बात की गयी। मंत्री श्री कुमार द्वारा रक्सौल प्रखण्ड अंतर्गत लक्ष्मणपुर लक्ष्मानवा पंचायत में वार्ड-10 निवासी अदालत सहनी पिता - रामसनेही सहनी से बात की गयी, जिसमें श्री सहनी ने बताया कि उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा से मांग के आधार पर 100 दिनों का रोजगार प्राप्त किया है एवं उन्हें काम अथवा अन्य प्रकार की कोई शिकायत नहीं है। मंत्री श्री कुमार द्वारा मजदूरों से कुशलक्षेम के साथ मनरेगा कार्यों में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

एक नजर

जनता दरबार में 84 आवेदकों की सुनवाई

मोतिहारी। समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में सोमवार को आयोजित 'जनता के दरबार में जिला प्रशासन' कार्यक्रम के तहत विभिन्न अंचलों से आए 84 आवेदकों की शिकायतों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) राजेश्वरी पांडे की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुना। शिकायतों की समीक्षा के दौरान अपर समाहर्ता ने स्पष्ट किया कि प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के माध्यम से त्वरित व विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। इस दौरान भूमि विवाद, अतिक्रमण, और राजस्व संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अपर समाहर्ता राजेश्वरी पांडे, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही कई फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया और शेष पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

ट्रक से 1926 लीटर शराब बरामद

मेहसी (पूर्वी चम्पारण)। मेहसी थाना अंतर्गत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 10 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के भीमलपुर गांव में की गई, जहां एक ट्रक में छिपाकर ले जाई जा रही शराब को जब्त कर लिया गया। मेहसी थाना अध्यक्ष सानू गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर भीमलपुर गांव में छापेमारी की गई। वहां एक संदिग्ध 10 चक्का ट्रक की तलाशी ली गई, जिसमें कुल 214 पेटी अंग्रेजी शराब पाई गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 1926 लीटर बताई गई है। कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में चालक ने शराब की खेप को एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंचाने की बात कबूल की है, लेकिन मुख्य सरगना और अन्य संलिप्त लोगों की पहचान फिलहाल गुप्त रखी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया की मामले की गंभीरता को देखते हुए बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जांच की जा रही है, यानी शराब की आपूर्ति कहां से हो रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। इस नेटवर्क में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह शराब बिहार के बाहर से लाई जा रही थी और इसके पीछे संगठित तस्कर गिरोह की संलिप्तता मानी जा रही है। फिलहाल जब्त ट्रक और शराब को मेहसी थाना परिसर में रखा गया है और आबकारी अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शराबबंदी के बावजूद राज्य में शराब की तस्करी और बिक्री लगातार चुनौती बनी हुई है। इस कार्रवाई को पुलिस द्वारा शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

लावारिस स्थिति में मिली युवक की लाश

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। शुक्रवार सुबह शहर के स्टेशन रोड पर एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध हालात में लावारिस अवस्था में पाया गया। सूचना मिलने पर स्वच्छ रक्सौल संस्था के रंजीत सिंह ने तत्काल जीआरपी रक्सौल व नगर थाना पुलिस को सूचित किया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृत युवक नेपाल के पर्सा जिला अंतर्गत बीरगंज स्थित कृष्णा होटल में कार्यरत था और बीते चार-पांच दिनों से रक्सौल क्षेत्र में भटकता देखा गया था। हालांकि उसकी शिनाख्त अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम के एसआई कमलेश शर्मा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।


खेत में मिला युवक का शव

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। थाना क्षेत्र के भटीनिया गांव के पश्चिमी सरेह स्थित मक्का के खेत से एक 18 वर्षीय युवक का शव मंगलवार देर शाम बरामद किया गया। मृतक की पहचान रामविलास महतो के पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है, जो 26 अप्रैल की रात से लापता था। परिजनों के अनुसार संदीप गांव में मजदूरी करता था और वह परिवार में दो भाइयों में सबसे बड़ा था। ग्रामीणों ने शव देख पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर गहन जांच कर रही है। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो यदि पुलिस निष्पक्ष जांच करे, तो घटना से जुड़े कई रहस्य उजागर हो सकते हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं तेज हैं।

मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष 1 मई को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्वभर के श्रमिकों और मजदूरों को सम्मान देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन से जुड़े अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मजदूर वर्ग के प्रति सम्मान, उनके अधिकारों की रक्षा और उनके योगदान को स्मरण करने का प्रतीक है। भारत में यह दिन 'कामगार दिवस', 'श्रमिक दिवस' और 'मई दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके बिना प्रगति की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम के साथ खुशबू कुमारी, राम कुमार, सुनीता कुमारी, श्रवण कुमार, पूनम सिंह, मंदिर सिंह सहित जीआरपी, आरपीएफ व टीटीई कर्मियों ने भाग लिया और मजदूरों के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से श्रमिकों के सम्मान और उनके अधिकारों की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।



औषधीय गुणों से परिपूर्ण 'मसाला फसल' नामक पुस्तक का विमोचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)। स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में गुरुवार आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र जमुई द्वारा लिखी गई औषधीय गुणों से परिपूर्ण 'मसाला फसल' नामक एक पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि सीआरआईडीए, हैदराबाद के निदेशक डॉ. वीके सिंह, अटारी पटना के निदेशक डॉ. अंजनी कुमार व डीआरपीसीएयू निदेशक एक्सटेंशन डॉ. मयंक कुमार के द्वारा किया गया है। यह पुस्तक मसालों, औषधीय और सुगंधित फसलों की खेती में रुचि रखने वाले लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। इस पुस्तक में मसालों, औषधीय और सुगंधित फसलों की खेती की वैज्ञानिक समझ, फसलों की खेती के लिए आधुनिक तकनीकों और पद्धतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है।

जातीय जनगणना को लेकर एनडीए सरकार का निर्णय ऐतिहासिक : मंजू देवी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा पूरे देश में जातीय जनगणना कराने का लिया गया निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जदयू की जिला अध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय देश की दशकों पुरानी मांग को पूरा करता है, जिसकी शुरुआत बिहार से हुई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले वर्ष 1990 में संसद में इस मुद्दे को उठाते हुए केंद्र सरकार से जातीय जनगणना की मांग की थी। वर्षों तक लगातार प्रयास के बाद अब केंद्र सरकार ने यह निर्णय लेकर सामाजिक न्याय की नींव को और मजबूत किया है। मंजू देवी ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण जातीय सर्वेक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अब पूरे देश में जातीय जनगणना से विभिन्न वर्गों की वास्तविक सामाजिक-आर्थिक स्थिति का स्पष्ट आंकलन हो सकेगा, जिससे उनकी उन्नति और कल्याण के लिए प्रभावी योजनाएं बन सकेंगी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए पूर्वी चंपारण जिला जदयू परिवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया है। आभार व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष मंजू देवी के साथ-साथ सांसद लवली आनंद, विधायक शालिनी मिश्रा, विधान पार्षद प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, डॉ. खालिद अनवर, पूर्व विधायक मोहम्मद ओबैदुल्लाह, वरिष्ठ नेता सतीश कुमार, प्रो. दिनेश चंद्र प्रसाद, अधिवक्ता दीपक पटेल, मिथिलेश सिंह, जन्मेजय कुमार पटेल, दिवाकर कौशिक, ब्रजेश श्रीवास्तव, अमरेन्द्र सिंह, यतिन्द्र कश्यप, कविंद्र कुशवाहा, विनय कुमार सिंह, विशाल शाह, बबन कुशवाहा, हाजी मोहम्मद अकिलुर्रहमान, कुणाल पटेल, संजय कुमार सिंह, डॉ. राजेश पटेल, अभय गुप्ता, रमेश चंद्र मिश्र, उषा श्रीवास्तव, तफ्फजुल हुसैन, सौरभ कुमार सिंह, डॉ. खुर्शीद अज़ीज़, धर्मेन्द्र पटेल, मदन गुप्ता, नेक मोहम्मद, सुभाष कुमार कुशवाहा, और विशाल कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं।



शिक्षा संस्कार देती है, विद्या सिर्फ धन: सीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। ज्ञान ज्योति विद्यालय में बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह में संघ लोक सेवा आयोग में ऑल इंडिया रैंक 583 लाकर आईपीएस चयनित हुए संजीव कुमार को सम्मानित किया गया। संजीव, वर्ष 2016-17 बैच में विद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र रहे हैं। उनके साथ पिता सुनील कुशवाहा और माता सुनीता कुमारी को भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित सीओ आनंद कुमार ने कहा सितारे उन्हीं के लिए चमकते हैं, जिन्होंने अंधेरे में भी रौशनी की तलाश की। विद्या केवल धनार्जन का साधन है, लेकिन शिक्षा हमें संस्कारवान बनाती है। उन्होंने छात्रों से साधना, स्वाध्याय, संयम और सेवा को जीवन में अपनाने की अपील की। संजीव कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय प्रबंधन को देते हुए कहा, कोई भी मुकाम पाने के लिए अनुशासन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प जरूरी है। विद्यालय के निदेशक प्रेमचंद्र प्रसाद ने कहा कि संजीव की सफलता ने अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष नवल पासवान, पुअनि नवीन कुमार, प्राचार्य शुभोजित बनर्जी, ब्रजकिशोर प्रसाद, मनोज कुमार, राजू कुमार, दीक्षा गुप्ता समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे।



जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों के समाधान हेतु अधिकारियों ने दिखायी तत्परता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। समाहरणालय परिसर स्थित सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में किया गया। इस अवसर पर जिले के आम नागरिकों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कराईं। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिवाद का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत मिल सके।

इन्वर्टर, बैट्री व लैपटॉप के साथ चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धीराबीघा गांव में छापेमारी कर चोरी की बैटरी, इनवर्टर एवं लैपटॉप बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस दौरान पुलिस ने तीनों चोरों को भी गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली के धीराबीघा गांव निवासी सोनू कुमार, चंदन कुमार एवं कौशल कुमार कहीं से चोरी कर बैटरी इन्वर्टर एवं लैपटॉप लाया है जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर इन लोगों के पास से छोटा बड़ा मिलाकर 15 बैटरी, एक इनवर्टर एवं एक लैपटॉप को बरामद किया है।

पूर्व मध्य रेल

ई. निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं०–03 ऑफ 2025–26/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं०–01–डीडीयू–व०मं०इंजी०–II–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजिनियर/गया के अधीन रफीगंज एवं मानपुर स्टेशन पर जलापूर्ति का बोर। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 1953811.60, **धरोहर राशि :** ₹ 39100.00, **2. निविदा सं०–02–डीडीयू–व०मं०इंजी०–II–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/गया के अधिकार क्षेत्र के तहत सर्विस बिल्डिंग स्टेशन और कॉलोनियों के लिए पानी के टैंकर की आपूर्ति। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 1995380.00, **धरोहर राशि :** ₹ 39900.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 20.05.2025 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0176/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/25–26/40

वक्फ संशोधन कानून मुसलमानों के हित में नहीं : खेरिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। वक्फ संशोधन कानून 2025 के विरोध में शुक्रवार को दरभंगा टावर चौक पर संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जनसंवाद की अध्यक्षता पूर्व महापौर ओम प्रकाश खेरिया ने की, जबकि मंच संचालन रियाज़ ख़ान कादरी ने किया। खेरिया ने स्पष्ट कहा कि वक़्फ़ संशोधन कानून मुसलमानों के हित में नहीं है और यह संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।

संविधान बचाओ अभियान के संयोजक और पार्षद नफ़ीसुल हक़ रिंकू ने कहा, यह संघर्ष तब तक आंदोलन के रूप में जारी रहेगा, जब तक सुप्रीम कोर्ट वक़्फ़ संशोधन कानून पर मुसलमानों के हक़ में फैसला नहीं सुनाता। उन्होंने बताया कि 5 मई को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होनी है, और वे स्वयं दिल्ली जाकर अधिवक्ताओं के माध्यम से मुस्लिम समाज की चिंताओं को अदालत के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों और बुद्धिजीवियों ने लिया हिस्सा इस जनसंवाद कार्यक्रम में इंसाफ मंच के राज्य उपाध्यक्ष नेयाज़ अहमद, कारवां-ए-बेदारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नज़रे आलम, भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव, युवा राजद के पूर्व प्रदेश सचिव अमजद अब्बास अंसारी, रुस्तम कुरैशी, मोहम्मद उमर, प्रिंस कर्ण, रानी सिंह, अभिषेक कुमार, राजद नगर अध्यक्ष गंगा मंडल, उप महापौर नाज़िया हसन, पार्षद फिरदौस जहां, फिरोज़ आलम, तनवीर आलम, शत्रुघ्न प्रसाद, राजा अंसारी, सिवगतुल्ला

नीतीश कुमार की पहल पर केन्द्र ने लिया फैसला : रवीन्द्र सिंह

जातिगत जनगणना को लेकर एनडीए का प्रेस कांफ्रेंस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। भभुआ सर्किट हाउस में शुक्रवार को एनडीए गठबंधन के नेताओं द्वारा केंद्र सरकार द्वारा देशभर में जातिगत गणना कराये जाने के ऐतिहासिक फैसले को लेकर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि जनता दल यूनाइटेड के विधान परिषद सदस्य रविंद्र प्रसाद सिंह द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर कहा गया कि जातीय जनगणना की पहल पूरी तरह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। यह मुद्दा सबसे पहले मुख्यमंत्री ने देश के सामने रखा था। जाति गणना चुनावी एजेंडा बिल्कुल नहीं है। एनडीए सबका साथ सबका विकास की



नीति पर काम करती है। जाति गणना से सुचित्रा और वंचितों के लिए नीति बनाना आसान साबित होगा। बिहार में हुई जातीय जनगणना के बाद सरकार ने दो-दो लाख रुपए की सहायता देकर लोगों को बनाने की कोशिश की है। 94 साल बाद देश में जाति गणना होने की तैयारी हो रही है। वोट समीकरण बिगड़ना के डर से तेजस्वी यादव और विपक्ष के अन्य नेता गलत बयान बाजी करते रहते हैं। कांग्रेस के राहुल गांधी पहले जाति गणना का विरोध करते थे, अब श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने जाति गणना कराई, लेकिन रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई। कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन सामाजिक न्याय नहीं किया। नरेंद्र मोदी को जब मौका मिला तो उन्होंने हर वर्ग के लिए काम किया। मौके पर जेडीयू जिलाध्यक्ष अजय सिंह पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडे, लोजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, आरएलएम जिलाध्यक्ष धीरज कुशवाहा, हम जिलाध्यक्ष संजय सुधांशु, चंद्र प्रकाश आर्य, लियाकत अंसारी, ज्ञानती गुप्ता, मनीष पटेल, अतुल पटेल इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रमिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए संकल्पित रहें : वीरेंद्र पासवान

श्रम शक्ति राष्ट्र की उन्नति का आधार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। इस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने मजदूर दिवस पर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मजदूर दिवस मजदूर वर्ग के योगदान का जश्न मनाने एवं श्रमिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष करने के संकल्प लेने का दिवस है। इस अवसर पर इसीआरकेयू के अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने कहा कि श्रम शक्ति राष्ट्र की उन्नति का आधार है। आत्मनिर्भर व समृद्ध भारत के निर्माण वगैर मजदूर वर्ग के परिश्रम के संभव नहीं। देश के विकास में ऐसा कोई निर्माण नहीं है जिसमें मजदूर वर्ग के परिश्रम का योगदान न हो, राष्ट्र की प्रगति और उन्नति उनकी भागीदारी के बिना संभव नहीं है। मजदूर दिवस का मकसद मजदूरों के समान के अलावा उनकी एकता को मजबूत बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है। वहीं उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रभारी शाखा सचिव संजय कुमार ने कहा कि आज भी रेल कर्मचारी पिछले कुछ दिनों से नीतिगत समस्याओं को प्रशासन के समक्ष उठाने वाले सशक्त संगठन के अभाव में जूझ रहे हैं। वे अपनी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं, कोई सुनने वाला नहीं है जिससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। इन्होंने रेल कर्मियों से आह्वान किया कि इस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के बैनर तले गोलबंद हो और मजबूती से अपना संघर्ष जारी रखें तथा अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहें। इस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन रेल कर्मियों के अधिकारों की रक्षा के प्रति हमेशा से सजग रही है।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, संजय मंडल, संजय सिंह, विकास कुमार, रामप्रवेश कुमार, उदय प्रकाश, अर्चना सिंह, साधना देवी, डोली कुमारी, कुमार रंजन, मोतीराम, श्री भगवान सिंह, संतोष सिंह, रविकांत गुप्ता, अमरेश यादव सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित थे।

रामपुर में सिंचाई व्यवस्था को ले डीएम से मिले किसान नेता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। कैमूर जिला के रामपुर प्रखंड में सिंचाई के लिए समुचित व्यवस्था करने के लिए किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर ने जिलाधिकारी से मिलकर उनको पत्र दिया। सोन नहर से आने वाला सिंचाई के पानी की समुचित उपयोग के लिए बरसात का मौसम आने के पहले चैनल फाल पुल लिफ्ट आदि को सुदृढ़ करने की मांग की गई है। किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में जलालपुर पंचायत में सिंचाई की पानी खेतों में पहुंचाने के लिए कई कदम उठाने की मांग की है। 184 आर डी से गंगापुर तक समांतर चैनल का जीर्णोद्धार एवं पक्कीकरण। 184 आर डी में



लिफ्ट की व्यवस्था किया जाना। विजरा एवं झलखोरा गांव में लिफ्ट पम्प का निर्माण करना। अलीपुर गांव में सिंचाई की पानी पहुंचाने के लिए बनौली माइनर का पक्कीकरण। बनौली माइनर का बसिनी तक जीर्णोद्धार एवं पक्कीकरण किये जाने की मांग की है। साथ ही दुर्गावती जलाशय का पानी का समुचित उपयोग की मांग की गई है। जिलाधिकारी को दिये आवेदन में किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के सचिव अनिल सिंह का भी हस्ताक्षर है।

तिलौथू उच्च विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का होगा सम्मेलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। वर्ष 1932 में स्थापित तिलौथू उच्च विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का भव्य सम्मेलन इस माह के अंत तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन की तैयारी को लेकर विद्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मैकू राम ने की। बैठक में विद्यालय परिवार, पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं, आयोजन समिति के सदस्य तथा मीडिया प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस दौरान सम्मेलन की संभावित तिथि, आयोजन की रूपरेखा, आमंत्रित अतिथियों की सूची, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। सभी प्रतिभागियों ने सम्मेलन को



सफल और ऐतिहासिक बनाने हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु एक व्यापक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय आदि को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

सभी उपस्थित सदस्यों में आगामी सम्मेलन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग के रूप में राशि घोषणा की हैं जिसमें 'नवबिहार टाइम्स' के संपादक कमल किशोर, सोनवर्षा वाणी संपादक श्रीराम अम्बष्ट (स्मृतिशेष लाला शंभू नाथ, पूर्व प्राचार्य परिवार) की ओर से 51,000 रूपये सहयोग राशि की घोषणा की गई है। इसी तरह श्रम संसाधन मंत्री के आप्त सचिव शैलेन्द्र ओझा द्वारा 21,000 रूपये, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू प्राचार्य डॉ. मैकू राम द्वारा 25,000 रूपये, पूर्ववर्ती छात्र प्रवीण तिवारी द्वारा 11,000 रूपये, पूर्ववर्ती छात्र सत्येंद्र सिंह द्वारा 11,000 रूपये, पूर्ववर्ती छात्र जितेन्द्र सिंह द्वारा 11,000 रूपये, पूर्ववर्ती छात्र प्रेम जी द्वारा 11,000 रूपये, मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र दुबे द्वारा 21,000 रूपये, पूर्ववर्ती छात्र डॉ. नवीन नटराज द्वारा 11,000 रूपये, तिलौथू हाउस रत्ना सिन्हा द्वारा 11,000 रूपये, पूर्ववर्ती छात्र योगेंद्र सिंह द्वारा 21,000, नूतन पांडेय द्वारा 5000 रूपये सहयोग राशि देने की घोषणा की गई है। इस वृहद आयोजन को देखते हुए सभी पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम की सफलता में आर्थिक के साथ-साथ हर प्रकार से सहयोग करने की अपील की गई। सभी सहयोगियों के इस सराहनीय योगदान से कार्यक्रम की तैयारी को नई गति और मजबूती मिली है। आयोजन समिति ने उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए आशा जताई कि यह सम्मेलन तिलौथू हाई स्कूल के गौरवशाली इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने का कार्य करेगा। गौरतलब है कि तिलौथू हाई स्कूल के 93 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में पहली बार पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित कई पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए प्राचार्य डॉ मैकू राम एवं उनके सभी सहयोगी शिक्षकों की सराहना की। पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के समग्र विकास एवं वर्तमान में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के सहयोग के लिए आगे आने की बात कही।

मंडल रेल प्रबंधक ने किया बीडी सेक्शन में निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा मंडल के अंतर्गत बीडी सेक्शन का सिगसिगी तक गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण यान से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए मंडल रेल प्रबंधक द्वारा पूरे खंड में रेल अवसंरचना का जायजा लिया गया। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अंकोरहा और नबीनगर में रनिंग रूम का निरीक्षण किया गया एवं वहां रेलकर्मियों से संवाद किया गया। साथ ही दोनों स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और रेल परिचालन की स्थिति का अवलोकन किया गया। जपला, मोहम्मदगंज और हैदर नगर स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं सहित वहां अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हो रहे पुनर्विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया



गया। इसके अलावा रेलवे ट्रैक की स्थिति तथा उस पर लगाए गए रेल संरक्षा में महत्वपूर्ण सिस्टम व उपकरणों का गहन निरीक्षण किया गया। पूरे निरीक्षण के दौरान संबंधित रेल अधिकारी मौजूद रहे।

श्रम दिवस पर निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। 'सुमन' कुशल युवा कार्यक्रम के प्रांगण में श्रम दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सुमन संस्था की सचिव उर्मिला देवी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों में उत्साहवर्धन हेतु प्रभातफेरी, चित्रकला (ड्राइंग), निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन सभी प्रतियोगिताओं का सफल संचालन विकास कुमार, अनुपम राज हर्ष, धर्मवीर कुमार, अवध बिहारी, नीलू कुमारी एवं सिन्टू कुमार द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी एक से बढ़कर एक प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतिभागियों की रचनात्मकता और ज्ञान ने आयोजन को अत्यंत सराहनीय बना दिया। कार्यक्रम के अंत



में सचिव उर्मिला देवी ने कहा कि राज्य सरकार के सात निश्चय योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे कुशल युवा कार्यक्रम में बिहार के वैसे बच्चे पढ़ रहे हैं जो गरीब परिवार से अमीर तक के हैं। बिहार सरकार इसे अच्छे कंपनी में जाने के लिए एक सर्टिफिकेट भी देती है लैंग्वेज स्किल सॉफ्ट स्किल इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की ट्रेनिंग दी जाती है। उनके द्वारा सभी सहभागी प्रतिभागियों की सराहना की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

जेएम कॉलेज में एनएसएस ने किया कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित जगदेव मेमोरियल कॉलेज में शुक्रवार को नई शिक्षा नीति पर गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने नई शिक्षा नीति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार व संचालन प्रो. राधेश्याम पांडेय ने किया। प्राचार्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति में सरकार छात्र-छात्राओं को स्किल बनाने पर जोर दे रही है। शिक्षा नीति का मुख्य उदेश्य है कि जो बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उन्हें पढ़ाई के बाद रोजगार के लिए किसी के पास दौड़ न लगानी पड़े। नई शिक्षा नीति से बच्चों को अपने परिजनों पर भार नहीं होना पड़ेगा। गोष्ठी में प्रो. दामोदर शर्मा, प्रो. परमहंस सिंह, प्रो. इमरान अंसारी, प्रो. हरिद्वार सिंह, प्रो. विजय किशोर सिन्हा, प्रो. महेंद्र सिंह, डॉ. नरसिंह पाल, प्रो. नरेंद्र सिंह, प्रो. रामेश्वर सिंह समेत दर्जनों शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

मई दिवस पर सफाई मजदूरों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर गुरुवार को भाकपा माले और एक्टू के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद डिहरी डालमियानगर सफाई कर्मचारी मजदूर संघ के लोगों ने परिसर में मई दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और केंद्र व राज्य सरकार की मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों की भर्त्सना किया। उन्होंने शहीदों की बेदी पर माल्यार्पण किया और मजदूर वर्ग के लाल झंडे को सलामी दी। यहां शहीदों को श्रद्धांजलि उपरांत संघ के महासचिव अशोक सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस को मजदूर वर्ग ने जुझारू संघर्ष के बल पर काम के घंटे को आठ घंटे कराया था। उन्होंने अपना खून बहाया था और फांसी पर चढ़े थे। एक मई हमारे लिए अपनी जीत का जश्न मनाने और भविष्य में पूंजी की गुलामी को हमेशा के लिए इतिहास की कचरा पेटी के हवाले करने की तैयारी का दिन है। उन्होंने कहा कि मजदूरों ने जब आठ घंटे काम की मांग की थी तब उस समय तकनीक और मशीनें आज के मुकाबले बहुत पिछड़ी हुई थी। अब जबकि मशीनें और तकनीक इतनी उन्नत हो चुकी है कि काम और माल के निर्माण को छोटे हिस्से में तोड़ कर काम को सरल व तेज रफ्तार से किया जाना संभव है। ऐसे में मजदूर की मजदूरी का हिस्सा घटता जा रहा है और काम के घंटे बढ़ते जा रहे हैं।

पप्पू यादव गरीबों के प्रति समर्पित व नेक दिल इंसान थे : रफीक अंसारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। चकनहां पंचायत के मुखिया पूनम देवी के पति समाजसेवी स्व. मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू यादव गरीबों के प्रति समर्पित व नेक दिल इंसान थे। उक्त बातें उनके पुराने सहयोगी व राजद नेता रफीक अंसारी ने उनके 5वीं पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि स्व पप्पू जी नौजवानों के हौंसला, बेरोजगार के विकास के प्रति अपना अंतिम सांस तक दुश्मनों से लड़ा। उन्होंने अपने जीवन में कोरोना काल में पंचायत के गरीब असहाय लोगों के लिए अनाज से लेकर हर तरह की मदद की। वे अपने जीवन में एक नई उम्मीद, नई ऊर्जा बिखेरना चाहते थे, परन्तु यह अधूरा रह गया।

कार्यालय :–उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 3102 दिनांक 09.10.2014 के आलोक में मुख्यमंत्री दाल–भात योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के लिए गढ़वा जिला में अवस्थित दाल–भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी आपूर्ति किया जाना है। जिला/अनुमण्डल स्तर के कन्द्रों के लिए प्रति केन्द्र प्रतिमाह 18.00 क्वींटल उसना चावल और 1.05 क्वींटल चना/सोयाबीन बड़ी तथा प्रखण्ड स्तर के केन्द्रों को प्रतिमाह 12.00 क्वींटल उसना चावल और 75 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी मात्रा के अनुसार आपूर्ति करने हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं निम्नांकित अहर्त्ता रखने वाले विक्रेता से दिनांक– 09.05.2025 को 10:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराहन् तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा की आवश्यक शर्तें एवं विस्तृत विवरणी prdjharkhand.gov.in या garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 351529 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 25-26 (D)

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

सूचना

पलामू जिला में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला स्तरीय संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा की गई। किशोर न्याय (बालको के रेख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम–2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हेतु मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला स्तरीय संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन सूचना ज्ञापांक–1730/जि0स0क0, दिनांक–14.10.2024 के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU) अन्तर्गत कुल 08 (आठ) पदों के विरूद्ध 10 (दस) अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु दैनिक समाचार एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईड www.palamu.nic.in के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित किया गया। प्रकाशित नियुक्ति विज्ञापन में निहित शर्तों एवं अहर्त्ताओं के अनुसार पदवार इच्छुक अभ्यार्थियों से दिनांक 09.11.2024 तक निबंधित डाक से आवेदन प्राप्त किये गये है।

प्राप्त आवेदनों की विवरणी को कम्प्यूटर प्रविष्टि के उपरांत नियुक्ति हेतु प्रारंभिक मेधा सूची तैयार कर जिले के अधिकारिक वेबसाईड www.palamu.nic.in पर अपलोड कर अभ्यर्थियों को सूचित किया गया। दिनांक 20.02.2025 से 25.02.2025 अपराहन 05:00 बजे तक (कार्य दिवस में) त्रुटि के निराकरण हेतु अभ्यर्थियों से दावा–आपत्ति प्राप्त किया गया। प्राप्त दावा–आपत्ति के पश्चात नियुक्ति हेतु चयन समिति द्वारा दिनांक 19.03.2025 को बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अंतिम मेधा सूची प्रकाशन हेतु निर्णय लिया गया है।

प्रत्येक पद के लिए चयनित अंतिम मेधा सूची में शामिल दो–दो अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्र से जाँच एवं दस्तावेज से संबंधित शपथ पत्र, यदि किसी संस्था में कार्यरत हो तो अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं एक अभ्यर्थी का चयन दो पदों पर हो तो प्राथमिकता पद संबंधी पत्र पलामू समाहरणालय के ब्लॉक–C के DRDA समागार में दिनांक 05.05.2025 को पूर्वाहन 11:30 बजे से एवं टंकन संबंधित पदों हेतु टंकन जांच अपराहन 01:00 बजे से किया जाएगा। साथ ही बाल कल्याण समिति (CWC-01) एवं किशोर न्याय बोर्ड (JJB-01) के मेधा सूची दर्ज अभ्यर्थियों को सहायक–सह–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु कम्प्यूटर टंकण हिन्दी–30WPM एवं अंग्रेजी–35WPM की जांच किया जाएगा। टंकन जांच परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अथवा ससमय उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को दुबारा अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 351497 (District) 25-26 (D)

Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa
Urban Development & Housing Developement
Govt. of Jharkhand

Quotation/Expression of Interest Notice Inviting Tender

कोटेशन आमंत्रण सूचना/ईच्छा की अभिव्यक्ति संख्या 03/2025–26,

Urban Health and Wellness Center (UAAM), Tandwa
हेतु निम्नलिखित **Basic Equipment** की आवश्यकता है।

Basic Equipment की सूची

क्र०सं०	सामग्रियों का नाम	संख्या
01	B.P. Apparatus	01 अदद
02	Hub Cutter	01 अदद
03	Needle destroyer Electric	01 अदद
04	Adult Stethoscope	01 अदद
05	Digital Thermameter/enfrared thermameter	01 अदद
06	IV STAND	01 अदद
07	Weighing machine (infant)	01 अदद
08	Weighing machine (Adult)	01 अदद
09	Nebulizer	01 अदद
10	Measuring Tape	01 अदद
11	Snellen Vision Chart	01 अदद
12	Near Vision Chart	01 अदद
13	Hight Measurement	01 अदद
14	Dressing tray with lid	01 अदद
15	Surgical Needle Curvical	01 अदद
16	Baby weighing scale	01 अदद
17	SS Tray with Cover	01 अदद
18	Artery forceps	01 अदद
19	Rack/Table for Keeping trays,fluids	01 अदद
20	Examination table	01 अदद
21	Matress for examination table	01 अदद
22	Footstep	01 अदद
23	Revolving stool	01 अदद
24	Screen saparator with stand	01 अदद
25	Side Locker	01 अदद
26	Blanket	01 अदद
27	Stadiometer(Height Measurement)	01 अदद
28	Gause cutting scissor straight	01 अदद
29	Dressing Drum with lid	01 अदद
30	Dressing Table	01 अदद
31	Suction Machine Electric/ Foot Operated Suction apparatus	01 अदद
32	Oxygen set(mask with tubing)	01 अदद
33	Kidney tray	01 अदद
34	X-Ray View box	01 अदद
35	Torch LED	01 अदद
36	Autuclave (mediam)	01 अदद
37	Glucometer	01 अदद
38	Gluco stripe	01 अदद
39	DIGITAL HB METER	01 अदद
40	DIGITAL HB STRIPE	01 अदद
41	SWAB	01 अदद
42	LENCET	01 अदद
43	PULSE OXYMETER	01 अदद
44	BED	01 अदद
45	GLOVES 6.5	01 अदद
46	GLOVES 7.0	01 अदद
47	MASK	01 अदद
48	SANITIZER(100 ML)	01 अदद
49	COTTON ROLE(400 Gram)	01 अदद
50	Gauge	01 अदद
51	Bandage Role	01 अदद
52	Scissor	01 अदद

इच्छुक निर्माता/आपूर्तिकर्ता/विक्रेता से इस सामग्रियों के आपूर्ति हेतु दर आमंत्रित किया जाता है, वे दिनांक 09.05.2025 को 02:00 बजे अपराहन् तक सिल बन्द लिफाफा में अपना दर उद्दृत कर नगर परिषद कार्यालय के Tender Box में डालेंगे तथा प्राप्त दर उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् दर दाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा एवं निविदा निस्तार समिति द्वारा निस्तार किया जाएगा। दाखिल कोटेशन के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके तकनीकी रूप से सफल दरदाताओं पर वित्तीय बिड में विचार किया जायेगा।

नोटः– कोटेशन के सभी नियम व शर्तें सूचना पट् पर देखना अनिवार्य है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 351518 (Urban Development) 25-26 (D)

तिलक समारोह से लौटने के दौरान वेल्डिंग मिस्त्री की गोली मारकर हत्या

नामजद अभियुक्त सहित दो गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददात

पालीगंज। थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में बुधवार की रात अज्ञात अपराधियों ने एक वेल्डिंग मिस्त्री की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान रानीपुर निवासी रितु साव के 35 वर्षीय पुत्र झगडू उर्फ रौशन कुमार के रूप में हुई है। वह पालीगंज बाजार के एक मुहल्ले में किराए पर अपने परिवार के साथ रहता था और वेल्डिंग का काम करता था। पुलिस ने घटना में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी प्रीतम कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी ममता कुमारी के लिखित आवेदन में बिमल सिंह पिता शिवपरसन सिंह, बजरंगी उर्फ प्रभात पिता शिव कुमार सिंह, गांधी, रिषभ कुमार, हरदयाल रजवार को नामजद अभियुक्त बनते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए पालीगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष बिनय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक दयानंद पासवान, परि. पुलिस अवर निरीक्षक विशाल कुमार के साथ रानीपुर गांव में छापेमारी कर प्राथमिक अभियुक्त बिमल सिंह पिता शिवपरसन सिंह को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर घटना में में प्रयुक्त पिस्टल को बिमल के घर से बरामद कर लिया गया है। बिमल ने घटना में शामिल अप्राथमिक अभियुक्त रानीपुर निवासी स्व बृजनंदन सिंह के 55 वर्षीय पुत्र दिलीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि पिस्टल लाइसेंसी था। बुधवार की रात रौशन अपने गांव रानीपुर में परिवार के यहां आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने गया था। वह खाना खाकर रात में ही मोटरसाइकिल से पालीगंज लौट रहा था। इसी दौरान गांव के बाहर हनुमान मंदिर के पास बदमाशों ने उसे गोली मार दी थी। गुरुवार सुबह गांव के कुछ लोग टहलने निकले तो उन्होंने सड़क किनारे खून से लथपथ पड़े झगडू का शव देखा। इसके बाद गांव में अफरातफरी मच गई। परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने रोते बिलखते मौके पर पहुंचे और झगडू को लेकर पालीगंज पीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पालीगंज थानाध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में डीएसपी प्रीतम कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था। फॉरेंसिक जांच के लिए एसएलएफ की टीम ने घटनास्थल से खून के धब्बों और अन्य साक्ष्य एकत्र किए थे। पुलिस ने मौके से मृतक की मोटरसाइकिल, चप्पल और अन्य सामान बरामद किया था।



चाकू के बल पर घर में बंधक बनाकर लूटा

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। कादिरगंज थाना क्षेत्र के नेतौल में गुरुवार की देर रात को घर में घुसकर एक महिला को चाकू को बल पर बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में नेहा देवी पति चंदू कुमार ने बताया कि हमारे पति बाहर रहते है। हम घर मे अपने दो बच्चों के साथ रहते है। जहाँ गुरुवार की मध्यरात्रि तीन अज्ञात नकाबपोश अपराधी मेरे घर में घुस आए और चाकू के बल पर हमारा मंगलसूत्र ढोलना, सोने का चेन समेत 20 हजार रूपये लूटपाट कर चले गए। सभी लुटेरे का उम्र तकरीबन 20 या 22 वर्ष थी। एक अपराधी घर के बाहर था। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया की अपराधी बांस के सहारे घर के बगल के घर में घुसने के बाद नेहा देवी के घर में प्रवेश किया था और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। दो दिन पहले भी बगल वाले घर में मोटर चोरी हुई थी। फिलहाल डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम जांच कर रही है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

एक नजर

चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। चोरी की बाईक के साथ धनरूआ पुलिस ने दो बाइक सवार अपराधी को गिरफ्तार किया है। दरअसल अपराध नियंत्रण को लेकर बिरंचि मोड के पास शुक्रवार को वाहन चेकिंग लगाई गई थी। उसी दौरान चोरी की बाईक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार किये गये है। गिरफ्तार अपराधियों में चंद्रशेखर कुमार उम्र 18 वर्ष पिता बैजू प्रसाद. राहुल कुमार उम्र 21 वर्ष पिता संजय कुमार दोनों ग्राम दीपकुला गांव के है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की चोरी की बाइक के साथ यह दोनों युवक कहीं चोरी की घटना का अंजाम देने की फिराक में थे, यह बाइक वैशाली से चोरी की गई है। पटना में भी चोरी कांड का मामला दर्ज है पूरे मामले की छानबीन में की जा रही है।

तीन ट्रैक्टर जब्त

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अवैध मिट्टी और बालू खनन के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान भगवानगंज पुलिस ने हरनाथचक गांव में हो रहे अवैध बालू खनन करते तीन ट्रैक्टर को रंगे हाथ जप्त किया है। हालांकि छापेमारी करने के दौरान ट्रैक्टर चालक कूद कर फरार हो गए हैं। भगवानगंज थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि लगातार सूचनाओं मिल रही थी कि हरनाथचक के पास अवैध तरीके से बालू और मिट्टी का खनन कर रहे हैं, ऐसे में टीम गठित करते हुए अवैध खनन करने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर को जप्त किया है और यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर कौन-कौन इस पूरे खनन में शामिल थे, पूरे मामले की जांच की जा रही है। बहरहाल अवैध खनन पर हो रही कारवाई से बालु माफियाओं के बिच हडकंप मची हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया की लगातार वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ यह मुहिम चलाई जाएगी।

अभियुक्त गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पुनपुन के केवड़ा थाना क्षेत्र के जोलबिगहा गांव में हत्या के प्रयास में फरार चल रहे एक अभियुक्त रंजन पासवान पिता रोबिंद पासवान को बीते देर रात गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया की नाली के पानी गिराने को लेकर भाई भाई में झगड़ा हुआ था। उसी दौरान छोटा भाई धर्मराज पासवान को बड़ा भाई रंजन पासवान ने सर पर लोहा के रड़ से मार कर सर फोड दिया था, जिसमें 12 टांके लगे थे, इसी मामले मे फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी कि गई है।

स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, घायल

पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के मुड़ाखार के पास बंटी मिनी पेट्रोल पंप के पास ब्लैक स्कॉर्पियो सवार ड्राइवर ने स्कूटी सवार लड़की को टक्कर मारकर तेज रफ्तार में इज्जत्ता गांव की ओर भाग निकला। इस टक्कर में लड़की गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर छटपटा रही थी। लड़की की पहचान धरहरा गांव निवासी के रूप में हुई है।राहगीरों ने वहां से गुजर रहे थार गाड़ी में लड़की को बैठा कर उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पालीगंज पहुंचाया। राहगीरों ने घटना की सूचना पालीगंज थाने को दे दिया।

बेटी के तिलक वाले दिन डाकघर अभिकर्ता से 3.12 लाख की लूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। जिले के एकमा थाना क्षेत्र में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े पिस्टल के बल पर डाकघर अभिकर्ता से लाखों रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया। नकदी लूट यह घटना बुधवार को छपरा-सिवान मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे-531 पर आमडाढ़ी गांव स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप हुई। मामले में पीड़ित द्वारा एकमा थाने में दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि पीड़ित रसूलपुर थाना क्षेत्र के बंशी छपरा गांव निवासी अरविंद सिंह ने एकमा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने संबंधी आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि वह डाकघर के कलेक्शन एजेंट/अभिकर्ता के रूप में कार्य करते हैं और क्षेत्र के लोगों से पैसा वसूल कर हर महीने डाकघर में जमा करते हैं। रसूलपुर व चनचौरा से कलेक्शन कर वह बुधवार की सुबह लगभग 10:00 बजे लगभग 3,12,734 रुपये से भरा बैग लेकर बाइक से एकमा बाजार स्थित मुख्य डाकघर जा रहे थे। इसी दौरान आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज पर चढ़ने ही वाले थे कि एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने डाक घर एजेंट अरविंद सिंह को हथियार के बल पर रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए अपराधियों ने पिस्टल सटा दी। इसके बाद उन्होंने बाइक की डिक्की व बैग में रखे लगभग 3.12 लाख रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पीड़ित डाकघर एजेंट अरविंद सिंह ने बताया कि आज ही उनकी बेटी का तिलक समारोह है, जिसमें जाने के लिए परिवार में तैयारियां चल रही हैं। पुलिस को मामले में आवेदन दे दिए हैं। उधर लूट की घटना की सूचना मिलते ही एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। लेकिन अब तक कोई अहम सुराग हाथ नहीं लग सका है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। बहरहाल, डाकघर एजेंट से हुई लूट की यह घटना ऐसे वक्त पर हुई है कि जिस दिन उसकी बेटी का तिलक जाने वाला है। उसी दिन उसके साथ नकदी लूट की वारदात होती है। वहीं बुधवार का दिन महीने का आखिरी तिथि 30 अप्रैल है, जिस दिन महीने भर की नकदी जमा करने की अंतिम तिथि होती है। बताया जाता है कि इसके बाद विलंब शुल्क देना पड़ता है। लेकिन चर्चा इस बात की है कि जिस दिन नकदी लूट की घटना होती है, उसी दिन बेटी की तिलक भी है और डाकघर में नकदी जमा करने की अंतिम तिथि भी होती है। इसलिए यह जांच का विषय है। वहीं पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार बताते हैं कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गहनता से जांच की जा रही है। शीघ्र ही मामले का उद्वेदन कर दिया जाएगा।

मोटोरोला ने भारत में लॉन्च किया एज 60 प्रो

नवबिहार टाइम्स संवाददात

पटना। मोटोरोला ने भारत में अपने नए स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 प्रो को लॉन्च किया है, जो फ्लैगशिप फीचर्स के साथ शानदार एआई अनुभव और दमदार परफॉर्मेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन पेश करता है। यह फोन सेगमेंट का इकलौता ऐसा डिवाइस है, जिसमें 50एमपी प्लस 50एमपी प्लस 50एक्स एआई ट्रिपल कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिससे यूजर्स आसानी से प्रो की तरह फोटो और वीडियो कैप्चर कर सकते हैं। मोटोरोला एज 60 प्रो को डीएक्सोमार्क्स से गोल्ड लेबल प्रमाणन मिला है। इसमें 6000एमएच की दमदार बैटरी, 90वाट टर्बोपावर चार्जिंग और 15वाट वायरलेस चार्जिंग की सुविधा दी गई है। यह स्मार्टफोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8350 एक्सट्रीम प्रोसेसर से चलता है। मोटोरोला एज 60 प्रो दो स्टोरेज कॉन्फिगरेशन 8जीबी रैम 12जीबी रैम के साथ 256जीबी स्टोरेज में तीन शानदार पैनटोन क्यूरेटेड कलर वैरिएंट्स पैनटोन डैज़िलंग ब्लू, पैनटोन शैडो, और पैनटोन स्पार्कलिंग ग्रेप में उपलब्ध होगा। मोटोरोला एज 60 प्रो की कीमत सिर्फ 29,999 रुपये से शुरू होती है और यह फ्लिपकार्ट, मोटोरोलाडॉटइन और देश भर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा।

रामजी से पूछे जनकपुर की नारी ...

परशुराम महोत्सव में नीतू नवगीत की शानदार प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोकामा। मोकामा में आयोजित राजकीय भगवान परशुराम महोत्सव में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने अपने भजनों और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। जिससे भक्ति की ऐसी धारा बही कि भक्तगण घंटों गोते लगाते रहे। नीतू कुमारी नवगीत ने अपने कार्यक्रम के दौरान भगवान गणेश की आराधना करते हुए मंगल के दाता भगवन बिगड़ी बनाई जी गीत की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने भोले शंकर का अलख जगाते हुए बिहार के अनेक पारंपरिक भक्ति गीतों को सुमधुर आवाज में गाया और सभी उपस्थित भकतगणों से भगवान परशुराम और भोलेनाथ का जयकारा लगवाया। नीतू नवगीत ने राम सीता विवाह प्रसंग पर कई सुमधुर गीत प्रस्तुत किये, जिनमें राम जी से पूछे जनकपुर की नारी, राम जी पहुना हमार हो, राम देखे सिया को सिया राम को.. जैसे गीत शामिल रहे। नीतू नवगीत के भजनों और भक्ति गीतों के कार्यक्रम में संजय मिश्रा ने कैसियो पर, धनंजय कुमार ने ढोलक पर, प्रिंस कुमार ने पैड पर और राजेश केसरी ने हारमोनियम पर संगत किया। कार्यक्रम में नीतू नवगीत के अलावा राजेश केसरी, दिव्याश्री और चंदन उगना ने भी अनेक सुंदर-सुंदर भक्ति गीतों को गाकर उपस्थित श्रोता समूह को झुमाया। नीतू नवगीत ने माता शबरी द्वारा प्रभु श्री राम को जूठे बेर देने पर आधारित लोकगीत भी गाया। उन्होंने राजा जनक जी के बाग में अलबेला रघुवर आयो जी गीत गाया, जिसे उपस्थित श्रोता समूह ने खूब पसंद किया। घर में पधारो गजानंद जी मेरे घर में पधारो, अई गिरी नंदिनी जगदंबा घर में दियरा बार अईनी हे, चित्रकूट के घाट घाट पर तुलसी देखे वाट, राम मेरे आएंगे जैसे गीतों पर भी नीतू नवगीत को दर्शक दीर्घा से काफी प्रशंसा मिली।



सीएचओ समेत तीन एएनम पर स्पष्टीकरण

मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)। बसौर चकिया गांव स्थित हेल्थ एंड बैलेंस सेंटर पर बिना सूचना के गायब रहने वाले सीएचओ समेत तीन एएनम पर स्पष्टीकरण किया गया है और एक दिन का वेतन स्थगित कर दिया गया है। दरअसल नवबिहार टाइम्स दैनिक अखबार में बिते मंगलवार को प्रमुखता से खबर छापी गई थी कि मसौढ़ी में कई जगहो पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर शोभा की वस्तु बनी हुई है अकारण सेंटर बंद रहता है ऐसे में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज के द्वारा बसौर चकीया हेल्थ एंड वेलेनस सेंटर की जांच कराई गई जहां पर सीएचओ जूही कुमारी के साथ तीन एएनएम जिसमें चिंता देवी, रामंती कुमारी, प्रियंका कुमारी बिना कार्यालय को सूचना दिए ड्यूटी से गायब थी, केंद्र पर ताले लटके हुए थे, इस संबंध में चार लोगों पर स्पष्टीकरण करते हुए एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया है।

एनटीपीसी कांटी में श्रमिक अधिकारों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददात

कांटी। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एनटीपीसी काँटी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और कार्यस्थल पर नैतिक मूल्यों तथा सतर्कता की भूमिका के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम सतर्कता विभाग एवं मानव संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्लांट कैंटीन परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख मधु एस. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में श्रमिकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी संगठन की प्रगति और सफलता में श्रमिकों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर ईमानदारी, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता को अपनाना ही संगठन को मजबूती प्रदान करता है। श्री मधु ने श्रमिकों को प्रोत्साहित किया कि वे कार्य के प्रति सजग, सतर्क और जिम्मेदार रहें तथा सतर्कता को अपनी कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम में एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से श्रमिक कानूनों, श्रमिकों के अधिकारों, कर्तव्यों और संगठनात्मक उत्तरदायित्व से संबंधित विषयों पर जानकारी साझा की गई। इस सत्र के दौरान श्रमिकों को यह बताया गया कि कैसे वे अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं, उनके कानूनी अधिकार क्या है और संगठन में पारदर्शिता व जवाबदेही को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है। प्रस्तुति को सरल भाषा एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रतिभागी कर्मचारियों को विषयवस्तु को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिली। इस कार्यक्रम में तापस साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), सभी विभागाध्यक्षगण, श्री कौशलेन्द्र कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (सतर्कता विभाग), और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भी सक्रिय सहभागिता दिखाई। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन उनके लिए जानकारीवर्धक और प्रेरणास्रोत होते हैं।



लल्लू मुखिया के बेटी-दामाद को आशीर्वाद देने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददात

बाढ़। गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बाढ़ में कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के घर पहुंचे। जहाँ लल्लू मुखिया ने शॉल प्रदान कर एवं माला पहनाकर एवं चांदी का मुकुट देकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर लल्लू मुखिया के सैंकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे। इस अवसर पर मीडिया द्वारा किये आगामी बाढ़ तथा मोकामा विधानसभा चुनावों को लेकर किये गए सवालों के कई जवाब दिए। दोनों जगहों से टिकट की उम्मीदवारी को लेकर सवाल पूछे गये। उनसे जब पूछ गया कि मोकामा विधानसभा से अनंत सिंह का चुनाव लड़ना तय है ऐसे में वो किन्हें अपना उम्मीदवार बनायेंगे। इसके जवाब में उन्हों कहा कि अभी इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। समय आने पर बतायेंगे। वहीं बाढ़ विधानसभा से कर्णवीर सिंह यादव को टिकट मिलेगा की नहीं, उसपर उन्होंने बताया कि महागठबंधन के दलों के बीच बैठकर बात की जायेगी। प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव आये तो थे लल्लू मुखिया के घर बेटी दामाद को आशीर्वाद देने लेकिन राजनीतिक गलियारों में यह कयास लगाए जाने लगे हैं कि इस बार महागठबंधन के किसी सीट से लल्लू मुखिया उम्मीदवार हो सकते हैं। बता दें कि पिछले विधानसभा में लल्लू मुखिया जब चुनाव लड़ रहे थे तब तेजस्वी यादव ने गंज पर आकर भाषण दिया था। उसके बाद लल्लू मुखिया 5000 मतों से चुनाव हार गए थे लेकिन राजनीतिक के चाणक्यों के बीच यह संदेश चला गया था कि निर्दलीय चुनाव लड़कर भी वे बाढ़ में 38 हज़ार से ज्यादा वोट प्राप्त किये और महज़ थोड़े मतों के अंतर से वे चुनाव हार गए थे। उनकी पिछली पृष्ठभूमि को अगर देखा जाए तो यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि जब वे निर्दलीय चुनाव में विजेता प्रत्याशी को टक्कर दे सकते हैं तो अगर टिकट इनको दिया जाए तो यह चुनाव जीत सकते हैं। फिलहाल प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के लल्लू मुखिया के यहां वर-वधु को आशीर्वाद देने पहुंचने से राजद से टिकट प्राप्त करने के मंसूबे पाले हुए लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव में बाढ़ तथा मोकामा विधानसभा सीट से महागठबंधन के टिकट का उम्मीदवार किसे बनाया जायेगा। इस मौके पर सांसद पप्पू यादव पूर्व सांसद सूरजभान सिंह रामकृपाल यादव विधायक अनिरुद्ध यादव प्रहलाद यादव मुकेश रोशन पूर्व विधायक लल्लू मुखिया शहीद कई गण्यमान्य लोग शामिल हुए।



मजदूरों के हक एवं अधिकार की लड़ाई लड़ने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। मई दिवस के अवसर पर खेत मजदूर संगठन मसौढ़ी के बैनर तले बिरंचि मोड़ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आम सभा की अध्यक्षता चंद्रदेव प्रसाद वर्मा ने की। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा की दूरों की हालात बहुत खराब है। वहीं धनरूआ माले कार्यालय में खेग्रामस एक्टू तथा निर्माण मजदूर और माले के कार्यकर्ताओं द्वारा मजदूर दिवस मनाया गया। माले सचिव अकलू पासवान ने कहा कि मजदूर विरोधी मोदी सरकार मजदूरों के अधिकारों को कटौती कर चार श्रम कोड बना दिया है जो कॉरपोरेट और कंपनी के फायदे की कानून है जो मजदूरों को 8 घंटे की जगह 12 घंटे की कार्यदिवस में बदल दिया गया है और मजदूरों की मजदूरी के नाम पर कंपनी मालिक के मनमानी पर है जो मजदूरी मालिक तय करेगा वहीं मजदूर को लेना पड़ेगा मोदी सरकार मजदूरों को कंपनी कॉरपोरेटो का गुलाम बना देना चाहती है। इस मौके पर वीरेंद्र प्रसाद, जितेंद्र राम, निरंजन वर्मा, भगवान पासवान, रामजीवन पासवान, वहीं मसौढ़ी में सोनेलाल प्रसाद, सी पी मंडल, कल्लू सिंह, रामदयाल प्रसाद, जयप्रकाश कुमार राम प्रकाश चौधरी सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।



पशु कल्याण शिविर सह किसान गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा शुक्रवार को गोद लिए गए गाँव दरियापुर में पशु कल्याण शिविर सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के 'कृषि ज्ञान वाहन' द्वारा भ्रमण भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय को वैज्ञानिक ज्ञान और व्यावहारिक कृषि समाधान प्रदान करना था। यह कार्यक्रम डॉ. उमेश सिंह, निदेशक, प्रसार शिक्षा, के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में स्थानीय किसानों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान और बिहार वेटरनरी कॉलेज, पटना से डॉ. वाई.एस. जादौन, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, एवं डॉ. अंकेश कुमार ने शिविर के आयोजन एवं संचालन में प्रमुख भूमिका निभाई। शिविर के दौरान किसानों को पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, पोषण, एवं सतत कृषि पद्धतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं. लगभग 50 किसानों ने इस स्वास्थ्य शिविर में भाग लिया, जहाँ 70 से अधिक पशुओं का उपचार एवं उनके मालिकों को परामर्श दिया गया.किसानों को अपने पशुओं की देखभाल और प्रबंधन से संबंधित विशेषज्ञ सलाह भी दी गई, जिससे उनकी उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

रेलवे ओवरब्रिज निर्माण से पूर्व ग्रामीणों के बीच लोक सुनवाई कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। पटना गया रेलखंड के पोठही बसुहार के पास रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य कराया जाना है, लेकिन इससे पहले सभी ग्रामीणों के बीच पोठही मध्य विद्यालय में शुक्रवार को लोक जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां पर ग्रामीणों की उनकी समस्याएं उनके विचार जानने की कोशिश की गई। दरअसल परियोजना-डुमरी हॉल्ट पोठही रेलवे स्टेशनों के बीच टग्उ निर्माण हेतु मौजा बसुहार, थाना नं0-39, रकबा 1.87866 एकड़ एवं मौजा-पोठही, थाना नं0-42, रकबा 3.3040 एकड़, राजस्व थाना-मसौढ़ी, अंचल पुनपुन में भूमि का अर्जन किया जाना है। अर्जनाधीन भूमि के सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन का कार्य चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में संबंधित संस्थान के द्वारा ग्रामीणों के बिच सुनवाई हुई इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि पूर्वी दिशा से पुल से आने के उपरांत ऊपरी हिस्से में गोलंबर बनाया जाए, क्योंकि पुल से पश्चिम दिशा में आने के बाद उत्तर दिशा में उतरने के लिए भी पुल जरूरी है, जनसुनवाई के दौरान पोठही बसुहार सरैया, सिकंदरपुर, समेत अन्य गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान बिहार राज्य पुलिस निर्माण निगम के संबंधित पदाधिकारी, अंचल पुनपुन के हल्का कर्मचारी, चाणक्य प्रबंधन समिति के प्रोफ़ेसर आदि मौजूद रहे। हालांकि अनुमंडल प्रशासन की ओर से पदाधिकारी नहीं रहने से ग्रामीणों में रोष भी रहा।

दो परिवारो में हिंसक झड़प

मसौढ़ी। लहसुना थाना क्षेत्र के घोरहुआ गांव में दो सौतेले भाइयों के परिवारों के बीच जमकर किसी विवाद को लेकर हिंसक झड़प हुई है। जहां पर एक पक्ष जितेंद्र कुमार पिता सहदेव मिस्त्री ने आरोप लगाया है कि रात 9:00 बजे घर में हथियार के साथ घुसकर कुंदन शर्मा ने अपने तीन बेटों के साथ मिलकर हमारे भभू मंजू देवी और भतीजी को भी मारपीट की है। मारपीट कर लहुलुहान कर दिया है और इस दौरान जब हमारी पत्नी और बेटी बेहोश होकर गिर गई थी, तब कुंदन शर्मा की पत्नी उषा देवी हमारी बेटी के शादी के लिए रखे हुए तकरीबन डेढ़ लाख के आभूषण की पोटली लेकर भाग गए हैं। फिलहाल बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच अस्पताल रेफर किया गया है वहीं इस मामले में कुंदन शर्मा ने भी तकरीबन 10 लोगों पर घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से मारपीट का थाने में केस दर्ज किया है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। लहसूना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि दोनों का परिवारिक लड़ाई है हिंसक झड़प हुई है मारपीट हुई है दोनों मामले की जांच की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

कारा सुधार समिति ने किया जेल का निरीक्षण

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार विधान परिषद की कारा सुधार समिति ने स्थानीय मंडल कारा का बुधवार को निरीक्षण किया। समिति के संयोजक विधान पार्षद सौरभ कुमार के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने जेल मैनुअल के प्रावधानों के अनुसार बिजली, पानी, दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। विधान पार्षद सौरभ ने कैदियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने इस दौरान जेल के विभिन्न वार्डो, किचेन आदि भी निरीक्षण किया। समिति ने जेल के वार्डों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था का जायजा लिया इसके साथ ही जेल प्रशासन को जेल मैनुअल के अनुरूप बिजली, पानी और आवश्यक दवाओं की आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि बंदियों के मानवाधिकारों की रक्षा और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

विधान पार्षद ने किया नलकूप का उदघाटन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विधान पार्षद सौरभ कुमार ने जेल परिसर में अपने निजी फंड मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत कैदियों के लिए शुद्ध पेयजल की सुविधा हेतु अधिष्ठापित नलकूप का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पिछले बार के निरीक्षण में पेयजल की कमी पायी गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपने निधि से मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत स्थापित नलकूप का उद्घाटन किया, जिससे कैदियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

किराना दुकान में गांजा बेचते धंधेबाज धराया

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को गांजा से साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया की गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के पश्चिम पकुहवा गांव के किराना दुकान में एक व्यक्ति गांजा छुपाकर रखा है और उसे पुडीया बनाकर बेचने का काम करता है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचनार्थ पर छापेमारी की। छापामारी के दौरान दुकान से 2 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से दुकानदार रामराज चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उक्त धंधेबाज को जेल भेज दिया गया।

अगलगी में दो घर राख

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना के सेमरवारी गांव में गुरुवार को आग लगने से दो घर जलकर राख हो गया। आग की विकराल रूप देख कर गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही मैनाटांड पुलिस मौके पर पहुंची।इधर आग पर जबतक काबू पाया गया तबतक घर जलकर राख हो चुका था। घटना के बारे मे बताया जाता है कि चूल्हा पर खाना पकाने के दौरान उठी चिंगारी से आग लग गई। जिसमें परमा यादव और खोभारी महतो का घर जलकर राख हो गया।

अपहृत लड़की बरामद, एक गिरफ्तार

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर थाना के एक गांव से अपहृत लड़की की बरामद कर ली गई है।वही उसके अपहरण में शामिल युवक को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार युवक की पहचान मनवा परसी गांव निवासी बृजेश चौधरी के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि एक गांव से लड़की का अपहरण हुआ था।मामले में लड़की के पिता ने शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमे मनवा परसी गांव निवासी बृजेश चौधरी समेत अन्य को नामजद किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर लड़की को बरामद करते हुए युवक को भी गिरफ्तार किया गया। उंन्होने बताया कि गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है और लड़की को बयान के लिए न्यायालय भेजा गया है। न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अंतराष्ट्रीय श्रम दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर श्रम संसाधन विभाग सीवान के द्वारा अंतराष्ट्रीय श्रम दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई श्री राजकुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उनके द्वारा श्रमिको को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मैरवा अनुभव कुमार और श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बड़हरिया मुरारी सिंह के द्वारा श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का विस्तृत जानकारी श्रमिको को दी गई। मौके पर गौतम कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रघुनाथपुर, रघुबीर प्रसाद श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गोरियाकोठी, भोला श्रीवास्तव स्व. कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर तथा श्रम विभाग के सभी कर्मी उपस्थित रहे।



सारण्य महोत्सव सम्मान समारोह को लेकर बैठक आज

छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सारण्य महोत्सव के सम्मान समारोह एवं सदस्यता अभियान की तैयारियों को लेकर एक विशेष बैठक शनिवार, 3 मई यानी शनिवार की संध्या 6 बजे आयोजित की गई है। यह बैठक महोत्सव के सम्मानित पीआरओ राकेश मिश्रा के आवासीय परिसर, बैंक कॉलोनी (भगवान बाजार थाना के पीछे) में होगी। बैठक की अध्यक्षता सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चंद्र प्रकाश राज करेंगे। इस दौरान समारोह के सफल आयोजन, सदस्यता अभियान की रणनीति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक के उपरांत स्वरुचि भोज का भी आयोजन किया गया है। आयोजकों ने सभी सम्मानित प्रतिनिधियों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

मशरक में कोढ़ा गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक थाना पुलिस ने खुजली पाउडर फेंक छीनतई की घटना को अंजाम देने वाले कुख्यात कोढ़ा गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से अपाचे बाइक, मोबाइल फोन, खुजली पाउडर की पुड़िया, कार का शीशा तोड़ने वाला फाइटर और 2500 रुपये नकद बरामद हुए हैं। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि चितामनपुर गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह के साथ हुई चोरी की घटना की जांच के क्रम में सीसीटीवी फुटेज की मदद से दोनों आरोपियों की पहचान हुई। पकड़े गए आरोपी कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ में उन्होंने कई अन्य थानों में छीनतई की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की है।

हड़ताल खत्म कर वापस लौटे एलएसबीए के बीसी

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। एलएसबीए संविदा कर्मी संघ के प्रखंड समन्वयकों का हड़ताल खत्म हो गया है। सभी अपने अपने प्रखंड लौट गए है। शुक्रवार को प्रखंड समन्वयक राम विनय प्रसाद ने बताया कि 30 अप्रैल को संघ के पदाधिकारियों की वार्ता हुई। जिसके बाद से सभी प्रखंड समन्वयको ने हड़ताल समाप्त कर दिया। बीसी ने बताया कि वे शुक्रवार को जिला में योगदान करने के बाद शनिवार से प्रखंड में पुनः कार्य आरंभ करेंगे।

भगवान परशुराम के जीवन से माता पिता का सम्मान, न्याय सर्वोपरि एवं विवेकपूर्ण कार्य करने की प्रेरणा मिलती है : मंगल पाण्डेय

महाराजगंज/ सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय स्थित मनोज मैरेज हॉल में भगवान परशुराम की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार सरकार के स्वास्थ मंत्री मंगल पाण्डेय एव अन्य अतिथियों ने भगवन परसुराम के तैलीय चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर एवं सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने भी भगवन परशुराम के तैलीय चित्र पर पुष्प



अर्पित कर उन्हें नमन किया. कार्यक्रम कि अध्यक्षत अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता पी पी रंजन ने किया. इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए स्वास्थ मंत्री मंगल पाण्डेय कि भगवान परशुराम धर्म और न्याय के रक्षक है. जिनके एक हाथ में शस्त्र एवं एक हाथ शास्त्र था. वह अपने समाज में जहां जैसा वहां वैसे करते थे हम सभी को भी अपने समाज के न्याय और धर्म के लड़ाई के लिए हमेशा अग्रसर रहना चाहिए. भले ही ब्राह्मण कुल में जन्मे, लेकिन उनके कर्म क्षत्रियों के समान थे। भगवान परशुराम के जीवन से हमें माता-पिता का सम्मान, दान की भावना, न्याय सर्वोपरि एवं विवेकपूर्ण कार्य करने कि प्रेरणा मिलती है। वहीं सतीश चंद्र दुबे जी अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि भगवन परशुराम ब्राम्हण समाज के मार्गदर्शक है और सभी को ब्राम्हण होने पर गर्व होना चाहिए. उन्होंने यही भी कहा कि ब्राम्हण समाज के लिए जो करना होगा उसके लिए हम सदैव तैयार है जिसे मेरे धर्म पर किसी तरह का कोई संकट न आए. वही मृत्युंज तिवारी ने कहा कि हमें ब्राम्हण होने पर गर्व है एवं हम सभी ब्राह्मण समाज के अगुआ होते है. मौके पर उपस्थिति मुख्य अतिथि माननीय राज्य स्वास्थ मंत्री एवं विधि मंत्री श्री मंगल पांडेय जी और राज्य सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कोयला एवं खनन मंत्री श्री श्री सतीशचंद्र दुबे जी, राजद प्रवक्ता श्री मृत्युंजय तिवारी जी , भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान विश्वसूत्रीय उपाध्यक्ष श्री संजय पांडेय जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राहुल तिवारी जी,वी आई पी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नितेश द्विवेदी, रुट केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉक्टर मंजेश पाण्डेय जी, गोपालगंज परिषद् अध्यक्ष मुकेश पांडेय जी, सिवान आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रभारी श्री प्रजापति त्रिपाठी जी, भाजपा नेता सत्यम दुबे ,, प्रवीन मिश्रा, अनिल मिश्र, पारसनाथ द्विवेदी, अरुण तिवारी, उमाशंकर पाण्डेय, विनय गिरी,विनोद तिवारी, विजय तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थिति रहे.मंच का संचालन दिवाकर उपाध्याय किया.

स्वास्थ्य मंत्री के गांव स्थित बलिया एपीएचसी में पहली बार हुआ महिला का सफल प्रसव

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के पैतृक गांव बलिया स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार की एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई, जब पहली बार किसी महिला का सफल प्रसव हुआ. इससे न केवल स्वास्थ्य केंद्र की कार्यक्षमता पर मुहर लगी है, बल्कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विश्वास भी बढ़ा है.जानकारी के अनुसार बलिया हैं कि गुड्डु प्रसाद की पत्नी रम्या कुमारी को बुधवार की सुबह प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद उन्हें बलिया एपीएचसी लाया गया. वहां डॉक्टरों और स्टाफ की तत्परता से सुरक्षित प्रसव संपन्न हुआ. जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं.स्थानीय लोगों ने इस उपलब्धि का स्वागत करते हुए कहा कि यह केंद्र पहले केवल मामूली बीमारियों के इलाज के लिए जाना जाता था, लेकिन



अब यहां प्रसव जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं भी शुरू हो गई हैं। इससे आसपास के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी.स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ अमित चंद मिश्रा ने बताया कि यह पहला प्रसव है और आगे भी हम महिलाओं को यहीं सुरक्षित प्रसव की सुविधा देने का प्रयास करते रहेंगे. 15 अप्रैल को स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री बिहार सरकार मंगल पांडे ने महाराजगंज अनुमंडल के एपीएचसी बलिया का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया था.उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि पंद्रह दिनों के अन्दर एपीएचसी बलिया में गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराना शुरू करें.

पैसे के लेन देन को लेकर मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के सरेया में पैसे के लेन देन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें कुछ लोगों को घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है. मिली जानकारी के अनुसार सरेया निवासी गोपाल यादव की पत्नी शीला देवी ने थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि 3 वर्ष पूर्व गाँव का ही शैलेंद्र यादव हरिहांस में मोबाइल और साइबर का दुकान खोला था और सहयोगी के रूप में मेरे पुत्र राहुल को 10 हजार रुपये प्रति माह पर रख लिया. वह 6 हजार देकर कहा कि राहुल के कारण ही मेरे दुकान में घाटा लग गया. इसी बीच गाँव से कुशीनगर बरात में मेरा पुत्र राहुल गया था उसी बरात में शैलेंद्र यादव भी गया था. शैलेंद्र राहुल से 12 हजार रुपये मांगने लगा. इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुई. शैलेंद्र राहुल को मारपीट कर उसके गले से सिकड़ी और नकद छीन लिया. घर वापसी पर जब शैलेंद्र के घर राहुल के परिजन पुछताछ के लिए गए तो उनके साथ भी मारपीट किया गया.

महाराजगंज विधानसभा में नहीं रहेगी कच्ची सड़क : विधायक

भगवानपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास व उद्घाटन

महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्थानीय विधानसभा अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड के विभिन्न गांव में महाराजगंज के विधायक विजय शंकर दुबे ने का शिलान्यास किया. जिसमे बिठूंना गांव मेरफी मियां के घर से सत्रुधन मिश्रके घर तक 14 लाख,98 हजार 8 सौ रुपए की लागत से 7 सौ फिट पीसीसी सड़क निर्माण, मोरा पंचायत के सडीहा गांव मेंप्रदीप महतो के बथान से से होते हुए तिन मुहानी तक 14 लाख की लागत से का पीसीसी निमार्ण कार्य एवं भगवान राम के भट्ठा के पास 1495000 रुपए की लागत से निर्मित समुदायीक भवन मिर्जुमला के जुआफर में मुख्य सड़क से घनेश प्रसाद घर तक 14 लाख 95 हजार लगत से निर्मित पीसीसी सड़क



का शामिल है. मौके पर उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए विधायक विजय शंकर दुबे ने कहा मैं जहां जाता हूं जनता महाराजगंज जिला बनाने की मांग करती है, मैं महाराजगंज अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय खुलवाया बस जनता की एक की चिरपरिचित मांग जिला बनाना है, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, बिजली, पेंशन आदि के साथ जिला बनाने की मांग प्राथमिकता में है . इसे अवश्य पूरा करूंगा. महाराजगंज के लिए एक बड़ी समस्या युवाओं के रोजगार की है मैं सरकार से रोजगार सृजन की मांग पुरजोर तरीके से। उठाऊंगा. मौके पर कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष राजाराम सिंह, कांग्रेसी नेता जग्गा सिंह, अजय कुमार पटेल, देव कुमार, विजय द्विवेदी, आदि लोग भी मंच को संबोधित किया अलावा हजारों लोग सभा में शामिल थे.

जातीय जनगणना की घोषणा, केंद्र सरकार का ऐतिहासिक फैसला

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। देश में जातीय जनगणना कराये जाने के फैसले पर एनडीए की ओर से गुरूवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल, सुबे की पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, जदयू प्रवक्ता हीमराज राम, रालोसपा प्रवक्ता रामपुकार सिंहा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार की इस कदम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए बड़ा कदम उठाया है। यह सामाजिक न्याय को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।जबकि जातीय जनगणना की झुठी क्रेडिट लेने की होड़ महागठबंधन के नेताओं में लगी है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद डा. संजय जायसवाल ने कहा कि इससे देश के विकास में वृद्धि एवं सभी को हिस्सेदारी मिलेगी। यह प्रधानमंत्री के हरवर्ग के लिए प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह कदम सामाजिक न्याय को सशक्त करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इसका क्रेडिट लेने का होड़ लालू प्रसाद के पुत्र तेजस्वी यादव आगे आ रहे है। जबकि लालू प्रसाद ने अपने परिवार को आरक्षण देने के सिवा किसी को कुछ नही दिया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री व सुबे की पशु एवं मत्स्य संसाधन



मंत्री रेणु देवी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार सामाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने के लिए कृतसंकल्पित है। यह निर्णय ऐतिहासिक है। जिसका लाभ प्रायः सभी वर्गो को मिलेगा। जदयू प्रवक्ता हिमराज राम ने कहा कि सर्वप्रथम जातीय गणना नीतीश कुमार ने करवाया। आज पुरे देश में इसकी सैद्धान्तिक सहमति केंद्र सरकार ने प्रदान कर दी है। इससे गरीबो वंचितों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार का सबका साथ सबका विकास का मूलमंत्र को लेकर यह काम किया गया है। जातीय जनगणना होने से समाज के सभी वर्गो को लाभ मिलेगा। रालोसपा के प्रवक्ता रामपुकार सिंहा ने कहा कि केंद्र की घोषणा के बाद विपक्ष के लोग क्रेडिट लेने के होड़ में है। लेकिन आजादी के बाद कभी भी किसी भी सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला नही लिया। यह कदम ऐतिहासिक है। मौके पर भाजपा नेता व चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपक कुमार श्रीवास्तव, जदयू जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा,जदयू के वरीय नेता डा. एन एन शाही, रालोसपा के जिलाध्यक्ष शैलेश कुशवाहा,हम के रुपेश मिश्र, रालोजपा के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा समेत अन्य भाजपा व जदयू के नेता मौजूद रहे।

जनता दरबार में 69 मामलों की हुई सुनवाई

सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, सिवान समाहरणालय सिवान के सभागार में आयोजित जनता के दरबार में जिला के विभिन्न प्रखंडों से आये कुल-69 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गयी। अलग-अलग विभागों से संबंधित परिवाद पत्रों पर सुनवाई की गई। यथा- आपूर्ति शाखा से संबंधित, शस्त्र शाखा से संबन्धित, अंचल अधिकारी सिवान सदर के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी हुसैनगंज कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी पचरुखी के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी दरौंदा के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी दरौली के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी बड़हरिया के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी गोरियाकोठी के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी भगवानपुरहाट के कार्यालय से संबंधित,



अंचल अधिकारी महाराजगंज के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी आंदर के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी हसनपुरा, सिविल सर्जन के कार्यालय से सबंधित, अनुमंडल पदाधिकारी सदर/ महाराजगंज के कार्यालय से संबंधित, जिला पंचायती राज शाखा के कार्यालय से संबंधित, अभिलेखागार से संबंधित से संबंधित, पुलिस अधीक्षक कार्यालय से संबंधित आवेदन पत्र / समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी सिवान द्वारा उक्त समस्याओं का स-समय नियमानुसार निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार तत्काल दिशा-निर्देश दिया गया।

वक्फ संशोधन बिल का विरोध होता रहेगा

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पटना के फुलवारी शरीफ स्थित इमारत ए सरिया के अमीरे शरीयत सैयद शाह अहमद वली फैसल रहमानी ने वक्फ संसोधन बिल को काला कानून करार दिया है। शहर के बड़ा रमना मैदान में वक्फ बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड के आहवान पर आयोजित विरोध प्रर्दशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वक्फ और समाजवाद दोनो बराबरी का दर्जा देते है। वक्फ ने समाज मे समानता की तालीम देने का काम वक्फ ने किया है। छुआ छूत से उपर उठकर हर तबके के लोगो को गले लगाया है। अल्लाह के रास्ते मे मुस्लिम लोग अपनी जायदाद को वक्फ करते है। इसपर बनी स्कूल,कॉलेज,यूनिर्वसिटी मे 85 फीसदी से ज्यादा गैर मुस्लिम के बच्चे तालीम हासिल करते है। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार वक्फ संशोधन बिल 2024 के तहत मुसलमानो के द्वारा वक्फ की गई जमीन को हड़पना चाहती है। हमारे दीन,शरियत कानून पर सीधे सीधे हमला कर रही



है।जिसको किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही किया जाऐगा इस बिल का विरोध इमारत-ए-सरिया के आह्वान पर बिहार, उड़ीसा, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल के साथ साथ पूरे देश मे किया जा रहा है। पूरे देश मे लगभग 9 लाख एकड़ रजिस्टर्ड जमीन है,जबकि इसके अलावे लाखो एकड़ जमीन और भी है।इन सभी जमीनो को कारपोरेट घरानो को देना चाहती है। इस प्रदर्शन मे शहर के तमाम मस्जिदों से जुमा नमाज के बाद नमाजी रमना मे पहुँचे।बसों,ट्रेक्टर के साथ साथ गाड़ियों मे मुस्लिम पहुंच प्रदर्शन मे शरिक हुए।लगभग दस हजार से ज्यादा लोग इस प्रदर्शन मे पहुँचे थे।इस प्रदर्शन के समर्थन मे भाकपा माले, राजद व कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए थे।सिकटा विधायक बीरेंद्र गुप्ता,एमलसी अफाक अहमद ने भी सम्बोधित किया।

हथियार एवं चरस के साथ अंतराज्यीय अपराधी गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे पांच बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पुलिस ने अवैध हथियार, मादक पदार्थ एवं कारतूस भी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए बेतिया एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुयी कि बैरिया थाना क्षेत्र के तिलंगही में अंतराज्यीय अपराधियों का गिरोह एकत्र होकर किसी बड़े घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। सूचना के सत्यापन के लिए सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर तिलंगही भेजा गया। पुलिस ने संभावित ठिकाने पर घेराबंदी करते हुए छापामारी की। जहां से पांच युवकों को धर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो देशी पिस्तौल, दो देशी कट्टा, 12 जिंदा कारतूस, एवं 1.362ग्राम चरस बरामद किया गया। पुलिस ने पांचो को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उनके द्वारा प्रयुक्त की जा रही बाइक को भी जब्त किया गया। जो चोरी का पाया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में से एक उतरप्रदेश के महाराजगंज जिले के भेदीभर सिसवा बाजार निवासी शैमुदीन उर्फ शंकर सिंह उर्फ राहुल , देवरिया



जिला के भलुआनी भैया फुलवरिया का पंकज सिह है। जबकि अन्य सदस्यों में श्रीनगर थाना के पुजहा पटजिरवा निवासी अशोक तिवारी, बगहा के पटखौली थाना का पटखौली निवासी रंजन सिंह एवं मुफस्सिल थाना के विशंभरपुर निवासी मो. अली उर्फ मो. महताब है। एसपी ने बताया कि छापामार दल में एसडीपीओ के अलावे बैश्रया थानाध्यक्ष अंजेश कुमार, नौतन थानाध्यक्ष राजेश कुमार, तकनीकी सेल के ज्वाला सिंह, बैरिया के पुअनि लौखान शर्मा, मिथिलेश कुमार, सर्वेश कुमार एवं बैरिया थाना के सशस्त्र पुलिस बल के जवान व जिला तकनीकी सेल के जवान शामिल थे। गिरफ्तार सभी बदमाशों का पुरा आपराधिक इतिहास भी है।

जातीय जनगणना से पिछड़ों, दलितों व आदिवासियों को मिलेगा न्याय: एनडीए

छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों की एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता शुक्रवार को छपरा परिसदन में संपन्न हुई। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में विभिन्न दलों के नेताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय जातीय जनगणना का स्वागत किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद एवं जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि देश में पहली बार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने इसे देश के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक हालात को जानने के लिए अभूतपूर्व कदम बताया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता असीतनाथ तिवारी



ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से जातीय जनगणना का विरोध किया है। आज तक संसद में भी कांग्रेस जातीय जनगणना के विरुद्ध खड़ी रही है। लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गरीब, पिछड़े, अति पिछड़े, दलित, महादलित व आदिवासी समाज के हित में यह कदम उठाया है। असीतनाथ तिवारी ने कहा कि इस जनगणना से देश की सभी जातियों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का सटीक आंकड़ा सरकार के पास उपलब्ध होगा, जिससे देश के समावेशी विकास की गति और तेज होगी। इस मौके पर जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, भाजपा पश्चिमी जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, लोजपा जिला अध्यक्ष दीपक कुमार, हम पार्टी जिला अध्यक्ष उज्ज्वल श्रीवास्तव, आरएलएम जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, जदयू पूर्व जिला अध्यक्ष मुरारी सिंह, भाजपा महामंत्री विवेक कुमार सिंह, धर्मेंद्र साह, जदयू महासचिव इंजीनियर प्रभाष शंकर, शुभम वर्मा सहित कई अन्य नेता उपस्थित रहे।

मशरक में धूमधाम से मनी भगवान परशुराम जयंती

मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के चंदेश्वर मोड़ स्थित ऋषभ रेस्टोरेंट के सभागार में शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती समारोह का आयोजन श्रद्धा व भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. राजीव पाठक ने की। जबकि मंच संचालन चुनमुन बाबा व पं. प्रिंस मौनस ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में आचार्य हरेराम शास्त्री एवं पं. धीरज तिवारी ने भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, गोरेयाकोठी विधायक देवेशकांत सिंह, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी, वरिष्ठ राजद नेता सुधांशु रंजन, भाजपा नेता अजीत सिंह, जीरादेई की प्रखंड प्रमुख विनोद तिवारी सहित अनेक सामाजिक व राजनीतिक हस्तियां मौजूद थीं।

महिलाओं को सशक्त बनाकर आत्महत्या व प्रेम प्रसंगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव : डॉ कुमार आशीष

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व जातीय सौहार्द कायम रखने को लेकर सारण पुलिस की दोहरी पहल

छपरा/मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महिलाओं को कानूनी जागरूकता से सशक्त बनाकर आत्महत्या और प्रेम प्रसंग जैसे मामलों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उक्त बातें सारण के एसएसपी डॉ. कुमार आशीष ने गुरुवार को बिहार के सारण जिले के मांझी प्रखंड के मटियार स्थित शिव कैलाश उच्च विद्यालय के प्रांगण में आयोजित 'आवाज दो' कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि सारण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से महिलाएं अपने कानूनी अधिकारों को समझकर सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में योगदान दे सकती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। समारोह में मुख्य अतिथियों का स्वागत मुखिया सुनैना देवी और पूर्व मुखिया सुशीला देवी ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र प्रदान कर किया। मंच से एएसपी संकेत कुमार, टाउन डीएसपी राजकुमार, महिला डीएसपी दीप्ति शर्मा, इंस्पेक्टर बीरेन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष अमित कुमार, मुखिया पति सुमन प्रसाद ने भी अपने विचार साझा किए।





मंच संचालन पीएसआई आरती कुमारी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल रहीं। उधर जातीय विद्वेष से चर्चित मुबारकपुर गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में भी एसएसपी ने भाग लिया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से हाथ उठवाकर साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की शपथ दिलाई। एसएसपी ने गांव में जातीय तनाव खत्म करने के लिए खेलकूद जैसे क्रिकेट व बॉलीबॉल आयोजन की सलाह दी। इस मौके पर उपस्थित पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने गांव की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए तनाव फैलाने के लिए कुछ स्थानीय और बाहरी नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। समारोह में पूर्व मुखिया मोहन सिंह, राधेश्याम सिंह सहित अन्य ने पुलिस अधिकारियों को प

औरंगाबाद में 217 रिक्त पदों पर होगा गृहरक्षकों का चयन

निष्पक्ष व पारदर्शी शारीरिक सक्षमता जांच के लिए डीएम-एसपी ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। समाहरणालय के सभाकक्ष में गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन तैयारी से संबंधित सभी पदाधिकारियों एवं दण्डाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रिफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में शारीरिक सक्षमता जांच को संवेदनशील तरीके से अत्यंत ही पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा रत्ना प्रियदर्शनी के द्वारा के द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु कुल 217 रिक्त पदों के विरुद्ध आवेदन प्राप्त हुए है, जिसकी शारीरिक दक्षता एवं सक्षमता जांच परीक्षा 05 मई 2025 से 03 जून 2025 तक सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज का खेल मैदान, अनुग्रह नगर, औरंगाबाद में संचालित की जाएगी, जिसका प्रवेश पत्र 28 अप्रैल 2025 से गृह रक्षा वाहिनी की वेबसाईट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपना-अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि पर अपना सरकार द्वारा मान्य फोटो युक्त पहचान-पत्र (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस इत्यादि) के साथ उपस्थित होंगे। सभी अभ्यर्थियों की आधार आधारित बायोमैट्रिक जांच की जायेगी। तदोपरान्त अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जायेगी। अन्य किसी प्रकार के कागजात के आधार पर प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छ नामांकन हेतु विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकार के कार्यों का संपादन हेतु विभिन्न कोषांग गठन कर नोडल पदाधिकारी तथा आवश्यक संख्या में सदस्यों को नामित किया गया है। जो उच्च स्तरीय समिति विभिन्न कार्यों हेतु गठित समितियां के निर्धारित कार्यों को अपने देख-रेख में करवाना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि शारीरिक सक्षमता जांच 05 मई से प्रारंभ होगी जो 03 जून तक चलेगी।

सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। थानाक्षेत्र के एनएच 120 पर कोइलवां मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक किशोर की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज गया अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक की पहचान तिलकपुरा गांव निवासी कृष्णा राजवंशी के 16 वर्षीय पुत्र अमित कुमार के रूप में की गई। वहीं घायल उसी गांव के स्व. बलि राजवंशी के 14 वर्षीय पुत्र वेंकेटेश राजवंशी उर्स मंगरु के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बुधवार 30 अप्रैल की रात लगभग एगारह बजे मौसेरी बहन के शादी में धुसरी गांव गया था। धुसरी से साईकिल से दोनों अपने गांव तिलकपुरा लौट रहा था कि जैसे ही दोनों कोइलवां मोड़ के समीप पहुंचे की अज्ञात वाहन ने धक्का मारते हुए भाग गया। जिसमें एक की मौत घटनास्थल पर हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया भेज दिया गया।

रक्तदान शिविर में एनटीपीसी कर्मियों ने किया रक्तदान

- मौके पर 61 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह
- पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नबीनगर (औरंगाबाद)। एनटीपीसी नबीनगर द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एनटीपीसी के कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं सीआईएसएफ के जवानों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस शिविर का आयोजन एनटीपीसी के आवाहन (एएचडब्लूएएचएएन) नीति के अंतर्गत कराया गया था जिसमें कुल 61 यूनिट रक्त का दान किया गया। इस एक दिवसीय रक्तदान शिविर का उद्घघाटन, एनटीपीसी नबीनगर के महाप्रबंधक के. डी. यादव ने किया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी नबीनगर में स्थित एनटीपीएस अस्पताल में आयोजित किया गया था जहां अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी जूरी दत्ता एवं अन्य चिकित्सको की देख रेख में लोगो ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। इस कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी नबीनगर ने सदर अस्पताल, सासाराम के ब्लड बैंक के सहयोग से किया था। शिविर में एनटीपीसी एवं सीआईएसएफ के अनेकों अधिकारियो ने जन कल्याण के लिए रक्तदान कर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। सभी प्रतिभागियों को उनके इस सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। इस मानवीय पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था।

सेवाकाल में अपना बेहतर देने की मैंने की कोशिश : मो. अरशद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। सेवानिवृति एक परंपरा है, जिसका निर्वहन सभी करते है। नौकरी की शुरुआत से ही सेवानिवृत्ति की तिथि निश्चित हो जाती है। उक्त बातें ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल औरंगाबाद के अधीक्षण अभियंता ई मो अरशद ने कही। उन्होंने कहा की नौकरी काल में सभी कर्मचारी के साथ समन्वय स्थापित कर काम किया। इस दौरान सभी कर्मियों का साथ मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्य प्रमंडल दाउदनगर के कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार तथा संचालन ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल औरंगाबाद के ई सूरज कुमार पांडेय व विशाल कुमार ने की। कार्य प्रमंडल औरंगाबाद के कार्यपालक अभियंता ई अरुण कुमार प्रभारकर ने अभिनंदन पत्र से स्वागत किया। मौके पर कार्य प्रमंडल अरवल के कार्यपालक अभियंता ई अशोक कुमार, जहानाबाद के कार्यपालक अभियंता ई राजेश कुमार, टेकारी के कार्यपालक अभियंता ई भूपेश कुमार, रजौली के कार्यपालक अभियंता ई अरविंद कुमार, जांच एव गुणवत्ता प्रमंडल, गया के कार्यपालक अभियंता ई अशोक कुमार, सहायक अभियंता ई अनुपम प्रज्ञा, राहुल कुमार, नीरज सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, अमरदीप कुमार सुमन, रोहित कुमार, दशरथ कुमार, संजय कुमार, मृत्युंजय कुमार, कनीय अभियंता चंद्रकांत कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल औरंगाबाद की सुरभि चटर्जी, मनोरमा कुमारी, उमा देवी, आरती कुमारी, कार्य अंचल गया के रीना कुमारी के अलावा संवेदक कौशल सिंह, भीम सिंह, राजू कुमार सिंह, बलदेव सिंह, सुनील कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में जीजा-साला घायल

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। कुटुंबा थाना क्षेत्र के बिचला मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार जीजा-साला घायल हो गए। घायलों में माली थाना क्षेत्र के परसा टोले बैगन बिगहा गांव निवासी बादशाह विश्वकर्मा के पुत्र मंतोष कुमार व देव थाना क्षेत्र के बेढ़नी गांव निवासी रितेश शामिल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मंतोष को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

जातिगत जनगणना से वंचित वर्गों का होगा कल्याण : एनडीए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। एनडीए नेताओं शुक्रवार को संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का आयोजन कर जातिगत जनगणना पर अपनी राय रखी। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जदयू प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया पटेल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा एवं जदयू प्रदेश नेत्री पूनम शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जातिगत जनगणना करवाने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। मौके पर जदयू प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के समग्र हित में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जातिगत जनगणना कराने का निर्णय अभूतपूर्व एवं स्वागत योग्य है। वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को सही पहचान और सरकारी योजनाओं में उनकी उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक पहल है। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने खुद से जातीय सर्वे कराया जिसके कारण देश भर में जाति जनगणना की जमीन तैयार हुई। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा ने कहा कि केंद्र के इस फैसले से वंचित वर्गों का कल्याण एवं उत्थान हो सकेगा, साथ ही उन्हें मुख्य धारा से भी जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने सामाजिक न्याय के नाम पर सिर्फ उन्माद फैलाया था। एनडीए सबका साथ-सबका विकास करती है। इस जाति गणना से शोषितों और वंचितों के लिए नीति बनाना आसान होगा। जदयू नेत्री पूनम शर्मा ने कहा कि केंद्र के इस फैसले से वंचित वर्गों का कल्याण एवं उत्थान हो सकेगा, साथ ही उन्हें मुख्य धारा से भी जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बिहार का सत्तारूढ़ जदयू केंद्र सरकार से हमेशा जातिगत जनगणना कराने की मांग करता रहा है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, भाजपा जिला प्रवक्ता जीतेंद्र गुप्ता, दीपक कुमार सिंह, जदयू प्रवक्ता अजिताभ सिंह उर्फ रिंकू, जदयू जिला उपाध्यक्ष ओंकारनाथ सिंह, सूरज राय, अशोक मेहता, अशोक सिंह, राकेश सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

हार्डकोर नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पुलिस की दबिश पर हार्डकोर नक्सली बसंत पासवान ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। वह मदनपुर थाना क्षेत्र के जुड़ाही गांव का रहने वाला है। वह कई कांडों में वांछित था। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन वह फरार चल रहा था। जबकि पुलिस द्वारा उसके संबधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस दबिश पर उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया हैं। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पकड़ा गया नक्सली बसंत पासवान भाकपा माओवादी का हार्डकोर नक्सली था। वह 2000 से वर्ष 2014 तक मदनपुर इलाके में काफी सक्रिय था। पार्टी के लिए भट्ठा संचालक को तथा ठेकेदारों से लेवी वसूलना, दहशत फैलाना तथा नए लोगों को पार्टी से जोड़ने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। नक्सली बसंत पासवान के विरुद्ध मदनपुर थाना में पांच आपराधिक मामले दर्ज है। इसके अलावा अन्य थाना में उसके विरुद्ध दर्ज मामले तथा अपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. टीएन सिन्हा की पत्नी का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। जिले के जाने-माने शिक्षाविद प्रो. टी एन सिन्हा की धर्मपत्नी सेवानिवृत्त शिक्षिका अनिता सिन्हा का पटना के इन्दिरा गांधी आयुर्वेदिक संस्थान में इलाज के क्रम में निधन हो गया। वे 77 वर्ष की थी, विगत 15 माह से इलाजरत थी। वे बड़ी ही धार्मिक एवं मृदुल स्वभाव की महिला थी। उनका अंतिम संस्कार औरंगाबाद शहर के अदरी नदी के घाट पर गुरुवार को सम्पन्न हुई, उनके बड़े सुपुत्र आलोक कुमार सिन्हा उर्फ पिन्टु जी ने मुखाग्नि दी। अंतेष्टी के समय काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। वे चार बेटे एवं तीन बेटियों के अलावे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गई। उनके निधन का समाचार सुनकर शहर के कई सामाजिक संगठन एवं शिक्षण संस्थान के लोगों ने शोक सभा कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस बीच ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कमल किशोर ने कहा कि अनिता सिन्हा के निधन से समाज में अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर गहरी संवेदना व्यक्त करने वालों में महेन्द्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, श्रीराम अम्बष्ट, अजय कुमार श्रीवास्तव, नबीनगर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा, अजय कुमार संतोष, अजय कुमार वर्मा, गणेश प्रसाद सिन्हा, सुनिल कुमार सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार, सूर्यकांत, अभय सिन्हा के अलावे ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस औरंगाबाद के जिला मीडिया प्रभारी दीपक बलजोरी थे।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। कार की टक्कर से जख्मी बाइक सवार एक 33 वर्षीय युवक का शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना एनएच 19 पर बारुन थाना क्षेत्र के सीरीस के समीप पुनपुन नदी पुल की हैं। मृतक की पहचान बारुन थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी टूना सिंह के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। शुक्रवार की दोपहर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि दीपक 29 अप्रैल यानी मंगलवार को बाइक से औरंगाबाद शहर के एक मैरिज हॉल में अपने दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने गया था। शादी समारोह से रात में वापस अपने घर लौटने के दौरान उस जगह एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद परिजनों से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया था। जानकारी मिली कि बनारस के ड्रामा सेंटर में उसका इलाज किया जा रहा था, लेकिन चिकित्सकों ने वहां से भी रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर पटना के एक अस्पताल जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। दीपक की मौत के बाद परिजन शव लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, इसके बाद घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी मिली कि मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसके दो पुत्र व एक पुत्री है। घटना के बाद से पत्नी शिंपी देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है। बारुन थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है, फिलहाल दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर थाना लाया गया है।

संजय बने आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रफीगंज (औरंगाबाद)। आम आदमी पार्टी कार्यालय में जिला कार्यकारिणी का गठन प्रदेश सचिव सह जिला पर्यवेक्षक कृष्ण यादव के नेतृत्व में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से संजय कुमार सिंह (सैनिक) को जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव मनोज कुमार यादव, महासचिव लाल बाबू सिंह, जिला संयुक्त सचिव एवं जिला मीडिया प्रभारी सुनील कुमर दीप, संगठन मंत्री रमेश कुमार सिंह, कार्यालय पर्यवेक्षक मुन्ना कुमार यादव, एससी एसटी अध्यक्ष दीनदयाल पासवान, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निर्मला देवी, ओबीसी अध्यक्ष रमेश गुप्ता को चुना गया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला कार्यकारिणी का चुनाव प्रदेश सचिव सह जिला पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार यादव के देख-देख में जिला कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश, अंगद कुमार, रंजन कुमार, मनोज कुमार, पप्पू यादव, सरजू यादव, गीता देवी, दीनदयाल यादव, रमेश कुमार, अमरेश कुमार, बसंती देवी, सुमन कुमारी सहित बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी से जुड़े कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रखंड के लोहरा पंचायत के ओड़ियाचक गांव में समाजसेवा समिति मगध बिहार के बैनर तले मजदूर दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन डॉ तुलसी यादव ने किया। उपस्थित किसानों ने शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर झंडोतोलन किया। इस दौरान सिद्धि यादव, लड्डू खान, भोलानाथ वर्मा, वीरेंद्र यादव, उमेश सिंह मेहता सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान मगध क्षेत्र के विभिन्न जगहों से भी किसान उपस्थित हुए।

बिहार विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर : वीरेन्द्र सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। सड़क, बिजली, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने एवं बिहार के विकास और आम जनता की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के विकास के वाहक हैं। उनके कुशल नेतृत्व में बिहार देश का अग्रणी विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से बिहार का भरपूर विकास किया। उनके अथक मेहनत से पिछले 20 वर्षों में बिहार का कुल बजट 13 गुना बढ़ा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की खासियतों, विरासतों को संजीदगी के साथ पूरी मजबूती से विश्व पटल पर उजागर किया। उन्होंने कृषि रोड मैप लागू किया जिससे राज्य में फसलों की पैदावार में भारी वृद्धि हुई है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बारून में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने गोवर्धनपुर, बिलासपुर, बरन बीघा, बरुआ पुल, मस्तूल बारुन, बारूनगंज, छक्कन बीघा, नरचाही बनकट (रिउर), चंदर बीघा, नागेश्वरपुर, मोहनगंज, बारून बाजार, चौधरी मोहल्ला सामुदायिक भवन, औघड़ बाबा एवं कुम्हार टोली गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगह-जगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद को माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष केदार यादव, जिला उपाध्यक्ष विभूति नारायण पांडे, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

लाभुकों में बंटा सांकेतिक चेक, विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर श्रम संसाधन विभाग औरंगाबाद द्वारा राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रभान बिगहा, करहारा मोड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रम अधीक्षक, प्राचार्य आईटीआई एवं उपस्थित श्रमिकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आए निर्माण श्रमिकों का तत्काल बिहार भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन कराया गया तथा निबंध कार्ड का वितरण किया गया। श्रमिकों के निबंध पश्चात बोर्ड द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं जैसे मातृत्व लाभ, नगद पुरस्कार, विवाह सहायता, पेंशन योजना, मृत्यु लाभ आदि योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की मृत्यु के पश्चात उनके आश्रितों को बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना 2011 अंतर्गत स्वीकृति आदेश की प्रति प्रदान की गई तथा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक का वितरण किया गया। अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर श्रम को सम्मान देने की कड़ी में शाश्वत राज एग्रो प्राइवेट लिमिटेड ग्रोथ सेंटर एवं शाश्वत रेस्टोरेंट के निदेशक कुंदन कुमार के प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रमिक संघ का प्रतिनिधित्व कर रहे जिला परिषद सह जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ हरिराम एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष भवन एवं पथ निर्माण विजय कुमार सिंह द्वारा श्रमिकों को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस की पृष्ठभूमि एवं उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक औरंगाबाद, प्राचार्य राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सभी प्रखंडों के श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि शाश्वत ग्रुप के निदेशक कुंदन कुमार आदि शामिल हुए।

देशी महुआ शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। जिले के रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के रतनखाप रेलवे बॉन्ड्री के पास से प्लास्टिक के बोरा में लावारिश अवस्था में रखा हुआ 10-10 लीटर के पांच पाउच एवं 1 लीटर के एक उजले बोतल में भरा हुआ कुल 51 ली महुआ शराब बरामद किया गया। एएलटीएफ प्रभारी मुक्ति देव निराला के बयान पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। बता दें कि पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर औरंगाबाद पुलिस शराब तस्करों के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है, जिसमें पुलिस को काफी सफलता भी मिल रही है।

छात्रों के बीच निःशुल्क पुस्तक वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय रफीगंज के प्रांगण में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए विभाग द्वारा निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। उपस्थित सभी छात्रों को उनके अभिभावकों के सामने पुस्तक दी गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद मस्कुर आलम ने बताया कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश का पालन करते हुए यह समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सहयोगी के रूप में रामाशीष प्रसाद, श्याम कुमार, अब्दुल बासित, उपेंद्र कुमार वर्मा, फिरोज आलम, विकास कुमार, सोमेश्वर पाठक एवं बाल संसद के सदस्य ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।